* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
19 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 179
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

भारत में एपल का पहला स्टोर खुला : मुंबई में सीईओ टिम कुक ने दरवाजा खोल कर किया शुभारंभ











## 61 सरगनाओं की सूची तैयार, मुख्तार अंसारी और ब्रजेश सिंह शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी का 'मिशन माफिया मुक्त यूपी' शुरू हो चुका है। प्रदेश में माफिया अतीक असमद का खात्मा हो चुका है। अतीक-अशरफ की मौत के बाद अब योगी सरकार माफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने जा रही है। पुलिस ने 61 सरगनाओं की लिस्ट तैयार की है। इनके खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई शुरू होने जा रही है। इतना ही नहीं, इन माफियाओं की पांच सौ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने की प्लानिंग भी हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक इस लिस्ट में शराब माफिया से लेकर अवैध खनन, वन और पशु माफिया के अलावा शिक्षा माफिया भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी की मंजूरी मिलते ही इनके खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जायेगा। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार का कहना है कि प्रदेश के अपराधियों का नेटवर्क खत्म करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक इस सूची में माफिया और विधायक रहे मुख्तार अंसारी, बृजेश सिंह, पश्चिमी यूपी के गैंगस्टर ऊधम सिंह, सुनील राठी, सुंदर भाटी, सुभाष ठाकुर, राजन तिवारी, गुड्डू सिंह, सुधाकर सिंह, बहराइच के गब्बर सिंह, बदान सिंह, अजीत चौधरी अक्कू, धर्मेंद्र किरथल, अभिषेक सिंह हनी, निहाल पासी, राजन तिवारी, सुधीर कुमार सिंह, विनोद उपाध्याय आदि का नाम शामिल है। इनके अलावा लिस्ट में सपा और बसपा से जुड़े माफियाओं के नाम भी शामिल किये गये हैं।

## नयी नियोजन नीति के खिलाफ तेज हुआ आंदोलन

# मशाल जुलूस निकाला, झारखंड बंद आज, पुलिस-प्रशासन सतर्क

- छात्रों के आह्वान को कई संगठनों का मिला समर्थन
- जैक ने इंटर की परीक्षा स्थगित की, कई निजी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नयी नियोजन नीति को लेकर छात्र आक्रोशित हैं। पिछले एक महीने से छात्र संगठन '60-40 नय चलतो' का नारा देकर आंदोलनरत हैं। पहले विधानसभा का घेराव किया। इसके बाद संथाल बंद बुलाया। दो दिन पहले मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया गया। इसी क्रम में मंगलवार को छात्रों ने रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में मशाल जुलूस निकाला। साथ ही बुधवार को झारखंड बंद का ऐलान किया है। विभिन्न संगठनों ने छात्रों के झारखंड बंद का समर्थन किया है। उधर, छात्र संगठनों के बंद को देखते हुए जैक ने बुधवार को होने वाली इंटर की परीक्षा को स्थगित कर दी है। कई निजी स्कूलों ने छुट्टी का ऐलान किया है।




### छात्रों ने निकाला मशाल जुलूस

झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन समेत कई छात्र संगठनों ने रांची, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज समेत राज्य के विभिन्न जिलों में छात्र संगठनों ने मंगलवार शाम को मशाल जुलूस निकाला। रांची में मशाल जुलूस जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकला। छात्रों ने नियोजन नीति को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांग को पूरा नहीं करेगी, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों और आम लोगों से बुधवार को झारखंड बंद सफल बनाने की भी अपील की।

### इंटर की परीक्षा स्थगित, नोटिस जारी

झारखंड बंद को देखते हुए झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक) ने 19 अप्रैल को होने वाली इंटर की दोनों पालियों की परीक्षा को स्थगित कर दी है। इस संबंध में नोटिस जारी कर दिया गया है। नोटिस के अनुसार 19 अप्रैल को होने वाली परीक्षा अब 20 अप्रैल को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 10.45 से दोपहर एक बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर दो बजे से 3.15 बजे तक आयोजित की जायेगी।

संबंधित खबर पेज 3 पर...

## दिवंगत जगरनाथ महतो के श्राद्धकर्म में शामिल हुए सीएम

# 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति अब भी जिंदा है : हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

- जगरनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि, उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया

**रांची/बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति अभी भी जिंदा है। दिवंगत जगरनाथ महतो के सपनों को साकार किया जायेगा। उनके विचारों के माध्यम से उन्हें जिंदा रखा जायेगा। दिवंगत जगरनाथ महतो की कमी को कभी भी भरा नहीं जा सकता है। राज्य की जनता और पार्टी संगठन के प्रति उनकी सोच को हम सब मिलकर आगे बढ़ायेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को बोकारो में मीडिया से बात कर रहे थे। गौरतलब है कि दिवगंत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पैतृक गांव अलारगो के सिमराकुल्ही गांव में मंगलवार को उनके श्रद्धाकर्म का आयोजन किया गया था।

इसमें मुख्यमंत्री के अलवा मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, हफीजुल हसन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई विधायक और अन्य गणमान्य भी शामिल हुए। सभी ने दिवंगत जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि दी। हेमंत ने कहा कि जगरनाथ महतो के हमारे बीच नहीं रहने से उनके परिवार पर जो पहाड़ टूटा है, उससे कहीं ज्यादा हमारे पार्टी संगठन के लिए यह तकलीफदेह घटना है। लेकिन विधि के विधान को टला नहीं जा सकता है। यह स्पष्ट बात है कि उनकी जगह कोई भी नहीं ले सकता है। यह बात जरूरी है और संभव भी है कि उनकी सोच को हम कैसे जिंदा रखें। उन्होंने कहा कि जगरनाथ महतो के सभी विचारों को लोगों के बीच सदैव अमर रखने की कोशिश की जायेगी।

# नामकुम के रामपुर में एक हजार किलो गांजा बरामद

- सेंट्रल कस्टम का दावा : डेढ़ करोड़ से अधिक का है नशीला पदार्थ
- संबलपुर से मोहनिया जा रहा था ट्रक, चालक-खलासी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल कस्टम की टीम ने गांजा तस्करों के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कस्टम विभाग ने ओड़िशा के संबलपुर से बिहार के मोहनिया के लिए भेजे जा रहे गांजा की एक बड़ी खेप को मंगलवार को रांची के रामपुर इलाके में जब्त कर लिया। गांजा एक ट्रक में लदा था। उसके चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। कस्टम के डीएसपी को यह सूचना मिली थी कि डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का गांजा बिहार में खपाने की योजना है। इसी सूचना पर ट्रक को ट्रैक करने के लिए जाल बिछाया गया। नामकुम के रामपुर इलाके में जैसे ही ट्रक पहुंचा, तो टीम ने उसे रुकने का इशारा किया। इस पर चालक और खलासी भागने की कोशिश करने लगे। टीम ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। उसमें गांजा लोड था। तस्करों ने भूसा के नीचे गांजे की खेप छिपायी थी।

### रांची में लाखों का ब्राउन शुगर बरामद

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। इस क्रम में मंगलवार को 22 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह बरामदगी डोरंडा पुलिस और नारकोटिक्स की टीम द्वारा की गयी। टीम ने बंधु नगर से सुशील केरकेट्टा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से ब्राउन शुगर की 218 पुड़िया बरामद की गयी। खुले बाजार में इसकी कीमत लाखों रुपये आंकी गयी है। सुशील से पूछताछ की जा रही है। उससे यह जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है कि इस पूरे कारोबार का सरगना कौन है और रांची समेत आसपास के इलाके में इसकी सप्लाई कहां से हो रही है। डोरंडा पुलिस का कहना है आरोपी सुशील पर इसके पहले भी कई मामले दर्ज हैं। अब वह ब्राउन शुगर की तस्करी में शामिल हो गया।






# शराब टेंडर मामला : हाइकोर्ट में हुई सुनवाई, आयकर जांच जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में थोक और खुदरा शराब के टेंडर में कथित तौर पर हुई गड़बड़ी की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को सुनवाई के दौरान इनकम टैक्स की ओर से समय की मांग की गयी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस जनहित याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इनकम टैक्स की ओर से जवाब दाखिल कर अदालत को बताया गया कि इस मामले की जांच की जा रही है। इस पर अदालत ने कहा कि जल्द ही जांच पूरी कर उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाये। इस संबंध में प्रार्थी उमेश कुमार ने याचिका दाखिल की है।

## झारखंड में अवैध खनन पर हाइकोर्ट सख्त

# पलामू, गढ़वा और लातेहार डीसी को अवैध खनन पर रोक सुनिश्चित करने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के तीन जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग की जांच के लिए झारखंड हाइकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने गढ़वा, पलामू और लातेहार के डीसी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उक्त जिलों में किसी भी तरह का अवैध खनन और खनिज की अवैध ट्रांसपोर्टिंग न हो। साथ ही अदालत ने तीन सदस्यीय कमिटी को 26 अप्रैल तक अपनी रिपोर्ट अदालत के समक्ष सौंपने का निर्देश दिया है।

बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने तीन सदस्यीय कमिटी का गठन कर उक्त जिलों में खनन की जांच करने का निर्देश दिया था। इस कमिटी में आइजी रैंक के एक और माइनिंग विभाग के दो अधिकारी शामिल हैं। आरटीआइ एक्टिविस्ट पंकज यादव की जनहित याचिका पर मंगलवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो

## झारखंड में प्रशासन पर भारी पड़ रहे हैं खनन माफिया

# खूंटी एसडीओ के साथ हुई घटना ने पुलिस के इकबाल पर खड़े किये सवाल

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड की राजधानी रांची से सटे खूंटी जिले में तीन दिन पहले हुई वारदात ने एक बार फिर प्रमाणित कर दिया है कि राज्य के पुलिस प्रशासन का इकबाल यदि खत्म नहीं हुआ है, तो कम जरूर हो गया है। खूंटी में अवैध खनन का कारोबार करने वाले माफिया तत्वों ने वहां के एसडीएम को हाइवा से रौंदने की कोशिश की। एसडीएम किसी तरह बच गये और डीसी द्वारा एफआइआर दर्ज कराये जाने के बावजूद अब तक न तो हाइवा का पता लग सका है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है। वैसे तो यह घटना न पहली है और न आखिरी, लेकिन इसने एक बड़ा सवाल यह खड़ा कर दिया है कि आखिर किसकी शह पर अवैध खनन के कारोबारी और माफिया इतने बेखौफ हो गये हैं कि वे प्रशासनिक अधिकारियों की जान लेने तक के लिए तैयार दिखते हैं। खूंटी से पहले देवघर, गुमला, हजारीबाग, गढ़वा, गिरिडीह और चतरा में भी इस तरह की वारदातें हो चुकी हैं और आश्चर्य इस बात का है कि अब तक किसी भी मामले में एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालांकि यह बात भी सही है कि खनन माफिया का आतंक झेलनेवाला झारखंड अकेला राज्य नहीं है, लेकिन झारखंड में यह समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। मुख्य रूप से बालू और पत्थर के अवैध कारोबार पर नकेल कसना अब सबसे जरूरी हो गया है, क्योंकि इससे झारखंड चौतरफा घिरता जा रहा है। आज यह केवल विधि-व्यवस्था की समस्या नहीं है, बल्कि राज्य के आर्थिक हितों का भी नुकसान इससे हो रहा है। झारखंड में अवैध खनन माफिया के बेखौफ होने की कहानी बयां कर रहे हैं *आजाद सिपाही* के राज्य समन्वय संपादक अजय शर्मा।**



अजय शर्मा

बहुचर्चित हिंदी फिल्म 'सिंघम' का एक डायलॉग पुलिस महकमे में बहुत मशहूर है कि यदि पुलिसवाले चाह लें, तो कोई एक चप्पल तक चोरी नहीं कर सकता। यह डायलॉग पुलिस या खाकी वर्दी के इकबाल का उदाहरण है, लेकिन झारखंड में पुलिस प्रशासन का असर अब इतना भी नहीं रह गया है कि वह प्रशासन के अधिकारियों को अवैध खनन कारोबारियों और माफिया तत्वों से महफूज रख सके। तीन दिन पहले 15 अप्रैल को खूंटी के एसडीएम को बालू का अवैध खनन करनेवालों ने जिस तरह रौंदने का प्रयास किया, उससे साफ पता चलता है कि इन माफिया तत्वों का हौसला कितना बढ़ गया है। वैसे खूंटी की घटना न तो पहली है और न आखिरी। इससे पहले गढ़वा, गुमला, चाइबासा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद, देवघर और गोड्डा इलाके में कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। संयोग केवल इतना ही है कि झारखंड में अब तक किसी अधिकारी को जान नहीं गंवानी पड़ी है। लेकिन देश के दूसरे हिस्सों में तो बालू और पत्थर माफियाओं ने पुलिस प्रशासन के कई अधिकारियों की जान तक ले ली है।

**गढ़वा से लेकर देवघर-गोड्डा तक इसलिए फल-फूल रहा है अवैध खनन**

अवैध खनन का धंधा करने वाले माफिया बेखौफ हो चुके हैं। न सिर्फ झारखंड में, बल्कि हरियाणा और उत्तरप्रदेश में भी खनन माफियाओं का दुस्साहस जगजाहिर है। झारखंड अपनी खनिज संपदा के लिए पूरी दुनिया में प्रख्यात है, तो यहां अवैध खनन का कारोबार भी सबसे अधिक होता है। कोयला और लौह अयस्क जैसे प्रमुख खनिजों के अलावा बालू और पत्थर जैसे लघु खनिजों का अवैध कारोबार यहां खूब फल-फूल रहा है।

झारखंड के पिछड़े होने का राजनीतिक कारण चाहे कोई भी हो, हकीकत यही है कि यहां की खनिज संपदा ही उसके लिए अभिशाप बन गयी है। बड़े पैमाने पर माफिया, बिचौलिये और दुनिया भर के पूंजीपति इस राज्य की संपदा को इतनी बेदर्दी से लूट रहे हैं कि यहां का नैसर्गिक सौंदर्य भी खत्म होता जा रहा है। यह जान कर आश्चर्य होता है कि झारखंड में कोयला, लौह अयस्क, बालू, पत्थर और अभ्रक के अलावा अन्य खनिजों का जिस पैमाने पर अवैध कारोबार होता है, यदि उस पर नकेल लग जाये, तो यह राज्य न केवल सबसे विकसित हो जायेगा, बल्कि दुनिया के कई मुल्कों को पीछे छोड़ देगा।



एक गैर-सरकारी संगठन द्वारा एकत्र आंकड़ों से पता चलता है कि झारखंड में बालू और पत्थर के अवैध कारोबार में हर महीने करीब तीन सौ करोड़ का लेन-देन होता है। इस अवैध कारोबार में माफिया, बिचौलिये और मजदूरों के साथ चालक तथा ट्रक संचालक भी बड़ी संख्या में जुड़े हैं। इनकी संख्या करीब सवा लाख अनुमानित है।

झारखंड में बालू और पत्थर के अवैध कारोबार का किस्सा कम दिलचस्प नहीं है। संथाल के तीन जिलों, साहेबगंज, पाकुड़ और दुमका में पत्थरों का अवैध कारोबार इतना फैल चुका है कि यहां की आबादी का बड़ा हिस्सा इससे जुड़ गया है। साहेबगंज में तो दो दर्जन पहाड़ गायब हो चुके हैं। इन तीन जिलों से ही हर महीने करीब एक सौ करोड़ रुपये के पत्थरों का अवैध कारोबार होता है। साहेबगंज से गुजरनेवाली गंगा नदी और छोटानागपुर में बहनेवाली छोटी-बड़ी नदियां बालू के अवैध कारोबार के कारण खतरनाक हो चुकी हैं। कई पुल ध्वस्त हो गये हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है। अनुमान के अनुसार बालू का अवैध कारोबार भी करीब एक सौ करोड़ रुपये हर महीने का है। गंगा नदी में रात के अंधेरे में स्टीमर चलते हैं, जिन पर बालू लदा होता है। यह बालू उस पार बिहार के कटिहार जिले के मनिहारी तक पहुंचा दिया जाता है और वहां से बंगाल और बांग्लादेश तक इसका कारोबार फैला हुआ है। बालू का कारोबार तो राज्य के हर हिस्से में फैला हुआ है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की रोक के बावजूद आज भी बालू घाटों पर उत्खनन बेरोक-टोक जारी है।

झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से अक्सर राज्य में होनेवाले खनिजों के अवैध कारोबार की चर्चा होती रहती है। पिछली सरकार में तो शीर्ष स्तर पर इस पर रोक लगाने की हिदायतें लगभग हर बैठक में दी जाती थीं, लेकिन न कभी इस पर रोक लगाने की कोशिश हुई और न ही किसी ने इस पर ध्यान ही दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि यह अवैध कारोबार आज इतना फैल चुका है कि इसने राज्य की राजनीति से लेकर नौकरशाही तक को अपने जाल में लपेट लिया है। जाहिर है, इतने बड़े अवैध कारोबार का हिस्सा अकेले कारोबारी नहीं लेते होंगे। इसका लाभ कुछ राजनेताओं, पुलिस-प्रशासन के कतिपय अधिकारियों और खनन उद्योग से जुड़े लोगों तक पहुंचता है।

खनिज तस्करों और अवैध कारोबारियों के नेटवर्क की कहानियां मीडिया में खूब आती रहती हैं। अवैध कारोबार का इतना संगठित और निरापद कारोबार किसी दूसरे क्षेत्र में शायद ही कभी देखा-सुना गया हो। झारखंड में खनन माफिया इतने दुस्साहसी हो गये हैं कि उनमें कानून का जरा भी भय नहीं है। वे और उनके गुर्गे अवैध खनन को रोकने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने में जरा भी देर नहीं करते हैं।

झारखंड के लिए बालू और पत्थरों के अवैध कारोबार को रोकना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि यह संपदा केवल झारखंड की है। जमीन के नीचे के खनिज तो केंद्र सरकार के हिस्से में हैं, नदियां और पहाड़ राज्य सरकार के पास हैं। इनका संरक्षण कर न केवल 'जल-जंगल-जमीन' के नारे को हकीकत में बदला जा सकता है, बल्कि झारखंड की विरासत और सदियों पुरानी संस्कृति को भी अक्षुण्ण रखा जा सकता है।

---

### खाता 140 : डीसी के आदेश को रद्द करने का फैसला बरकरार

## हाइकोर्ट की डबल बेंच से श्याम सिंह की याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट की डबल बेंच ने 17 नवंबर 2022 को झारखंड हाइकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा है। एकल पीठ ने हेहल अंचल के बजरा मौजा की खाता 140 की जमीन की जमाबंदी रद्द करने का आदेश दिया था। इसके विरुद्ध श्याम सिंह के द्वारा एलपीए (लेटेस्ट पेटेंट अपील) दाखिल की गयी थी। एलपीए पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

**वर्ष 2021 में हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी**

इससे पहले खुद को खाता 140 की भूमि का दावेदार बताने वाले चंदन कुमार ने वर्ष 2021 में हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने 83 साल का लगान रसीद एक ही दिन काटने का आदेश दे दिया था। जिस जमीन के संबंध में हाइकोर्ट ने आदेश पारित किया है, वह रांची शहर से करीब पांच किमी दूर हेहल अंचल की है। जमीन बजरा मौजा में स्थित है। जमीन का कुल रकवा सात एकड़ है। करोड़ों रुपये मूल्य की इस जमीन पर पुलिस की मौजूदगी में बाउंड्री हुई थी, जिसका भारी विरोध हुआ था। रजिस्ट्री होने के लगभग एक वर्ष बाद यह खुलासा हुआ है कि खाता 140 की जिस चर्चित भूमि का लगान निर्धारण के बिना रसीद निर्गत हुआ है, उसका मूल दस्तावेज ही रिकॉर्ड रूम में नहीं है।

## झारखंड का शीर्ष माओवादी नेता केरल से गिरफ्तार

**केरल पुलिस को झारखंड पुलिस से एक गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी नेता अजय एक प्रवासी श्रमिक शिविर में ठहरा हुआ है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड का शीर्ष माओवादी नेता केरल से गिरफ्तार हुआ है। सूचना के आधार पर झारखंड और केरल पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नक्सली नेता अजय ओझा को मंगलवार गिरफ्तार किया है। अजय कोझीकोड में एक प्रवासी श्रमिक शिविर में रह रहा था। इसी दौरान उसे गिरफ्तार किया गया।

**गप्त सूचना पर हुइ गिरफ्तारी**



केरल पुलिस को झारखंड पुलिस से एक गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी नेता अजय एक प्रवासी श्रमिक शिविर में ठहरा हुआ है। इसी दौरान मंगलवार को दोनों राज्यों की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अजय को गिरफ्तार कर लिया। अजय झारखंड में एक शीर्ष माओवादी नेता माना जाता है और वह पहले भी जेल में रह चुका है।

### कोल्हान में ग्रामीणों को नक्सलियों ने किया आगाह

## इलाके में बिछे हैं बारूदी सुरंग, जंगल में न जायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोल्हान के जंगलों में आये दिन हो रहे आइइडी ब्लास्ट से ग्रामीणों को क्षति हो रही है। मौतें भी हो रही हैं। दरअसल इस इलाके में पुलिस की ओर से माओवादियों को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस जंगल में न घुस सके, इसके लिए माओवादियों की ओर से जंगल के रास्ते में बारूदी सुरंग आदि बिछाये गये हैं। दक्षिणी जोनल कमेटी भाकपा (माओवादी) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इस विज्ञप्ति में उसने ग्रामीणों को सलाह दी है। 10 बिंदुओं में दिये गये सलाह में साफ तौर पर लिखा है कि पुलिसिया दमन अभियान जारी है। जंगल पहाड़ों और रास्ता-घाट में पुलिस को टारगेट करने के लिए बारूदी सुरंग, बुबी ट्रैप माइन तथा स्पाइक होल लगाये गये हैं। पुलिसिया अभियान खत्म होने के बाद इन चीजों को हटा लिया जायेगा।

**यह है माओवादियों की सलाह**

माओवादियों ने कहा है, आप तमाम ग्रामीणों, लकड़हारों, चरवाहों को सूचित किया जाता है कि आपलोग पहले जैसा सावधानी बरतते आये हैं, वैसा ही सावधानी बरतते रहें। इस मामले में अनदेखी एवं लापरवाही बिल्कुल ही नहीं करें। किसी भी अनहोनी को अनदेखी तथा पुलिस के बहकावे या दबाव में आकर गांव से दूर जंगल-पहाड़ में बिल्कुल ही नहीं घुसें। इस पुलिसिया दमन अभियान बंद होने तक मवेशियों को भी पहले से निर्धारित इलाके में ही चराते रहें। आप यह गलतफहमी में नहीं रहें कि जंगल जल गया है या बहुत दिन बीत गया है। अब यहां इधर कुछ नहीं है। ऐसा सोचकर लापरवाही में अपना मूल्यवान प्राण न गंवायें, क्योंकि बारूदी सुरंग सहित तमाम उपकरण जमीन के नीचे हैं। वह खुलेआम नहीं दिखता है और आग या पानी से भी बिल्कुल ही नुकसान नहीं होता है। रोड, रास्ता एवं गांव के अगल-बगल का जंगल पहाड़ में काटकर गिराया हुआ लकड़ी या किसी अनजान तथा अनहोनी चीजों को देखने पर वहां से तुरंत वापस लौट जायें। उसे बिल्कुल ही नहीं छुएं, क्योंकि बारूदी सुरंग, बुबी ट्रैप माइन और स्पाइक होल ऑटोमैटिक तरीके से लगाया गया है। वह टच होते ही विस्फोट हो जाता है। जिससे क्षणभर में किसी की भी प्राण चली जा सकती है या स्पाइक होल में गिरकर घायल अथवा मारे जा सकते हैं। गाड़ी मालिक व ड्राइवर भी पूर्व सूचना को वैसा ही अवश्य पालन करें यानी रोड- रास्ता में गाड़ी चलाने का समय-सारणी पर ध्यान दें। बीच-बीच में हॉर्न बजाते चलें। आपको भी यह मालूम है ही कि थोड़ी सी भूल से बड़ी दुर्घटना होती है।इस पुलिसिया दमन अभियान के कारण आप तमाम ग्रामीण वनोपज सहित अन्य आवश्यक चीजों को संग्रह करने के लिए जंगल पहाड़ नहीं जा पाने से आपकी आर्थिक स्रोत बंद होने व जान-माल तक के तमाम तरह का नुकसान होता है। आपकी इस समस्या व परेशानी को हम समझ रहे हैं और इसे हम अपने तरीके से हर संभव हल करने का प्रयास कर रहे हैं।

### पाकुड़ में बस हादसा, आधा दर्जन घायल



**हिरणपुर/पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** चाईबासा से राजमहल जा रही रुगबी बस हिरणपुर अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के समीप असंतुलित होकर पलट गयी, जिससे आधा दर्जन लोग घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस काफी तेज रफ्तार से चल रही थी, जिससे असंतुलित हो गयी। बस में लगभग 40 पैसेंजर सवार थे। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में बस का शीशा तोड़ यात्रियों को सुरक्षित निकाला। सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि तथा अंचलाधिकारी मनोज कुमार घटनास्थल पहुंचे और एक गंभीर घायल को सोनाजोड़ी सदर अस्पताल पहुंचाया।

## अडाणी प्लांट की दूसरी यूनिट को चालू नहीं होने दें सीएम: प्रदीप यादव

### 50 सालों में इतनी गर्मी कभी नहीं पड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा/रांची।** गोड्डा जिला में इन दिनों भीषण गर्मी (पारा 45 डिग्री से उपर) पड़ रही है। इसके लिए लोग अडाणी पावर प्लांट को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इसी बीच पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने भी मुख्यमंत्री हेमत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के गोड्डा जिला का अडाणी थर्मल पावर प्लांट इस राज्य को बिजली तो नहीं दे रहा है, लेकिन बड़ी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन कर वायुमंडल को नुकसान पहुंचा रहा है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि गोड्डा जिला का तापमान 45 डिग्री से अधिक हर दिन हो रहा है। गोड्डा



राज्य का सबसे गर्म जिला बन गया है। बुजुर्ग लोगों का मानना है कि 50 वर्षों से इतनी गर्मी गोड्डा में कभी नहीं पड़ी।

**दूसरी यूनिट चालू होने से रोकें**

विधायक ने कहा है कि अभी पावर प्लांट की एक ही यूनिट चालू हुई है। दूसरी यूनिट भी एक सप्ताह के अंदर शुरू होने वाली है। दूसरी यूनिट के शुरू होने पर गोड्डा में तापमान और बढ़ जायेगा। आम लोगों का जीना दूभर हो जायेगा। इसलिए आपसे आग्रह होगा कि भारत सरकार से बात कर दूसरी यूनिट पर अविलंब रोक लगाने के लिए आवश्यक निर्णय लें।

## संविदा के आधार पर सैप में 771 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

**विधि व्यवस्था और नक्सल विरोधी अभियान को गति देने के लिए विभिन्न पदों पर 771 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जानी है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में भूतपूर्व सैनिकों के लिए संविदा के आधार पर स्पेशल ऑक्जिलरी पुलिस (सैप) के लिये 771 पदों पर नियुक्ति करने की प्रतिक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने इन नियुक्तियों के आवेदन मांगने का विज्ञापन निकाल दिया है। विधि व्यवस्था और नक्सल विरोधी अभियान को गति देने के लिए विभिन्न पदों पर 771 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जानी है। इनमें सात सूबेदार मेजर, आठ सूबेदार (सामान्य), 46 नायब सूबेदार



(सामान्य), 17 नायब सूबेदार (तकनीकी), एक सूबेदार (वितंतु), 26 नायब सूबेदार (वितंतु), दो नायब सूबेदार (आशुलिपिक), दो लिपिक, 130 हवलदार सामान्य, सात हवलदार चालक, 492 सिपाही सामान्य, रसोइया के नौ पद और 24 सिपाही चालक शामिल हैं। दरअसल, वर्ष 2008 में पुलिस आउट पोस्ट, टीओपी में पर्याप्त सशस्त्र बल उपलब्ध कराने आदि के उद्देश्य से सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों से अनुबंध के आधार पर स्पेशल आक्जिलरी पुलिस के दोनों बटालियन सैप एक वाहिनी टाटीसिलवे रांची और सैप दो वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर का गठन किया गया था। इस बटालियन में सिर्फ झारखंड राज्य के ही निवासी ही आवेदन कर सकते हैं, सैनिक उपलब्ध नहीं होने पर दूसरे राज्य के पूर्व सैनिकों की भर्ती की जायेगी। सिपाही से हवलदार के लिये 35-55 वर्ष जबकि पदाधिकारी का उम्र 58-62 वर्ष के बीच उम्र सीमा होगी। उम्मीदवार की नियुक्ति के लिये 15 और 16 मई को साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गयी है।

### तीन सब इंस्पेक्टर समेत 31 जवान पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** अलग-अलग जिले में पदस्थापित तीन सब इंस्पेक्टर समेत 31 पुलिसकर्मियों को पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार को पुलिस मुख्यालय ने जारी कर दी है। जारी निर्देश में कहा गया है कि इसे लेकर जिले के एसपी और कमांडेंट को निर्देश दिया गया है कि इन सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को अविलंब पुलिस मुख्यालय में योगदान कराना सुनिश्चित करें। जिन पुलिसकर्मियों को मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है, उनमें सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार रजक, मारुत नंदन, अमित अलेक्जेंडर कुजुर और रोशन कुमार शामिल हैं। इसमें सीमा कुमारी, इकराम उल्लाह मलिक, विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, विकास कुमार, दीपक पुंज, हीरालाल रविदास, जन्मेजय मुंडा, सुखदेव खलखो, गोबाई कुजूर शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.7 °C | 24.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.11 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.27 बजे |



## सरकार 60-40 के नाम पर नियोजन नीति को ना उलझाये

# बंद को कई संगठनों ने दिया समर्थन, सुरक्षा चाक-चौबंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** छात्र संगठनों के झारखंड बंद को कई दूसरे संगठनों ने भी समर्थन दिया है। इस कड़ी में मूलवासी सदान मोर्चा ने बंद का समर्थन किया है। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कोर कमेटी सदस्यों से विचार विमर्श के बाद झारखंड बंद को नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार 60-40 के नाम पर नियोजन नीति को ना उलझाये। यह राज्य का गंभीर मसला है। इसको लेकर लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। इस बंद को झामुमो के ही विधायक लोबिन हेंब्रम और सेंगल अभियान के नेता सालखन मुर्मू ने भी समर्थन दिया है।



### प्रशासन अलर्ट

छात्र संगठनों द्वारा बुलाये गये बंद को लेकर पुलिस- प्रशासन अलर्ट है। राज्य में जगह-जगह अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किये गये हैं। रांची समेत विभिन्न जिलों के कुछ इलाकों में निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू कर दी गयी है। जिन इलाकों में धारा 144 लगायी गयी है, वहां रैली, जुलूस, घेराव-प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावे पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एक जगह पर जमा होने और हथियार लेकर चलने पर भी रोक लगायी गयी है। प्रशासन ने कहा है कि अगर जबरन बंद कराने की कोशिश की गयी या फिर किसी तरह का उपद्रव मचाने का प्रयास हुआ, तो इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# सरकार छात्र-युवाओं से करे संवाद: विनोद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे आंदोलनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छात्र-युवाओं से संवाद कर मामले का समाधान करना चाहिए। भाकपा माले विधायक विनोद सिंह छात्रों पर लाठीचार्ज के बाद मंगलवार को अपनी प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी इस बात से अवगत हैं कि भाजपा की ओर से खतियान आधारित स्थानीयता और आरक्षण के मामले में विश्वासघात से झारखंडी छात्र-युवाओं के हितों को गहरा धक्का लगा है। बिहार में स्थानीयता आधारित नियोजन को देखते हुए हेमंत सरकार को झारखंड राज्य के अंदर ही इसका हल निकालने के लिए पुनः नयी नीति की ओर बिना देर किए बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा एवं अमित शाह के लिए दोहरे खेल की गुंजाइश ना हो।

उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा से पारित सन 1932 खतियान नीति और आरक्षण को झारखंड विधानसभा ने पारित कर केंद्र सरकार से अनुकूल कार्रवाई का आग्रह किया था, लेकिन भाजपा ने दोहरी चाल के जरिए झारखंडियों के साथ धोखाधड़ी की। एक ओर भाजपा ने इसे न्यायिक विवाद में फंसा दिया। दूसरी ओर गृहमंत्री अमित शाह के जरिए खुल्लमखुल्ला दबाव डलवाकर कर राजभवन से पारित आरक्षण नीति को वापस करवा दिया। भाजपा के इस दोहरे खेल को समझें बगैर झारखंडी छात्र-युवा अपने अधिकारों को हासिल नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से मेरा अनुरोध है कि स्थानीयता आधारित नियोजन और आरक्षण के पक्ष में खड़ा होकर छात्र-युवाओं के साथ संवाद शुरू करने के साथ-साथ केंद्र पर दबाव डालने के लिए संयुक्त कार्यक्रम की ओर बढ़ा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की है की केंद्रीय प्रतिष्ठानों एवं उद्योगों में भी समीक्षा कर स्थानीयता और सामाजिक स्थिति के अनुसार झारखंडी युवाओं का नियोजन शुरू किया जाये।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
**सूचना**
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।

## त्रिकूट रोप-वे हादसा : हाइकोर्ट ने 16 मई तक सरकार से मांगा जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को त्रिकूट रोप-वे हादसे पर लिये गये स्वतः संज्ञान से जनहित याचिका में तब्दील मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने सरकार को 16 मई तक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। हाइकोर्ट की ओर से नियुक्त अमेकस क्यूरी (न्याय मित्र) कुमार वैभव भी अदालत में मौजूद थे। पिछले साल 10 अप्रैल को देवघर के त्रिकूट पहाड़ के रोप-वे पर हुए हादसे पर झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने स्वतः संज्ञान लिया था। झारखंड हाइकोर्ट इस मामले को स्वतः संज्ञान से जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई कर रहा है। हाइकोर्ट ने इस मामले को लेकर सरकार से जवाब मांगा था।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — आज का दिन शुभ लाभदायक सिद्ध होगा, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी।
- **वृष** — आपका कार्य बहुत अच्छी तरह से चलेगा, कारोबार बढ़ेगा, आमदनी बढ़ेगी।
- **मिथुन** — समय अनुकूल है, जिस उद्देश्य से आपने कोई कार्य हाथ में ले रखा है उस उद्देश्य की पूर्ति हो जायेगी।
- **कर्क** — प्रॉपर्टी अथवा आर्थिक लेन-देन संबंधी विवाद हो सकता है, मित्रों से सहयोग मिलेगा।
- **सिंह** — रोजी-रोजगार में मतभेद बढ़ेंगे, शत्रुता बढ़ेगी, किसी व्यक्ति अथवा काम में धोखा मिल सकता है।
- **कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी,आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी,आमदनी बढ़ेगी।
- **तुला** — स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा, नियमितता बनाये रखें, मानसिक संतोष बनाये रखें।
- **वृश्चिक** — संतान पक्ष के लिए खर्च होगा, यह खर्च उनकी प्रगति के लिए किया जायेगा।
- **धनु** — विशिष्ट कार्य सिद्धि, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, व्यापार-धंधे में लाभ होगा।
- **मकर** — पत्नी-पुत्र का सुख मिलेगा, व्यापारियों उच्चस्तरीय लोगों से सहयोग मिलेगा।
- **कुंभ** — अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।
- **मीन** — मित्रों से प्रेम और सहानुभूति मिलेगी, मन प्रसन्न रहेगा, संकल्पित काम पूरा होगा।

# डीएसपीएमयू में यूथ अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन एसआरएच पर कार्यशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के एनएसएस विंग, आइक्यूएसी और विकास सारथी संस्था के संयुक्त सौजन्य से मंगलवार को यूथ अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन एसआरएच पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता थे। कार्यक्रम का प्रारंभ द्वीप प्रज्ज्वलन और विकास सारथी की ओर से स्टेला माइकल के स्वागत भाषण से हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड ने अपने संबोधन में भ्रूण हत्या को एक सामाजिक अपराध बताते हुए उसके मानवीय पहलू को उजागर किया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज में व्याप्त भ्रांतियों को इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से दूर किया जाये। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश देते हुए कहा कि सिर्फ महाविद्यालय में आना ही काफी नहीं, बल्कि अपने जीवन में कोई लक्ष्य हासिल कर सकें, तो हमारा जीवन सार्थक होगा। इसके अलावा उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के कई संस्मरण उपस्थित लोगों से साझा किये।

खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को जीवन का अनिवार्य पहलू बताते हुए उस पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने भी कई महत्वपूर्ण विचार साझा किये। इसके पूर्व मुक्ति मिशन, रांची की संस्थापक रश्मि साहा ने पीपीटी के माध्यम से संबंधित विषय पर प्रकाश डालते हुए काफी विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया।

विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास ने विस्तार से विषय की चर्चा करते हुए बताया कि समाज में जो भ्रांतिया हैं, उन्हें इस प्रकार के कार्यक्रमों के लगातार आयोजन और विद्यार्थियों के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लगातार जागरूक किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के एनएसएस विंग और आस्था गुप्ता के द्वारा प्रस्तुति दी गयी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शमा सोनाली के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, एनएसएस अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह, शमा सोनाली, डॉ कुलभूषण सिंह, डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ शुचि संतोष बरवार आदि मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# मुख्यमंत्री आवास में दावत-ए-इफ्तार आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया है। इसमें राज्य सरकार के मंत्री-विधायकों के अलावा मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।



# रांची विवि में दो सब्सिडियरी पेपर की मांग को लेकर छात्रों का हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय से सत्र 2017- 20 और 2018- 21 में स्नातक कर चुके विद्यार्थियों ने मंगलवार को दो सब्सिडियरी पेपर की मांग को लेकर विवि मुख्यालय में हंगामा किया। अलग-अलग कॉलेजों के छात्रों ने विश्वविद्यालय कैंपस में जमकर नारेबाजी की।

इनका कहना था कि कुलपति उनकी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। हंगामे के बीच कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने छात्रों को समझाया। एक घंटे में परीक्षा लेने का नोटिस जारी करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद छात्र शांत हुए। हालांकि नोटिस जारी होने के इंतजार में विद्यार्थी देर तक वहीं जमे रहे।



### क्या है मामला

रांची विश्वविद्यालय से सत्र 2017- 20 और 2018- 21 में ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों को सब्सिडियरी के तौर पर एक ही पेपर दिया गया था। इन दोनों सत्रों में पास करनेवाले जिन विद्यार्थियों ने बीएड की पढ़ाई की है, वे शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि शिक्षक नियुक्ति में दो सब्सिडियरी पेपर मांगता है। इस समस्या को लेकर विद्यार्थी पिछले चार महीने से विश्वविद्यालय का चक्कर काट रहे हैं। कुलपति ने पहले भी आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक इसका हल नहीं निकाला गया है, जिससे विद्यार्थियों में रोष है।

## हाइकोर्ट ने चिटफंड घोटाला मामले में सरकार से पूछा

# निवेशकों के डूबे पैसे की वापसी को लेकर कोई कमेटी बनायी है या नहीं?

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी को लेकर दायर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। इस मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि निवेशकों के दावों के मद्देनजर उनके पक्ष में पैसा निर्गत करने को लेकर झारखंड में कोई कमेटी बनायी गयी है या नहीं। अगर कमेटी बनायी गयी है, तो इस कमेटी ने अब तक क्या कार्य किया है। इस पर स्टेटस रिपोर्ट अगली सुनवाई में दाखिल करें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ मई को निर्धारित की है।



इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की इडी और सीबीआइ ने करोड़ों रुपये की संपत्ति एवं पैसे सीज किये हैं। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे इडी और सीबीआइ ने बैंकों में रखे गये हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाये जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाये। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि चिटफंड कंपनियों ने अधिक ब्याज का लालच देकर उनके पैसे का गबन कर लिया है। मामले की जांच सीबीआइ कर रही है, लेकिन निवेशकों के डूबे पैसे भी वापस दिलवाने की पहल की जाये।

# आजसू की बैठक आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बैठक में सभी विधानसभा प्रभारी मौजूद रहेंगे**

**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में बुधवार को रांची के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी की बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में सभी विधानसभा प्रभारी मौजूद रहेंगे। बैठक की जानकारी देते हुए मंगलवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी अप्रैल माह को सामाजिक न्याय महीना के रूप में मना रही है। इस दौरान राज्य भर में कई कार्यक्रम किया जाना है और कई कार्यक्रम किये भी गये हैं, जिसमें 13 अप्रैल को राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित जिलास्तरीय न्याय मार्च भी शामिल है। साथ ही राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च सहित कई अन्य राज्यव्यापी कार्यक्रम होना भी सुनिश्चित है।

## बिरसा हरित ग्राम योजना : सरकार और ग्रामीणों के बीच संवाद का मॉडल बनायें

# जिला स्तर पर बनायी जायेगी नर्सरी: चंद्रशेखर

**मनरेगा से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने कहा है कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर और योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए। मनरेगा एक बहुआयामी योजना है, जिसके अंतर्गत रोजगार, आवास, पेयजल, महिला सशक्तिकरण, सिंचाई, सड़क, पौधरोपण इत्यादि से संबंधित कई योजनाओं का संचालन हो रहा है। मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजित करने पर ज्यादा फोकस हो, ताकि ग्रामीण इलाके में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके। वह मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिलों के सामने कई चुनौतियां होती हैं। उन्हें समय और परिस्थितियों के अनुकूल तत्काल निर्णय भी लेने होते हैं । ऐसे में आप अपने निर्णय इस तरह लें कि उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा राज्यवासियों मिल सके। मनरेगा कई योजनाओं का समेकित स्वरूप है। इससे ग्रामीण इलाके की एक बड़ी आबादी को फायदा पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में जिलों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है। ऐसे में जहां विकास की गति धीमी है, उसे तेज करने के लिए सभी ठोस कदम उठाए जाने चाहिये। श्री चंद्रशेखर ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का अलग-अलग डैश बोर्ड बनाया जाये।



### मनरेगा के तहत ली गयी नयी योजनाओं का बेहतर रिजल्ट

बैठक में जानकारी दी गयी कि मनरेगा के तहत वर्ष 2022-23 में ली गयी नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना और दीदी बाड़ी योजना का बेहतर रिजल्ट रहा है। नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना के तहत एक लाख हेक्टेयर लक्ष्य रखा गया था, जबकि 1.94 लाख हेक्टेयर में योजना का क्रियान्वयन हुआ। वहीं, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 20 हजार एकड़ की तुलना में 26 हजार एकड़, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तरह एक हजार मैदान विकसित करने के लक्ष्य के विरुद्ध 1881 खेल मैदान बनाये जा चुके हैं। वहीं दीदी बाड़ी योजना के तहत पांच लाख पोषण वाटिका बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में संयुक्त सचिव शैलप्रभा कुजूर, संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार देव, अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण आज रांची में

**गुरुवार को विश्रामपुर में आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण बुधवार को रांची पहुंचेंगे। गुरुवार को पलामू के विश्रामपुर में डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जयप्रकाश नारायण 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला जायेंगे। विश्राम के बाद दिन के तीन बजे पलामू के लिए रवाना होंगे। रात्रि विश्राम डालटनगंज सर्किट हाउस में करेंगे।

### प्रभारी के साथ कार्यक्रम में ये होंगे शामिल

20 अप्रैल को विश्रामपुर में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण जयप्रकाश नारायण के द्वारा किया जायेगा। वे सभा को भी संबोधित करेंगे। प्रभारी के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घूरन राम, युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार और डॉ मनोज कुमार समेत प्रदेश एवं जिला स्तर के कार्यकर्ता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## गर्मी और धूप से लोग बेहाल, पारा हुआ 41 डिग्री पर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले मे भीषण गर्मी से आम लोग परेशान हैं। गर्मी प्रतिदिन अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है, जिसके कारण लोग घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जो लोग भी वह किसी तरह जल्दी-जल्दी अपना काम निपटा कर घर में दुबकने को मजबूर है। मंगलवार तापमान 41 डिग्री को पार गया। इस गर्मी से राहत कहीं नहीं मिल पा रही है। खेत सूख गए हैं और पानी के लिए हाहाकार मचा है। कड़ी धूप से लोग परेशान पिछले कई महीनों से परेशान हैं। सबसे ज्यादा मोटरसाइकिल से चलने वालों को और पैदल दिन प्रतिदिन बेतहाशा गर्मी कर सामना करना पड़ता है। दोपहर के समय पूरा क्षेत्र में सन्नाटा रहता है। गमछा और दुपट्टा से लोग चेहरा बांधकर घर से बाहर छाता लेकर निकलते हैं। तीखी धूप से लू का कहर शुरू हो गया है। दिन में गर्म हवा चल रही है, सूरज के आसमानी आग उगलने से आम आदमी परेशान हैं। गर्मी के कारण सत्तू, लस्सी, ठंडा पानी, नारियल पानी, गन्ना का रस, खीरा, ककड़ी की बिक्री बढ़ गई है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी यूसुफ का निधन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो के मध्य पंचायत स्थित दरगाह मोहल्ला निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक हाजी यूसुफ शेख (78 वर्ष) का निधन मंगलवार को अपने निवास स्थान मरकच्चो में हो गया। वे लगभग एक साल से बीमार चल रहे थे। वे 2005 में सरकारी सेवा से अवकाश प्राप्त हुए थे। स्व हाजी यूसुफ शेख के बड़े पुत्र महताब आलम ने बताया कि बुधवार को उनके जनाजे की नमाज स्थानीय कब्रिस्तान मे पढ़ी जायगी व मिट्टी देने की रस्म अदा की जायगी। उनके निधन पर प्रखंड के शिक्षाविद समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, उप प्रमुख पिंकी देवी, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, डॉक्टर जावेद अख्तर, 20 सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह रिंकू, मुखिया रंजीत कुमार सिंह, रानी सिंह, दीपक पांडे, शिक्षक विनोद कुमार सिन्हा, अशोक कुमार, अर्जुन महतो, नागेश्वर ठाकुर, प्रकाश पासवान, अवकाश प्राप्त शिक्षक सुल्तान आजाद अंसारी, मोइन अंसारी, विनोद यादव, पंसस नितिन चन्द्र गुप्त, दीपक राम, हाजी बशीर अली, हाजी रज्जाक अली, पूर्व मुखिया अशोक दास, मो नूर आलम, अहमद हुसैन, सलीम शेख, कयुम शेख, मकबूल आलम, मो खलील, रविशंकर तिवारी मंटू, दीवाकर तिवारी, मकबूल अंसारी के नाम शामिल है। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, नारायण सिंह, रामनरेश चौधरी, सहदेव प्रसाद, लक्ष्मण मोदी, सुभाष शर्मा ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ पर 23 अप्रैल को सेमिनार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला कोडरमा की बैठक समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में साहू धर्मशाला में की गई। संचालन जिला सचिव गणेश दास ने किया। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट इंद्रदेव राम ने प्रस्तुत किया। बैठक में 23 अप्रैल को अंबेडकर की जीवनी पर सेमिनार करने का फैसला लिया गया है। सेमिनार के पूर्व अंबेडकर चौक झुमरीतिलैया पहुंचकर अंबेडकर के प्रतिमा पर माला अर्पण एवं पुष्पांजलि कर साहू धर्मशाला में सेमिनार में शिरकत करेंगे। यह सेमिनार देश की वर्तमान हालात को देखते हुए संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ नारों के साथ किया जाएगा। सेमिनार मे सभी प्रखंडों से सैकड़ों की संख्या में भाग लेने का फैसला लिया गया। बैठक मे जिप सदस्य महादेव राम, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज रजक, प्रेम प्रकाश, दुर्गा प्रसाद, सिकंदर कुमार, संजय दास, मनोज कुमार दास, प्रदीप राम, रघुनाथ दास, भीम आर्मी के मनोज कुमार दास, विनोद दास, कृष्ण दास, वासुदेव रविदास, रामचंद्र रविदास मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा प्रसाद राम ने किया।

## पश्चिमी सिंहभूम ने कोडरमा को 3 विकेट से हराया




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच मंगलवार को पुलिस लाइन मैदान में कोडरमा और पश्चिमी सिंहभूम के बीच हुई। टॉस जीतकर कोडरमा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 258 रन बनाए। जिसमें प्रियांशु ने शानदार 128 रन, आयुष ने 43 रन और अभिजीत ने 27 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए पश्चिमी सिंहभूम की ओर से सत्यम सिंह ने 5 विकेट, पियूष त्यागी ने 2 विकेट और अनीस ने 1 विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी पश्चिमी सिंहभूम की टीम 48.1 गेंद में 7 विकेट खोकर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें कार्तिक कृष्णा ने 76 रन, साकेत ने 28 रन और अर्चित ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए प्रियांशु और राहुल ने दो 2 विकेट और मानव कुमार पीयूष और आर्यन ने एक-एक विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच पश्चिमी सिंहभूम के कार्तिक कृष्णा को नोवोको सीमेंट के ऑफिसर संतोष कुमार सिंह ने दिया।

## मेरिडियन अकादमी में टीकाकरण का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मेरिडीयन अकादमी झुमरीतिलैया में मंगलवार को मीजल्स रूबेला से बचाव के लिए जिला प्रशासन कोडरमा की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डॉ दीपक कुमार ने किया। विद्यालय के कक्षा प्रथम से लेकर दसवीं तक के बच्चों के लिए मीजल्स रूबेला का टीकाकरण कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडे ने कहा कि रूबेला एक बहुत घातक बीमारी है, जिसका बचाओं टीका के द्वारा ही संभव है इसलिए सभी बच्चे इस टीका को अवश्य कराएं और मीजल्स रूबेला जैसी गंभीर खतरनाक बीमारी से निजात पाएं। इस अवसर पर विद्यालय के तमाम शिक्षक कर्मचारी मौजूद थे।

## झुमरी तिलैया में वार्षिक उत्सव पर गूंजा हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा





**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्याम शरण में आ जा रे.. के पहला वार्षिक उत्सव को ले मंगलवार को झुमरी तिलैया के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से लगभग 151 श्रद्धालु भक्तों ने निशान यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा के चलते समुचा वातावरण बाबा श्याम की भक्ति के रंग में सराबोर रहा। शोभा यात्रा के पूर्व दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा व जीवकांत झा ने करायी। इसमें यजमान के रूप मे संजय नरेडी, ममता नरेडी शामिल हुए। श्रद्धालु भक्त हाथों में निशाल लेकर डॉक्टर गली, स्टेशन रोड, झंडा चौक होते हुए रॉची पटना रोड महाराणा प्रताप चौक से शिववाटिका पहुँचकर निशान अर्पण किया। शोभा यात्रा में कार्यक्रम के संयोजक विपुल चौधरी, रवि दाहिमा, पप्पु सिंह, विवेक सहल, संजय अग्रवाल, अशोक खाटुवाला, दिपेश जेठवा, अरविन्द चौधरी, उमंग कंदोई, आयुष पोदार, विकास शारडा, संतोष लडढा, महावीर खेतान, पीयूष सहल, सज्जन शर्मा, सुनील लोहिया, विजय अग्रवाल, उमेश जोशी, मनोज पिलानिया, सुनील गुटगुटिया, नीतेश अग्रवाल, संजु पिलानिया, संजय जगनानी, अमित संघई, अजय शर्मा, राजेन्द्र वर्मा, संजय खेमानी, यश बंसल, वत्सल कंदोई, सुरेश पीलानियॉ, हिमांशु केडिया, मनोज चौधरी, आश्विनी राजगढिया, सुजीत लोहानी, संजु पिलानियॉ, विष्णु चौधरी गणेश मजुंमदार, गोपी अग्रवाल, बबलु सिंह पंकज केशरी नवीन सिन्हा विशाल कपसिमें, मनोज जोशी, चिंटु अग्रवाल, बबीता जोशी, कुसुम चौधरी, शालिनी दाहिमा, सुजाता जोशी, मधु सिंह, नीतु चौधरी, प्रीति केडिया, पिंकी खेतान, कृत्रिका मोदी, संगीता जेठवा, पुनम सहल, पल्लवी शर्मा, अंचना केडिया, पायल जोशी, दिव्या जोशी सुनीता शारड़ा आदि शामिल थे।

# नगवां टोल प्लाजा के पास होटलों और दुकानों पर चला बुलडोजर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** एनएच 33 के रांची पटना मार्ग स्थित नगवां टोल प्लाजा के एनएचएआई के जमीन पर कब्जा कर होटल, ढाबा, गुमटी और दुकान खोल दिया गया था, जिससे पूरा टोल प्लाजा पार्किंग जोन बन गया था। टोल प्लाजा स्थित सड़क पर ही बड़ी और छोटी गाड़ियां दिन भर खड़ी रहती थी, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। इसको लेकर मंगलवार को जिला प्रशासन और एनएचएआई ने टोल प्लाजा से अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर चलाया। इस दौरान दर्जनों होटल और दुकान के साथ झोपड़ीनुमा गुमटी और ढाबा को भी तोड़ा गया। इससे पहले ही एनएचएआई ने स्वतः अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार अनाउंस भी करवाया था। मंगलवार को प्रशासन बड़ी संख्या में सुरक्षा बल और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बुलडोजर चलाया। इस दौरान कई दुकान दार खुद अपना सामान हटाते देखे गए। प्रशासन ने कहा की भविष्य में फिर अतिक्रमण किया जाता है तो अतिक्रमण करियो से जुमार्ना वसूलते हुए उनपर मुकदमा भी किया जायेगा। वहीं एनएचएआई कर्मी भी माइक से अनाउंस करते रहे की टोल प्लाजा पर जितने भी दुकान लगाए गए हैं उन दुकान को जल्द से जल्द हटा लें अन्यथा प्रशासन के द्वारा करवाई की जायेगी। सदर सीओ राजेश कुमार ने कहा की एनएचएआई के द्वारा लिखित शिकायत दिया गया है, जिसपर करवाई की गई है। एनएचएआई पहले भी सूचित करने का काम किया है की लोग अपना दुकान और सामान हटा लें। लगातार सूचित करने के बाद भी नही हटाया गया। सोमवार को भी अनाउंसमेंट किया गया है। मगर जब दुकान दार अतिक्रमण नहीं हटाए तब प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का काम किया। जबकि टोल प्लाजा के 300 मीटर एरिया में नो जॉन पार्किंग होता है वहां कोई भी दुकान या होटल नही रह सकता।

# एजेंसी की लापरवाही से कंपनी कर्मी की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरकट्ठा।** सोमवार की रात जीटी रोड चौड़ीकरण निर्माण कार्य एजेंसी राजकेशरी की लापरवाही से एक कंपनी वर्कर की मौत हो गई। जानकारी हो कि ग्राम बरकट्ठा निवासी डोमन साव पिता स्व जानकी साव कम्पनी में काम करता था। सोमवार की रात सड़क निर्माण करने के दौरान कम्पनी की मिलर गाड़ी डोमन साव को अपने चपेट में ले लिया। मौके पर उपस्थित कम्पनी के वर्करों के द्वारा आनन फानन में डोमन को बरकट्ठा अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा। हजारीबाग जाने के दौरान रास्ते में ही डोमन की मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। डोमन अपने घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था। उसके मरने से उसके चार बच्चे अनाथ हो गए। घटना के पश्चात मृतक के परिजनों ने शव के साथ कंपनी के कोसमा स्थित प्लांट को बंद कर मुआवजा की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी, बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार, गोरहर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार शाह, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश कुमार, कम्पनी के पदाधिकारी सोमेन बनर्जी उर्फ कानु दा कम्पनी के प्लांट पर पहुंचे। लोगों को समझा बुझाकर कर शांत कराया, जिसके बाद निर्माण एंजेसी के द्वारा मृतक के परिजनों को 3 लाख पच्चीस हजार की मुआवजा देने की बात कही।

जानकारी हो कि चोरदाहा से बरवाड्डा तक जीटी रोड चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। कंपनी राजकेशरी के द्वारा सुरक्षा नियमों को ताक में रखकर काम कर रही है। कंपनी में काम करने वाले वर्करों ने बताया कि कंपनी के द्वारा काम करने के दौरान वर्करों की सुरक्षा का ख्याल नही रखा जाता है। जिसके लोग पेट की आग बुझाने के लिए जान जोखिम में डालकर काम करने पर विवश हैं। बता दें की चोरदाहा से गोरहर तक सड़क निर्माण के दौरान कई जगहों पर वन-वे कर दिया गया है जहां आए दिन सड़क दुघर्टना होती रहती है। आए दिन लोगों को अपनी जान असमय गवाना पड़ रहा है। मानो यह कोषमा से गोरहर तक खूनी सड़क बन गई है, जिससे लोगों की मौत तो हो रही है लेकिन अब वर्कर की भी मौत शुरू हो गई है। एनएचएआई के उदासीन रवैये के कारण निर्माण कार्य का नियमित से मूल्यांकन नही किया जा रहा है।नतीजन निर्माण एजेंसी बेपरवाह,सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है।सेफ्टी के अभाव में आये दिन सड़क हादसे में इजाफे हो रहे है। हालांकि लगातार सड़क दुर्घटना में हो रही मौतें से आम आवाम परेशान है। वहीं अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौन है। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। साथ ही वाहन को जब्त कर लिया।

# करंट से मरे नाबालिग के परिजनों को मिला मुआवजा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुंभा गांव में दिनांक 17 फरवरी को टावर में बिजली सप्लाई होने वाली 11000 वोल्ट के तार गिरने तथा उसकी चपेट में आने से कुशुंभा गांव निवासी स्वर्गीय राजू ठाकुर के 4 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की मौत हो गई थी। मंगलवार को बिजली विभाग के द्वारा विद्युत कार्यपालक अभियंता हजारीबाग के कार्यालय में मृतक प्रिंस की मां को 500000 मुआवजा राशि का चेक दिया गया। बताते चलें कि आजाद सिपाही ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसका असर भी हुआ और आज पीड़ित परिवार को मुआवजा भी मिल पाया। फरवरी 2023 में 11000 बिजली की तार गिरने से प्रिंस कुमार की मौत हो गई थी तथा उसके पूर्व में प्रिंस के पिता की भी आकस्मिक मौत हो गई थी। परिवार काफी गरीब है तथा प्रिंस अपने घर का इकलौता चिराग था। इस घटना के बाद बिजली विभाग के कनीय अभियंता अमित शर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए अपने उच्च पदाधिकारियों का सहयोग प्राप्त कर एक दुखियारी मां के दुखों को कम करने का काम किया। वहीं बिजली विभाग के जीएम अशोक कुमार सिन्हा ने इस मामले में अपनी नजर बनाए रखा तथा हेड क्वार्टर रांची से मुआवजा की राशि को मंगवाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वहीं जिले के सांसद जयंत सिन्हा ने भी अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा एवं मुआवजा राशि जल्द से पीड़ित को मिले इस पर पहल करते रहे। चेक वितरण में विद्युत कार्यपालक अभियंता अंगेश कुमार, एइ दुर्गा रानी केरकेट्टा, जेइ अमित कुमार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि विद्युत सुरेश सिन्हा, कटकमदाग सांसद प्रतिनिधि अजय राणा, कुसुंभा मुखिया कल्लू राम उपस्थित थे।

# गोंदलपुरा में अडाणी कंपनी के अधिकारियों की गाड़ी को ग्रामीणों ने रोका

**लगभग 2 घंटे तक सड़क में अदानी के अधिकारियों को रोका बैरंग लौटे अधिकारी**

**अधिकारियों को दोबारा गांव में नहीं घुसने का ग्रामीणों ने दिया हिदायत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा गांव में अडाणी इंटरप्राइजेज कंपनी के अधिकारी अपनी फोर व्हीलर गाड़ियों से जा रहे थे कि इसी बीच अडाणी कंपनी के विरोध में गाली गांव में आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों ने उनकी सभी गाड़ियों को रोक दिया। सभी आंदोलनकारी महिला पुरुष बीच सड़क पर बैठ कर ही अडाणी कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

सूत्रों की मानें तो कंपनी के अधिकारी गाली होते हुए गोंदलपुरा गांव में अपने निजी कार्य करने जा रहे थे कि इसी बीच आंदोलनकारियों ने बीच सड़क पर लगभग 2 घंटे कंपनी के अधिकारियों और बड़कागांव पुलिस को भी रोक दिया। उपस्थित ग्रामीण एक स्वर में कहने लगे कि जब हम लोग अपनी जमीन अडाणी कंपनी को नहीं देना चाहते हैं तो फिर कंपनी गोंदलपूरा गांव आकर हम लोगों को जीवन यापन करने में बाधा क्यों डाल रही है। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने अदानी कंपनी के अधिकारियों को दोबारा गोंदलपूरा, गाली, बलौदर और हाहे गांव में नहीं घुसने की हिदायत दी। वहीं कहा कि हम लोगों के द्वारा अदानी कंपनी की सभी लोक जनसुनवाइयों का जोरदार विरोध किया गया है, बार-बार विरोध किया गया है। साथ ही हम लोगों ने जमीन नहीं देने का मन बना लिया है। बावजूद इसके कंपनी के अधिकारी हम लोगों को बार-बार परेशान क्यों कर रहे हैं। लगभग 2 घंटे अदानी कंपनी के अधिकारियों और बड़कागांव पुलिस के द्वारा ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किए जाने के बाद ग्रामीणों ने एक न मानी। तत्पश्चात अदानी कंपनी के अधिकारी और बड़कागांव पुलिस बैरंग वापस लौट गयी।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास

**धर्म परिवर्तन कर जबरन निकाह और दुष्कर्म करने के मामले की सुनवाई के पश्चात सुनाई सजा**

**संजीव**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** हिंदू नाबालिग का अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह करने और दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को आरोपी रिंकू अंसारी (पिता गुलाम मुस्तफा, सौदागर मोहल्ला पोस्ट भौरा धनबाद) को 376 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। साथ ही अदालत ने 366 (ए) आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 5 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 20 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं दिए जाने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। नाबालिग के पिता ने सतगावां थाना में आवेदन देकर मामला (कांड संख्या 17/2013) दर्ज कराया था। आवेदन में उन्होंने कहा था कि पड़ोस के एक दुकान में काम करने वाला रिंकू अंसारी उसकी बच्ची को जबरन अपहरण कर शादी की नियत से भगा कर ले जाया गया। बताते चलें कि नाबालिग को मारुति कार के द्वारा जबरन अपहरण कर ले जाने के उक्त मामले में पूर्व में ही चालक को सजा सुना दी गई है। मुख्य आरोपी रिंकू अंसारी फरार चल रहा था। पुलिस की दबिश एवं कुर्की जब्ती का नोटिस चिपकाया जाने के बाद आरोपी ने नाबालिग के साथ सरेंडर किया था। कोर्ट में दिए बयान में नाबालिग ने बताया था कि उसके पिता घर नहीं पहुंचे थे उसी वक्त वह घर से बाहर पिता को देखने के लिए निकली थी। इसी दौरान रिंकू अंसारी ने जबरन कार में बिठा लिया और वहां से धनबाद लेकर चला गया उसके बाद वहां से झालदा फिर दिल्ली लेकर चला गया। रिंकू अंसारी द्वारा गलत एफिडेविट के माध्यम से उसे बालिग दिखाते हुए डुप्लीकेट आधार कार्ड बनाया गया और नाम बदल कर मुस्लिम नाम रखा गया और उसके बाद उससे जबरन निकाह किया। लगभग 10 माह तक दिल्ली में उसे रखा गया और प्रतिदिन उसके साथ दुष्कर्म किया करता था। जब वह बाहर जाता था तो रूम में बाहर से ताला बंद कर देता था उसके द्वारा धमकी दिया जाता था कि अगर किसी को कुछ बताओगी तो तुम्हारे माता-पिता को जान से मार देंगे। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार रोशन ने अभियुक्त का बचाव करते हुए दलीलें पेश की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

## बढ़ती गर्मी और गर्म हवा से बच्चों की तबीयत खराब

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बढ़ती गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ो से जहां आम-जन जीवन अस्त-व्यस्त है, वहीं प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से बढ़ती गर्मी से बच्चों की तबीयत बिगड़ रही है जैसे बच्चो का बेहोश होना, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत होने की खबरे बहुतायत में मिल रही। विष्णुगढ़ में आज न्यूनतम तापमान 23त्सेल्सियस और अधिकतम 40त्सेल्सियस के करीब रहा। बता दे कि आज की इस भयकंर गर्मी की वजह से प्रखंड अन्तर्गत गझंडी के मध्य विद्यालय के छात्र कृष्णा मुर्मू गश खाकर गिर पड़ा, वहीं नवप्राथमिक भलुआ विद्यालय की वर्ग पांच की छात्रा लक्ष्मी कुमारी को चक्कर आने की शिकायत मिली। नवप्राथमिक भलुआ विद्यालय की दूसरी घटना में वर्ग एक के आर्यन कुमार को उल्टी हुई। उपरोक्त घटनाएं संज्ञान में है, परंतु ऐसी और भी घटी घटनाओं को नकारा नही जा सकता। राज्य सरकार, जिला प्रशासन और प्रखंड प्रशासन बच्चो को गर्मी की वजह से हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए जल्द ही कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अभिभावक अपने बच्चों को भी नाश्ता करवाकर और पानी की बोतल जरूर देकर भेजे।

## इफको के द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केमो गांव में इफको नैनो यूरिया तरल तथा नैनो डीएपी तरल प्रयोग और लाभ पर आधारित कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें करीब 40 किसानों ने भाग लियो इस कार्यक्रम में इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया जिसमें इफको नैनो यूरिया और इफको नैनो डीएपी का प्रयोग विधि तथा सामान्य बोरे वाले यूरिया और डीएपी से तुलनात्मक लाभ की भी जानकारी दी गई इसके साथ इफको के अन्य उत्पाद जैसे कि जैव उर्वरक, सागरिका तरल और बालटी और जल में घुलनशील उर्वरकों के प्रयोग और विधि की चर्चा की गई साथ ही साथ जैविक खाद और सुष्म पोषक तत्वों की भी जानकारी किसानों को दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में किसान मित्र सूरज महतो, प्रगतिशील किसान जय प्रकाश मेहता और बिनोद सिंह तथा कराली पंचायत के पेक्स अध्यक्ष बबलू सिंह मौजूद थे।

## क्षेत्र में नहीं थम रहा, जंगल में आग लगने का सिलसिला

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** अभी प्रखंड क्षेत्र में महुआ चुनने और अपनी निजी स्वार्थ के कारण प्राकृतिक के साथ लोग खेलवाड़ कर रहे है। बता दे की अभी महुआ चुनने का सिलसिला जारी है महुआ चुनने के लिए लोग अपनी निजी स्वार्थ के लिए जंगलों में आग लगा दे रहे है जहां जीव जंतु का घर है उस घर को आग लगाया जा रहा है जिसके कारण लाखो जीव जंतु आग लगने से जल कर मर जाते हैं यहां तक कि अपने घर में बड़े जीव जंतु सियार, भालू, हरिन, सांप और राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित अन्य जीव भी अपने घर में सुरक्षित नही है अपनी निजी स्वार्थ के लिए आग लगाया जा रहा है जो शुद्ध हवा और ऑक्सीजन देता है वही पर्यावरण से खिलवाड़ किया जा रहा है बड़े बड़े वादे करते है पेड़ पौधे को बचाने के साथ रक्षा करने का संकल्प लेते है। आग लगने पर वही समाजिक लोग तथा वन के चयनित अध्यक्ष के द्वारा आग बुझाया जाता है। प्रखंड के खैरा, झरपो, अमनारी, बेडमका, खम्भवा, टाटीझरिया, दुधमटिया, बेडम समेत अन्य जंगल में आग लगा कर छोड देता है। सोमवार शाम को टाटीझरिया-खम्भवा सड्क के किनारे अमनारी जंगल में आग लगा दिया गया था जहां जंगल अध्यक्ष शशिकांत प्रसाद, पुर्व अध्यक्ष रामचंद्र महतो और नितेश कुमार के द्वारा आग पर काबु पाया गया।

## जेएसएलपीएस की दीदियों ने सुना गिरिराज सिंह को



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह की दीदियों ने मंगलवार को समाहरणालय के एनआईसी से सहित सभी प्रखंडों में संगठन से समृद्धि कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण देखा। साथ ही केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह के संबोधन को सुना। कार्यक्रम में उपस्थित जेएसएलपीएस की डीपीएम शांति मॉर्टिन ने बताया कि संगठन से समृद्धि कार्यक्रम का केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज के मंत्री ने नई दिल्ली में शुभारंभ किया है। कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के समापन तक दस करोड़ ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## किसान को गलैमर सवार ने मारी टक्कर, किसान गंभीर

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही )।** अमनारी गांव निवासी पोखन ठाकुर, आलू लेकर मंगल बाजार बेचने आ रहा था। बौधा के समीप खंभवा-टाटीझरिया सड़क पर डहरभंगा के चार युवक गलैमर बाइक से बौधा डैम जा रहे थे। इस क्रम में वे सायकिल सवार को जोरदार टक्कर दे मारा। साइकिल सवार का दाहिना पैर मौके पर टूट गया और उसे गंभीर चोट लगी है। दूसरी ओर बाइक सवार चारो युवक भी सड़क पर गिरे, जिससे उन्हें भी हल्की चोट लगी है। गंभीर रूप से घायल ठाकुर को बोलेरो द्वारा सादर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया। जहा से रांची रेफर किया गया। मौके पर थाना पुलिस पहुंच कर बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।

## पढ़ाई नहीं होने के कारण 11वीं के परीक्षार्थियों को म्यूजिक विषय में हुई परेशानी

**बड़कागांव (आजाद सिपाही )।** बड़कागांव प्रखंड के तीन परीक्षा केंद्रों में 11 वीं बोर्ड की परीक्षा आज दूसरे दूसरे दिन विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई। आदर्श मध्य विद्यालय में 492 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज में 503 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्लस टू हाई स्कूल में 405 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्वक हुई। सामाजिक विज्ञान में मैं म्यूजिक के परीक्षार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परीक्षार्थियों के अनुसार कॉलेजों एवं स्कूलों में म्यूजिक के शिक्षक नहीं रहने के कारण म्यूजिक विषय की पढ़ाई नहीं हो पाई। इस कारण परीक्षा देने में उन्हें कठिनाई हुई। परीक्षा को सफल बनाने में आदर्श मध्य विद्यालय में मुख्य रूप से सीएस कुलेश्वर महतो, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, शिक्षक चेत लाल राम, विनोद रजक, दीपक राणा, कमलेश श्रीवास्तव, राजू कुमार, रामवृक्ष राम, शिक्षिका बिना साहू, नीलू कुमारी, शकुंतला कुमारी, चंद्रावती वर्मा, पुष्पा कुमारी, रजनी कुमारी, इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज में प्रबंधक मोहम्मद इम्तियाज, संजय कुमार, गौतम कुमार पांडेय, प्लस टू हाई स्कूल में कृष्ण कुमार कन्हैया, अशोक कुमार राम समेत अन्य शिक्षकों ने मुख्य भूमिका निभाई।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**इचाक (आजाद सिपाही)।** गश्ती पुलिस द्वारा मंगलवार की सुबह पोखरिया गांव के पास खड़ा बालू लदा दो ट्रैक्टर को पकड़ा है। बालू लोड ट्रैक्टर को गांव में ही बिक्री के लिए खड़ा कर रखा गया था। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगो द्वारा पुलिस को दे दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर चालक गाड़ी को छोड़कर भाग निकला। जिसके बाद खड़ा दोनो ट्रैक्टर को जप्त करते हुए थाना ले जाया गया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में आग से बचाव पर कार्यक्रम

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को आग से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन विभाग से जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर, प्रधान अग्नि चालक रामचंद्र महतो और अग्नि चालक रजत कुमार मींज विशेष रूप से मौजूद थे। जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर ने बच्चों को आग से बचाव के कई सुझाव दिए। उन्होंने गर्मी में खुले में आग जलाने, आग पर काबू पाने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि खुले में आग जलाने से आग तेजी से फैलती है और आसपास के इलाकों को अपनी चपेट में लेती है। इससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना भी रहती है। इस बीच बच्चों ने कई सवाल पूछे जिसका जवाब उन्होंने बहुत सरल तरीके से दिया। इस मौके पर स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, संजय तिवारी, सतीश कुमार, रणजीत सिंह, शंकर कुमार, फैयाज कैसर, अभिलाषा सिंह, मनोज पांडेय आदि शिक्षक और सैकड़ों की संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## एसडीओ कोर्ट के आदेश पर खाली हुआ राजा बंगला

# भारी सुरक्षा के बीच दुकानों को कराया गया खाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के प्रसिद्ध राजा बंगला में चल रहे भूमि विवाद का पटाक्षेप हो गया। एसडीओ कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को दंडाधिकारी और पुलिस बलों की मौजूदगी में 13 दुकानों को खाली कराया गया। इस संबंध में दंडाधिकारी सह सीओ सुधीर कुमार व थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो ने बताया कि एसडीओ जावेद हुसैन ने पांच अप्रैल को राजा बंगला में चल रहे तैरह गैराजों को हटाने के लिए दो दिनों का समय निर्धारित किया था। जिसके तहत कार्यपालक दंडाधिकारी प्रभाष कुमार दत्ता और सीओ सुधीर कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया है। इसी प्रक्रिया के तहत राजा बंगला में विवादित दुकानों व गैराजों को हटाया जा रहा है। जिसमें मो मिंहाज, मो रूसत्म, मो अलीमुद्दीन, प्रवेश विश्वकर्मा, गुलाम गैस, मो असरफ, मो नसीम, विजय विश्वकर्मा, छोटेलाल पासवान, मो परवेज, मो वसीर, बसंत विश्वकर्मा, लाला खान के गैराज को खाली कराया गया है। उन्होंने कहा कि जारी आदेश में एसडीओ ने अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय अर्न्तगत चल रहे केस पर सुनवाई करते हुए प्रथम पक्ष के अयुब खान और सैरून निशा को दुकानें खाली कराकर कब्जा दिलाने का निर्देश दिया है।

ज्ञात हो कि राजा बंगला में चल रहे गैराज को हटाने को लेकर विवाद चल रहा है। वर्ष 2018 में भी एसडीओ की अदालत से राजा बंगला की दुकानों को खाली कराने का निर्देश दिया था। लेकिन दुकानदारों ने उच्च न्यायालय से स्टे ऑर्डर ले आया था।

थाना में आवेदन देकर जबरन जमीन कब्जा करने का लगाया आरोप

पतरातू बस्ती निवासी रंजीत कुमार व उसकी मां दयमंती देवी ने मंगलवार की शाम रामगढ़ थाना में आवेदन देकर राजा बंगला स्थित उसके बारह डिसमील जमीन पर आयुब खान द्वारा जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि राजा बंगला स्थित अपनी जमीन पर वे वर्षों से दुकान चला रहे हैं। कुछ दुकान उन्होंने भाड़े पर भी दिया है। लेकिन अयुब खान द्वारा जबरन उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

# पुलिस ने सीसीएल कर्मी का शव बरामद किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय कुजू के समीप बहेराटांड़ जंगल में बरगद पेड़ से झूलता एक सीसीएल कर्मी का शव को कुजू पुलिस ने बरामद किया। वही, पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतार कर अंत्यपरीक्षण हेतू रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। इधर, पुलिस ने प्रथम दृष्टया में मामले को लेकर आत्महत्या की बात कही है। घटना मंगलवार की सुबह की है। शव की शिनाख्त न्यू मंगरदाहा निवासी सीसीएल कर्मी मुकेश गंझु (32 वर्ष) पिता बलकु गंझु के रूप में की गई है। मृतक युवक वर्तमान में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय कुजू में क्लर्क के रूप में कार्यरत था। बताया जाता है कि सोमवार को अपने घर से डयूटी की बात कह कर निकला था। शाम तक जब वह घर नही लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन किया। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने फंदे से सहारे पेड़ से झूलता युवक का शव को देखा। तब इसकी जानकारी परिजनों को मिली। परिजन घटना स्थल पहुंचकर शव का शिनाख्त किया। पुलिस घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। वही, ओपी प्रभार प्रभारी सैनिक सामद ने प्रथम दृष्टया में यह मामला आत्महत्या का बताया। कहा कि पुलिस बारीक से मामले में जांच पड़ताल में जुटी है।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से नव चयनित शिक्षकों के पदस्थापन हेतु विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति द्वारा कुल आठ शिक्षकों के पदस्थापन के मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की आवयश्कता अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पदस्थापित किया गया। वहीं बैठक में उपायुक्त ने स्कूली बच्चों पर बढ़ते गर्मी के प्रभाव पर चिंता जताते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों के टाइम टेबल को प्रतिकूल बनाने हेतु विशेष कदम उठाने की बात कही। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकरी अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्याऊ का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** बाजार समिति परिसर में सोमवार को प्याउ का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बाजार समिति के सेक्रेटरी वसीम अहमद, छावनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव, समाज सेवी अमित सिन्हा, विजय मेवाड़, विमल बुधिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर लोगों ने कहा कि प्याउ के आरंभ होने से बाजार समिति आने वाले लोगों को राहत मिलेगी। क्योंकि यहां से बड़ी संख्या में राहगीर गुजरते हैं। अतिथियों ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है।

प्याउ का शुभारंभ जीतू अग्रवाल एवं कृष्णा प्रसाद अग्रवाल के सौजन्य से किया गया है। मौके पर जितेंद्र प्रसाद डब्लू, सीए अजीत जायसवाल, अरूण कुमार राय, जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, निलेश कुमार गुप्ता, कृति गौरव, विनोद कुमार पंकज, रंजन सिंह, नीरज सिंह, भोलू अग्रवाल, संजय सहित बाजार समिति के कई व्यवसायी उपस्थित थे।

# रिवर साइड-गिद्दी पुल निर्माण को लेकर बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** रिवर साइड भुरकुंडा और गिद्दी ए के बिच दामोदर नदी पर अवस्थित पुल की जर्जर स्थिति हो जाने के कारण बड़ी दुर्घटना की संभावना से बचाव हेतु नए पुल का निर्माण को ले बुध बाजार हाट में गणमान्य और प्रबुद्ध लोगों की बैठक हुई। बैठक में शामिल राजनीतिक एवं सामाजिक दल के कार्यकर्ता व आमजनो ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उक्त पुल की वर्तमान गंभीर स्थिति की जानकारी देते हुए नए पुल का निर्माण हेतु अभिलंब संयुक्त रूप से उपायुक्त रामगढ़, स्थानीय सांसद, विधायक, सीसीएल प्रबंधन सहित माननीय मुख्यमंत्री को आवेदन दी जाएगी। अगर तत्काल नए पुल का निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया गया तो क्रमागत आंदोलन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सीसीएल प्रबंधन से अपील कि गई कि जब तक नए पुल का निर्माण नहीं होता है तब तक कोयले एवं अन्य भारी ट्रांसपोर्टिंग का कार्य तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। मौके पर लव कुमार महतो, रमाशंकर पांडेय, पीडी सिंह, संतोष यादव, विश्वरंजन सिन्हा, विजय कुमार, भोला कुशवाहा, विनोद सिंह, शैलेंद्र कुमार झा, शंभू सिंह, धनराज ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, भीम कुमार, मोनू झा, लखन मेहता, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार अम्बष्टा, रूपेश कुमार सिंह, सूरज कुमार पासवान, सुरेंद्र प्रसाद, संजय पासवान, अनवर अंसारी, अभिजीत कुमार, जय प्रकाश पाण्डेय, रुस्तम राम, अशोक कुमार, राजू मल्होत्रा, मो. चांद, उदय रजक, राजकुमार महतो, तरसेम सिंह, गया साव, जानकी ठाकुर, गुड्डू पाण्डेय, अनिल, मनोज कुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# पतरातू में खतियानी महाजुटान कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**पतरातू ।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के पीटीपीएस आंबेडकर पार्क स्थित मंगलवार को झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति पतरातू इकाई की ओर से खतियानी महाजुटान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जयराम महतो शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने लोगों से कहा कि राज्य के लोगों को हक और अधिकार में सफलता नहीं मिलेगी तो वह शरणार्थी बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ एक साथ अलग हुआ लेकिन वहां के राज्यों में हक और अधिकार के लिए आमजन को को आंदोलन नहीं करना पड़ रहा है आखिर क्यों झारखंड मे जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए आंदोलन राज्य के लोगों को करना पड़ रहा है। इसलिए राज्य के लोगों को पहला लड़ाई पेन कागज से दूसरा लड़ाई 2024 वोट से और 2025 में झुमरा पहाड़ से लड़ाई के लिए उलगुलान करना होगा। और हम सभी झारखंडी माटी भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आना पड़ेगा। उन्होंने एनटीपीसी के विषय में कहा कि जब ब्रिटिश गवर्नमेंट को भारत से भगाया जा सकता है तो एनटीपीसी को भगाने में देर नहीं लगेगी। इस मौके पर नरेश महतो, नंद किशोर महतो, करण महतो, धनेश्वर महतो, चंदन महतो, सुरेंद्र महतो, गोपाल महतो, बादल महतो, रामेश्वर महतो, विशाल महतो, मनोज महतो, उमेश महतो सहित सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष मौजूद थे।

## मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज के संस्थापक की 21वीं पूण्यतिथि मनायी गयी

# उच्च शिक्षा की ज्योत जलानेवाले पुरोधा थे रिखु बाबू : सुजीत सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला के संस्थापक सचिव स्व. रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ रिखु बाबू की पुण्यतिथि मंगलवार (18अप्रैल) को महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। उनके पौत्र सह कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य भोला महथा, वरीय व्याख्याता आशीष कुमार मिश्रा, प्रभात कुमार, संजीव कुमार सिन्हा, महरु रजवार एवं दिलीप रजवार मौजूद थे।

**उच्च शिक्षा का ज्योत जलाने वाले पुरोधा थे स्व. रिखु बाबू :**



सुजीत सिन्हा

पुलिस इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका एक हीं लक्ष्य था कि किस तरह से इस पिछड़े हुए क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके । इसी प्रयास के तहत उन्होंने अपने निजी मकान में हीं मां छिन्नमस्ता कॉलेज की नींव रखी बाद में 2004 में इसे मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज का नया नाम दिया गया। उनके पौत्र ने बताया कि उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीब मेधावी छात्र/छात्राओं को काफी सहयोग किया। वो जिस थाने में पदस्थापित रहे वहां के शैक्षणिक संस्थानों को स्थापित करने या करवाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसका उदाहरण निरसा( धनबाद) और झुमरीतिलैया (कोडरमा) है। निःशुल्क शिक्षा के प्रति वे कृतसंकल्प थे, इसलिए उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के अनेकों छात्र/छात्राओं को आर्थिक मदद देकर उनके शिक्षा रुपी रथ को रुकने नहीं दिया।

# विधायक ने किया कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** चितरपुर स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को विधायक सुनीता चौधरी ने अपने कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पुजारी के रूप में उपस्थित प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ब्रह्मानंद पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराया। इस अवसर पर आजसू नेता अमृतलाल मुंडा, विनोद वर्मा, भानुप्रकाश महतो, महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष टुशील देवी, देवंती देवी, बड़कीपोना मुखिया अरविंद कुमार सिंह, पंसस शंभू कुमार, एमओ मंजू कुमारी, प्रधान सहायक श्रवण कुमार, नाजिर योगेश कुमार गुप्ता, पंचायत सेवक नेमचंद करमाली, सिकंदर अंसारी, सुमित कुमार सिन्हा, रोजगार सेवक कुमार विवेक, रूपेश कुमार, विक्की नायक, कमल साव, आजसू नेता अशोक राम बेदिया, सतीश कुमार, सुराली महतो, सखीचंद राम दांगी, संतोष महतो, अनुराग भारद्वाज, सुबीन तिवारी, ओमप्रकाश चौधरी, सतीश मुंडा, मुनीलाल साव सहित कई आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामगढ़ चैंबर की भुरकुंडा में बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा ।** भुरकुंडा बाजार में मंगलवार को रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नव मनोनित कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल व संचालन दीपक प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ चैंबर के निवर्तमान उपसचिव सह वरिष्ठ समाजसेवी विनय कुमार सिंह व निवर्तमान मनोनित कार्यकारिणी सदस्य श्याम किशोर सिंह उपस्थित थें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने विनय कुमार सिंह और श्याम किशोर सिंह को अंग वस्त्र ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद चैंबर सदस्यो द्वारा पतरातू प्रखंड से नव मनोनित कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल को नये सत्र के प्रभार लेने हेतु अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी गई। बैठक में उपस्थित सभी चैंबर सदस्यो ने स्थानीय समस्याओं व कामकाज पर अपने-अपने विचार रखे। साथ ही आगे इस विषय पर पहल हेतु अपनी बातो को ध्यानाकर्षित किया। मौके पर सुनील कुमार सिंह, शिव कुमार गुप्ता, अशोक चैहान, राम कुमार सिंह, अशोक कुमार, अजय गोयल, संजय कुमार, जय प्रकाश सिंह, जीवन गुप्ता, दिनेश राजगढ़िया, राकेश सिंह, अशोक सोनी, अजय गुप्ता, भोला अग्रवाल, संजय अग्रवाल, बसंत लाल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# भाकपा माले अपनी मांगों के साथ करेगा धरना प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवादाता

**बरकाकाना ।** भाकपा माले पतरातु प्रखंड कमिटी की बैठक घुटूवा सेकेंड गेट पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले सचिव नरेश बडाईक व संचालन अमल घोष ने किया।

बैठक के दौरान भाकपा माले के वरिष्ठ नेता देवकीनंदन बेदिया, नागेश्वर मुंडा, नीता बेदिया, मनोज मांझी, राजेंद्र राम, धनीराम प्रजापति, बृजनारायण मुंडा,पवन गोप एवम तृतियाल बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान आगामी बाइस अप्रैल को ब्रांच स्तर पर पार्टी स्थापना दिवस एवम सत्ताईस अप्रैल को पतरातू प्रखंड में ग्रामीण गरीबों व मनरेगा मजदूरों के सवालों पर धरना प्रदर्शन करने पर सहमति बनी। धरना प्रदर्शन के द्वारा पतरातु प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ, राशन किरासन, मनरेगा मजदूरों को काम दो-काम नही तो भत्ता दो, जमीनों की आनलाइन रसीद निर्गत करने में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग मुख्य मुद्दों के साथ धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

# डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं, अधिकारियों को जल्द निष्पादन करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** डीसी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, शिक्षा, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। जिसके उपरांत डीसी ने मामलों के निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# पीटीपीएस क्षेत्र में डेढ़ लाख की छिनतई

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू ।** पतरातू थाना क्षेत्र के रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी के अकाउंटेंट से डेढ़ लाख रुपए की छींनतई हुई है, रेलवे कंस्ट्रक्शन के हरेंद्र कुमार झां पिता स्वर्गीय जगत नारायण झां खेतनपुर, थाना बैराठ, जिला मुजफ्फरपुर निवासी ने पतरातू थाने में आवेदन दीया है। कहा गया है कि स्टेट बैंक पतरातू से लौटने के क्रम में पीटीपीएस पद संख्या चार के समीप अज्ञात पल्सर बाइक ने पीठ पर लादे बैग को खींचकर फरार हो गया बैग में डेढ़ लाख रुपया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पतरातू पुलिस छानबीन में जुटी है।

# चिपको आंदोलन के 50 वर्ष पूरे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिददी।** चिपको आंदोलन अपने 50 वर्ष पूरे कर रहा है। चिपको आंदोलन के योद्धा सुंदरलाल बहुगुणा और चंडी प्रसाद भट्ट विख्यात हैं इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और वनों का संरक्षण है। इसी उद्देश्य के तहत क्षेत्रीय लेखा कार्यालय परिसर में क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक श्री सुर्य नारायण पांडेय, प्रदेश पर्यावरण संयोजक सह उउछ उङर (इटर) क्षेत्रीय सचिव श्री प्रशांत बेल्थरिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री मदन कुमार, ने वृक्षारोपण किया। और इस आंदोलन के महत्व को बताया। इस अवसर पर अभिषेक ठाकुर, चंदन कुमार सिन्हा, कमलेश्वर मिश्रा, सपन बनर्जी, सुरेंद्र कुमार टुडू, निशान्त कु7पांडेय, चंदन बोदरा, मुकेश कुमार, अजय सागर, सुब्रत मंडल,शिवदेव महतो, राहुल भुइयां, लालू महतो, संदीपन राय, सरस्वती देवी, सत्या देवी, उर्मिला देवी, जानती देवी, प्रभा कुमारी आशा देवी आदि कई लोग उपस्थित थे।

# झारखंड बंद के समर्थन में निकाला गया मशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** रामगढ़ शहर में झारखंड बंद के समर्थक में मंगलवार की शाम मशाल जलूस निकाला गया है। झारखंड सरकार द्वारा लाए गए 60 - 40 के नियोजन नीति के खिलाफ में झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले विशाल मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार के विरोध में नारे लगाए गए। मशाल जुलूस में वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सरकार झारखंडी छात्रों का शोषण कर रही है। उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिसे अब किसी भी सूरत में छात्र बर्दाश्त करने वाले नहीं है। जब तक झारखंड सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू नहीं करती है, तब तक झारखंडी छात्र अपने भविष्य के लिए निरंतर आंदोलन करते रहेंगे। मशाल जुलूस रामगढ़ महाविद्यालय से शुरू होकर ब्लॉक मोड़ बिजोलिया होते हुए सुभाष तक पहुंची। मशाल जुलूस में विभिन्न छात्र संगठनों के छात्र शामिल हुए, जिसमें मुख्य रूप से देव आनंद कुमार महतो, गौतम कुमार महतो, पवन कुमार महतो, आनंद कटिआर, रवि कुमार महतो, रामचंद्र कुमार, रुपेश कुमार, प्रकाश कुमार, नीरज कुमार, मुकेश कुमार, मायाराम महतो, करण महतो, बिहारी महतो, बादल महतो, अंश कुमार, नीतीश महतो, उमेश महतो, राजू महतो, कैलाश महतो, सुदीप महतो, हीरालाल महतो, जयदेव महतो, प्रयाग कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# देश में हीट वेव का गंभीर होता खतरा

नवी मुंबई में रविवार को महाराष्ट्र भूषण सम्मान समारोह के दौरान लू लगने से 11 लोगों की मौत की खबर परेशान करने वाली है। यह महाराष्ट्र सरकार का कार्यक्रम था। मध्य अप्रैल में होने वाले इस कार्यक्रम का समय दिन में साढ़े 11 बजे से एक बजे के बीच पता नहीं क्या सोच कर रखा गया। नवी मुंबई में उस दिन अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इस तापमान में लोगों को कड़ी धूप में बैठे रहना पड़ा। स्वाभाविक ही कार्यक्रम समाप्त होते-होते तक 50 लोगों को लू लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ गया।

जाहिर है हमारी सरकारों को ऐसे मामलों में ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। लेकिन मौसम के बदलते मिजाज से उपजे संकटों का दायरा बहुत बड़ा है। साल-दर-साल गर्म होते जा रहे मौसम से लोगों की जान को तो खतरा बढ़ ही रहा है, अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। भारत में साल 2000 से 2019 के बीच हर साल औसतन 24 दिन हीट वेव वाले रहे, जबकि उससे पहले के 20 वर्षों में औसत आंकड़ा साल में 10 दिनों का ही था। मौसम विभाग के मुताबिक मैदानी इलाकों में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाये, तब हीट वेव की स्थिति बनती है। पहाड़ी इलाकों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और तटीय इलाकों में 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने पर ऐसी स्थिति बनती है।

**नॉर्थ कैरोलाइना की ड्यूक यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च के मुताबिक दिल्ली में जब तापमान बहुत बढ़ जाता है, तो हर घंटे 15-20 मिनट काम का नुकसान होता है। रिसर्च के मुताबिक भारत में हर साल गर्मी से 101 अरब मैन आवर का नुकसान होता है।**

आश्चर्य नहीं कि साल 2010 से 2019 के बीच गर्म मौसम से मौतें करीब 30 फीसदी ज्यादा हुईं। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी हालात कम गंभीर नहीं हैं। नॉर्थ कैरोलाइना की ड्यूक यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च के मुताबिक दिल्ली में जब तापमान बहुत बढ़ जाता है, तो हर घंटे 15-20 मिनट काम का नुकसान होता है। रिसर्च के मुताबिक भारत में हर साल गर्मी से 101 अरब मैन आवर का नुकसान होता है। आने वाले वर्षों में हालात और बदतर ही होने वाले हैं। अनुमान है कि 2030 तक गर्मी से काम के घंटों का नुकसान इतना बढ़ जायेगा कि जीडीपी को ढाइ फीसदी (करीब 250 अरब डॉलर) तक की चपत लग सकती है। दिक्कत यह भी है कि भारत में वर्कफोर्स का करीब 75 फीसदी हिस्सा ऊंचे तापमान वाली जगहों पर काम करता है।

इसीलिए यह और भी जरूरी है कि बचाव के इंतजाम अभी से शुरू कर दिये जायें। इसके लिए कामकाज का पैटर्न बदलना और फैक्ट्रियों के भीतर काम करने के हालात में सुधार लाना होगा।

---

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी खेलों के बारे में काफी बातें करते हैं। पहले हमारे देश के खेल के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए अखबार ही एकमात्र माध्यम था, लेकिन अब अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए जाने से पहले ही हम उनका जश्न मना रहे हैं।**

# मन की बात-100 : एक खेल प्रेमी राष्ट्र के रूप में भारत का उत्सव



अंजू बॉबी जॉर्ज



**जब मैंने विश्व चैंपियनशिप के लिए पहला पदक जीता था, तो मेरे साथी खिलाड़ी जिसने भी पदक जीता था, उन्हें अपने देश के राष्ट्राध्यक्ष का फोन आया था, जो स्टेडियम की स्क्रीन पर दिखाया जा रहा था। और मैं सोच रही थी कि मुझे ऐसा मौका कब मिलेगा।**

भारत में खेलों के लिए यह एक रोमांचक समय है। भारत के पास हमेशा से खेल प्रतिभाओं का एक होनहार और बड़ा पूल रहा है। जरूरत इस बात की थी कि मौजूदा नीतियों में संशोधन किया जाए और नई नीतियों को लाया जाए जो उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं से मेल खाती हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, सरकार जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान, खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण, एलीट खिलाड़ियों को समर्थन और एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो देश के खेल परिदृश्य को बदलने के लिए मिशन मोड में है और देश के कोने-कोने से महिलाएं, दिव्यांगजन और युवा सभी के लिए समान अवसर प्रदान करता है। सफलता की गाथाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के कई खिलाड़ियों के धैर्य, संघर्ष और दृढ़ संकल्प की कहानियों ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' और देश के दिलों में जगह बनायी है।

'खेलो इंडिया' एक गेम चेंजर रहा है। वास्तव में 'खेलो इंडिया गेम्स' भारत के मिनी ओलंपिक की तरह हो गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देकर प्रोत्साहित करने से न केवल युवा खिलाड़ियों बल्कि राज्यों को भी अपने स्वयं के मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए बढ़ावा मिला है। देश में एक समग्र खेल संस्कृति के विकास के अलावा, प्रत्येक खिलाड़ी और उनकी प्रगति को जानने में प्रधानमंत्री जो व्यक्तिगत रुचि लेते हैं, वह भी कुछ ऐसा है जो हमारे देश में पहले कभी नहीं देखा गया था। वह अंतिम रवानगी से पहले और एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट/खेल आयोजन के बाद भारतीय दल के साथ बातचीत करना और उन्हें उनकी सफलता या ईमानदारी से किए गए प्रयासों के लिए प्रेरित करते हैं और बधाई देते हैं।

**'खेलो इंडिया' एक गेम चेंजर रहा है। वास्तव में 'खेलो इंडिया गेम्स' भारत के मिनी ओलंपिक की तरह हो गए हैं।**

प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी खेलों के बारे में काफी बातें करते हैं। पहले हमारे देश के खेल के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए अखबार ही एकमात्र माध्यम था, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट के लिए जाने से पहले ही हम उनका जश्न मना रहे हैं।

कॉमनवेल्थ हो या ओलंपिक जाने वाला भारतीय दल या खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेने वाले युवा, 'मन की बात' एक ऐसा मंच बन गया है, जहां खेल के मोर्चे पर देश की उपलब्धियां सामने आती हैं। और आज, जब 'मन की बात' 30 अप्रैल, 2023 को अपना शतक पूरा करने जा रहा है, तो मुझे यकीन है कि इतने सालों में इसके सभी एपिसोड ने एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा को तराशने और एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरणा का काम किया है।

जब मैंने विश्व चैंपियनशिप के लिए पहला पदक जीता था, तो मेरे साथी खिलाड़ी जिसने भी पदक जीता था, उन्हें अपने देश के राष्ट्राध्यक्ष का फोन आया था, जो स्टेडियम की स्क्रीन पर दिखाया जा रहा था। और मैं सोच रही थी कि मुझे ऐसा मौका कब मिलेगा। इस लिहाज से आज के युवा खिलाड़ी वाकई खुशकिस्मत हैं कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' जैसे अहम मंच पर उनके बारे में बात कर रहे हैं। वे उनके व्यक्तिगत हितों को भी अच्छी तरह से जानते हैं और उनके वापस आने पर उन्हें भव्य विदाई दे रहे हैं और उनका सत्कार भी कर रहे हैं। पूरा भारत और खासकर युवा पीढ़ी के लोग इसे देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि खेल पदक जीतने और भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने तक ही सीमित नहीं है। यह मुख्य रूप से हमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सतर्क और खेल भावना का पोषण करके व्यक्तिगत व्यक्तित्व का विकास करता है। खेल, कुल मिलाकर, एक राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्व रखता है। वे दिन गए जब लोग केवल क्रिकेट के पीछे भागते थे। आज, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में भारत की भागीदारी से एक बहुत बड़ा राष्ट्रीय गौरव जुड़ा हुआ है। चाहे वह बैडमिंटन हो, भाला फेंक, हैंडबॉल, या तलवारबाजी, और यहां तक कि मल्लखंब और कलारीपयट्ट जैसे स्वदेशी खेल, आज लोग दुनिया भर में तिरंगे को लहराने वाले खिलाड़ियों के लिए उनकी प्रशंसा में एकजुट हैं।

ओलंपिक 2020 से ठीक पहले, प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के श्रोताओं से 'चीयर फॉर इंडिया' के साथ टोक्यो जाने वाले खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह किया, जो बाद में एक अभियान में बदल गया, जिसमें स्कूली छात्रों से लेकर मशहूर हस्तियों तक की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने खिलाड़ियों के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। यह देखना दिलचस्प है कि एक देश के रूप में हम अपने खिलाड़ियों का जश्न मनाने के विभिन्न तरीके खोज रहे हैं। खेल के मोर्चे पर यह गति भारत के लिए अभूतपूर्व है और खेलों में एक नया जोश भरने के लिए मैं प्रधानमंत्री की आभारी हूं।

परिणाम सबके सामने हैं। टोक्यो ओलंपिक में सात और पैरालिंपिक में 19 पदकों के साथ भारत ने चार दशकों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण पदक सहित कुल 61 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय थॉमस कप (बैडमिंटन) टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारतीय पुरुष टीम ने 14 बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया को हराकर चैंपियनशिप जीती। डेफलम्पिक्स ब्राजील के लिए भारतीय दल ने 16 पदकों के साथ देश के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नयी युवा प्रतिभाएं जबरदस्त प्रदर्शन कर रही हैं और पूरा देश उनकी जीत का आनंद उठा रहा है।

'मन की बात' ने एक मंच के रूप में नागरिकों, विशेषकर युवाओं में देश में खेलों के प्रति सामूहिक उत्साह को प्रेरित किया है। 'मन की बात' के कई एपिसोड में प्रधानमंत्री ने युवा पीढ़ी से खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाने की सीधी अपील की है। अपने रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से, उन्होंने भारत के समग्र विकास के लिए खेल को एक महत्वपूर्ण पहलू बनाने के लिए 'सबका प्रयास' की भावना पैदा की है और लोग, सरकारें, खिलाड़ियों और संघ मिलकर इस दृष्टि को नए भारत की वास्तविकता बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं ह्यमन की बातह्ण के आने वाले 100वें एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं और हमारे प्रधानमंत्री को उन आम लोगों को उनकी बात सुनने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित देख रही हूं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है।

**लेखक भारतीय ओलंपियन और भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन की उपाध्यक्ष हैं।**

---

## जमशेदपुर की खबरें

### कोल्हान विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ ने करायी आपत्ति दर्ज

# कुलपति और कुलसचिव से करेंगे मुलाकात

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कोल्हान विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा विश्वविद्यालय के आदेश पर एक आदेश जारी किया गया है।जिसमें महाविद्यालय परिसर में घंटी आधारित शिक्षकों को भी प्रत्येक कार्यदिवस 7 घंटे महाविद्यालय में रुकने की बात कही गयी है, जो सरासर गलत है। मंगलवार को झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने एक विज्ञप्ति जारी कर विरोध दर्ज कराया। श्री पांडेय ने कहा वर्तमान में मानदेय घंटी के हिसाब से भुगतान किया जाता है। प्रत्येक कार्यदिवस में 4 कक्षा अधिकतम का पैसा दिया जाता है। तो फिर बाकी नियमित शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी की तरह 7 घंटे महाविद्यालय परिसर में ठहरने का आदेश देना हास्यास्पद निर्णय है। विश्वविद्यालय महाविद्यालय को अगर घंटी आधारित शिक्षकों को भी 7 घंटा नियमित शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की तरह परिसर में रखना है तो नियमित शिक्षकों की तरह समान वेतन और सुविधा उपलब्ध कराया जाय ताकि वे भी उतना समय परिसर में दे सके। अन्यथा घंटी आधारित शिक्षक पूर्व की भांति कक्षा संचालन के पश्चात परिसर छोड़ देंगे। इसको लेकर जल्द ही झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ की विश्वविद्यालय ईकाई कोल्हान विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल कुलपति एवं कुलसचिव से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज करायेगी।

# वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के रूप में गजराज सिंह चरण ने संभाला पादभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के रूप में गजराज सिंह चरण ने पादभर संभाले। उन्होंने इससे पूर्व चक्रधरपुर डिवीजन के सीनियर डी ओ एम के रूप में महत्त्वपूर्ण पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं। गजराज सिंह चरण ने पादभर संभालते ही सभी कर्मचारियों से मुलाकात कर अपने कार्यों के प्रति ईमानदार और कर्त्तव्यनिष्ठ होने का निर्देश दिया। वही सभी कर्मचारीयों ने उनका गर्मजोशी से पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही भविष्य में गजराज सिंह चरण द्वारा उनके हर कार्यों में सहयोगी बने रहने की बात कही।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व विधायक बाबू मुकुंद राम तांती

# पिछड़ों, वंचित और शोषितों की आवाज थे मुकुंद बाबू: निरंजन तांती

आजाद सिपाही संवाददाता

**खरसावां।** खरसावां के आमदा में पान तांती समाज की ओर से बहरागोडा के प्रथम विधायक रहे स्व मुकुंद राम तांती की 18वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। समाज के लोगों ने स्व मुकुंद राम तांती की तसवीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की गयी। इस दौरान पान तांती संघ के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन तांती ने कहा कि पान समाज को अपने नेता पर गर्व हैं। उन्होंने कहा कि मुकुंद बाबू का सपनों का साकार करना है। इसके लिये समाज के लोगों को एकजुट कर शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देना होगा। पान-तांती समाज के लिये बाबू मुकुंद राम तांती प्रेरणा पुंज है। स्व मुकुंद बाबू के प्रेरणा से समाज हित में कार्य करना है। वे आजीवन समाज के लिये कार्य करते रहे। निरंजन तांती ने खरसावां में भी मुकुंद बाबू की प्रतिमा स्थापित करने के लिये सामाजिक स्तर पर पहल करने की बात कही गयी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रुप से निरंजन तांती के अलावे उपेंद्र तांती, सरद कुमार पाण, अर्जुन मल्लिक, प्रमोद तांती, कालीचरण पान, बबलू तांती, हरिशचंद्र पात्र, दिलीप तांती, घनश्याम तांती, नवकिशोर तांती, रोहित दास, मंजु दास, शिल्पी दास, देवीलाल तांती, राहुल तांती, नागेंद्र तांती, बनिता तांती, लक्ष्मी तांती, प्रतिमा तांती, बविता तांती, परमेश्वरी पान, पूर्णिमा तांती, पुष्पा तांती, चंपा देवी, गौरी तांती, पुष्पा देवी आदि उपस्थित थे।

### श्रीनाथ विश्वविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी पर कार्यशाला आयोजित

# साइबर क्राइम से बचने के लिए दिये टिप्स

आजाद सिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 'श्रीनाथ विश्वविद्यालय' तथा 'श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन' के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यशाला का आरंभ मुख्य अतिथि साइबर डीएसपी से जयश्री कुजूर तथा गुजरात से आए मुख्य वक्ता हर्ष रावल, पूर्वांग देसाई, जय-ए-रावल तथा श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गोविंद महतो के हाथों दीप प्रज्वलित कर हुआ। स्वागत भाषण कुलपति डॉक्टर गोविंद महतो ने दिया। डीएसपी जयश्री कुजूर ने साइबर क्राइम पर चर्चा करते हुए कहा कि साइबर सिक्योरिटी का सबसे पहले अर्थ समझना जरूरी है कि साइबर सिक्योरिटी क्या है। अपने डाटा को चोरों और ठगों से बचा के रखना ही साइबर सिक्योरिटी हैं। क्योंकि आज के समय में हमारी कई चीजें डेटा के रूप में होती है इसलिए ऐसे संवेदनशील डाटा को बचा कर रखना आवश्यक होता है। साइबर सिक्योरिटी की आवश्यकता इसलिए हमारे लिए बढ़ जाती है। उन्होंने फिशिंग का अर्थ समझाया साथ वह विशिंग वॉइस कॉल के बारे में भी बतायी कि कैसे वाइस कॉल के द्वारा आपसे आपका पिन ओटिपी ठग पूछते हैं और आप ठगी के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें प्रत्येक चीज के लिए इंटरनेट सर्च इंजन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। आज आप कोई ऐसा सर्च इंजन सर्च न करजिससे कि आप की गुप्त चीजें दूसरों तक पहुंच जाये।

### हैकर आपके माइंड से खेलता

मुख्य अतिथि जयश्री कुजूर ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वस्तुतः कोई हैकर्स आपसे ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं है परंतु हम थोड़े से लालच में आकर कभी-कभी इन ठगों के शिकार बन जाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि हम सब फेसबुक, इंस्टाग्राम का इस्तेमाल जरूर करते हैं पर हम में से ऐसे कई लोग हैं जो फेसबुक से लॉगआउट होना आवश्यक नहीं समझते हैं और इस तरह की गतिविधि से आप अपने कुछ निजी बातों को लोगों के सामने खुला छोड़ देते हैं और यह आपके लिए खतरनाक सिद्ध हो सकता है। आप अपनी सभी गतिविधि को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ना डालें क्योंकि इससे ठगों को आप की प्रत्येक गतिविधि की जानकारी हो जाती है। साथ ही आपको कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के वीडियो कॉल को रिसीव नहीं करना चाहिए क्योंकि उसके माध्यम से आपको वह व्यक्ति ब्लैकमेल भी कर सकता है। हैकर्स आपके माइंड से खेलता है। आप सोशल मीडिया पर जरूर एक्टिव रहे परंतु आपका सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है जिससे आप ठगों के शिकार होने से खुद को बचा सकेंगे। आप अपने लिए कम से कम दो फोन नंबर रखे और दो मेल आइडी रखें क्योंकि आप जिस मेल आइडी और जिस फोन नंबर को अपने बैंक अकाउंट से कनेक्ट कर रखे हैं वह नंबर और वह मेल आइडी आप हर किसी को ना दे तो आप काफी हद तक अपने आप को सुरक्षित कर लेंगे। साइबर सिक्योरिटी कार्यशाला में गुजरात के गांधीनगर से हर्ष ए रावल, जय रावल तथा पूर्वांग देसाई साइबर दोजो कंपनी से जुड़े थे। हर्ष ए रावल जो ज्वाइंट रीजनल डायरेक्टर हैं डोजो कम्पनी गुजरात के, वह कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को साथ लेकर ऑनलाइन कई गतिविधियों को संपन्न किया जिससे उपस्थित स्टूडेंट्स साइबर सिक्योरिटी से जुड़े कई अहम बातों को समझ सकें। हर्ष रावल ने कहा कि आज साइबर सिक्योरिटी में कैरियर की बहुत अधिक संभावना है। आज जितनी भी बड़ी कंपनियां है उनके यहां साइबर सिक्योरिटी में जॉब के कई अवसर हैं, यह एक डायनेमिक क्षेत्र है।

### एसपी के निर्देश पर आदित्यपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 27 पेटी अवैध विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए टाटा मैजिक गाड़ी में लगभग ढाई लाख रुपए की नकली शराब जप्त कर एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी चांडिल की ओर से एक टाटा मैजिक गाड़ी में लाखों रुपए की नकली शराब लोड है। जिले के एसपी के निर्देश पर एक टीम गठित कर कारवाई किया गया। पुलिस ने सापड़ा मोड़ के समीप से पिकअप वैन संख्या जेएच 01 डीडी-6302 को रोक कर तलाशी के दौरान 27 पेटी विदेशी शराब बरामद किया गया।कागजात मांगने पर वाहन में मौजूद चालक राजेश हेम्ब्रम एवं अन्य व्यक्ति द्वारा दिखाने से असमर्थता जाहिर की। वही पूछताछ के दौरान चालक मौका देख भाग निकला, जबकि एक अन्य गोपाल जोंको को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद विधिवत कारवाई करते हुए वाहन एवं नकली शराब को जप्त कर लिया गया। उन्होंने बताया पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए उप चालक ने बताया उक्त नकली शराब खरसावां ले जाया जा रहा था। फिलहाल कार्रवाई करते हुए युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापामारी टीम में थाना प्रभारी राजन कुमार के साथ एएसआइ अभिषेक कुमार, राजू राणा, सुमन सौरभ, विकास कुमार एवं अन्य सशस्त्र बल मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## डीडीसी और जिप उपाध्यक्ष ने किया जिला परिषद मार्केट का निरीक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त सह जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राजेश राय ने गढ़वा थाना के सामने स्थित जिला परिषद मार्केट परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीसी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने पूरे मार्केट परिसर में घूमकर व्याप्त समस्याओं की जानकारी ली। मौके पर जिला परिषद दुकानदारों ने डीडीसी को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के निदान की मांग की। सौंपे गये मांग पत्र में मार्केट परिसर में बिजली, पानी, शौचालय, सफाई एवं मार्केट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने, मार्केट परिसर के खाली स्थानों में सब्जी मंडी लगाने, माह में दो दिन दुकान का किराया लेने के लिए कैंप लगाने आदि की मांग किया। दुकानदारों ने बताया कि रात होते ही मार्केट परिसर असमाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। आये दिन चोरी की भी घटना होते रहती है। इस पर डीडीसी एवं जिप उपाध्यक्ष ने तत्काल इन समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। मांग पत्र सौंपने वालों में दुकानदार संघ के औरंगजेब खान, आलोक मिश्रा, जितेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश पांडेय, अश्विनी कुमार शुक्ला, अमित पाठक, प्रभात सिंह, वेद प्रकाश केशरी, अनुज दुबे, अविनाश कश्यप, शमीम सागर, रिजवी हसन, शमी अहमद, मुतुर्जा अंसारी, खालिद अंसारी आदि के नाम शामिल हैं।

## श्री बंशीधर नगर ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार और शुक्रवार को नि:शुल्क सेवा देंगे से.नि. सीएस डॉ कन्हैया सिंह



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला का एकमात्र ट्रॉमा सेंटर अस्पताल डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है। डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए अवकाश प्राप्त चिकित्सा अधीक्षक कन्हैया प्रसाद सिंह खुद को अस्पताल से जोड़ने के प्रयास में हैं। कन्हैया प्रसाद सिंह ने निशुल्क सेवा देने पर सहमति जतायी है। गढ़वा के अवकाश प्राप्त चिकित्सा पदाधिकारी कन्हैया प्रसाद सिंह अब श्री बंशीधर नगर स्थित ट्रॉमा सेंटर में निशुल्क सेवा देंगे। उन्होंने बताया की सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को ट्रॉमा सेंटर में गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज जैसे आर्थराइटिस, लकवा, गठिया, पीठ दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द इत्यादि जैसी बीमारियों का निशुल्क इलाज करेंगे। उन्होंने यह भी बताया की आने वाले समय में अल्ट्रासाउंड व विभिन्न तरह की जांच भी ट्रॉमा सेंटर में निशुल्क होने लगेगी। जिससे असहाय रोगियों को किसी प्रकार का कष्ट नहीं झेलना पड़ेगा। मौके पर सहयोगी सूरज कुमार, चंद्र कुमार, अतेंद्र कुमार, ओम कुमार, अरविंद पासवान, बबलू कुमार और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## रंका पुलिस ने दो बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर दोनों के चालक और मालिक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के गासेदाग गांव से रंका पुलिस ने बालू लदे दो ट्रैक्टर सहित दो चालक एवं ट्रैक्टर के मालिक को रंका थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर गढ़वा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि नदियों में अबैध बालू का कारोबार चल रहा है। जिसके आलोक में विशेष दल गठित कर अवैध रूप से बालू उत्खनन कर रहे कारोबारियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने छापामारी कर दो बालू लदे ट्रैक्टर एवं चालक संतोष लोहरा, पिता मुनारिक लोहरा, ग्राम हरी दोहर, चिनियां तथा कल्यानी सिंह, पिता राम जी सिंह सात ही ट्रैक्टर चालकों की निशानदेही पर ट्रैक्टर मालिक तस्लिम अंसारी, पिता सिराजुद्दीन अंसारी, ग्राम कुट्टी रमकंडा तथा मनोज तिवारी, पिता राम चरित्र तिवारी, ग्राम गासेदाग को रंगे हाथों गिरफ्तार कर वन उत्खनन की धारा 389, 411, 34 भादवि जेएमएमए एक्ट रूल 2004 के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इनके विरुद्ध रंका थाना कांड संख्या 70/2023 दर्ज किया गया है।

## अवैध वसूली : उजाला फाउंडेशन बिटिया निधि योजना का खाता खोलने के नाम पर वसूल रहा है पैसा

# 300 महिलाओं ने 1200-1200 रुपये देकर खुलवाया खाता

**18 साल बाद पैसा नहीं मिलने की जानकारी के बाद महिलाओं ने किया हंगामा**

सोनू कुमार गुप्ता

**गढ़वा।** जिले में उजाला फाउंडेशन द्वारा सामाजिक कार्य प्रशिक्षण के नाम पर महिलाओं से बिटिया निधि योजना का खाता खोलवाने के लिए 1200 रुपये की अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार कल्याणपुर में उजाला फाउंडेशन का कार्यालय संचालित किया जाता है। जिसका मुख्यालय कभी रांची तो कभी पटना बताया जा रहा है। उजाला फाउंडेशन संस्था द्वारा महिलाओं से 400 रुपये लेकर सिलाई सिखाने के नाम पर बुलाया गया था। जब महिलाएं पहुंचीं तो संस्था द्वारा कहा गया कि उजाला फाउंडेशन संस्था का यूकास्टा बैंक से अच्छा संबंध है। इस बैंक में बिटिया निधि योजना का एकाउंट खोला जा रहा है। जिसमें शून्य से 15 वर्ष तक की लड़की का खाता खुलेगा। बैंक में खाता खुलवाने के लिए 1200 रुपये देना होगा। 1200 रुपये देने के बाद लड़की के नाम से पासबुक मिलेगा। उक्त पासबुक में 800 रुपये चढ़ा दिया जाएगा। उसके बाद हर महिना बच्ची के खाते में दो हजार रुपये जाएगा। लड़की के खाते में 18 वर्ष तक पैसा जाएगा। जब लड़की की शादी होगी तब पैसा की निकासी होगी। इससे पहले पैसा की निकासी नहीं होगी। एकाउंट ब्लाक रहेगा। इसी बात की लालच में आकर गढ़वा जिले की 300 महिलाओं ने 1200-1200 रुपये देकर अपनी-अपनी बेटी के नाम से खाता खुलवा लिया। मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों से महिलाएं कल्याणपुर स्थित उजाला फाउंडेशन कार्यालय में पहुंची थीं। इसके बाद महिलाओं को किसी तरह से जानकारी मिली कि यह पैसा 18 साल बाद नहीं मिलेगा। इसके बाद महिलाओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। यह संस्था दिसंबर 2022 से गढ़वा में चल रही है।



### इन महिलाओं ने खाता खोलने के लिए जमा किये रुपये

जानकारी के अनुसार संगीता देवी ने दो लड़की का खाता खुलवाने के लिए 2400 रुपये, अंगीता देवी ने दो लड़की के लिए 2400 रुपये, रीना देवी ने तीन लड़की के लिए 3600 रुपये, प्रभारी देवी ने 1200 रुपये, मुनी देवी ने तीन लड़की के लिए 3600 रुपये, शोभा देवी ने 1200 रुपये, रेखा देवी ने दो लड़की के लिए 2400 रुपये, पूनम देवी ने 2400 रुपये, शांति देवी ने 1200 रुपये, बेबी देवी ने 1200 रुपये, नीतू देवी ने 2400 रुपये और सुशीला देवी ने 1200 रुपये जमा किये हैं।

### महिलाओं ने स्वेच्छा से खाता खुलवाने के लिए दिये हैं 1200 रुपये : कार्यालय प्रभारी

इस संबंध में पूछे जाने पर संस्था के गढ़वा कार्यालय प्रभारी ने बताया कि उजाला फाउंडेशन द्वारा अवैध पैसा की वसूली नहीं की गयी है। महिलाओं ने स्वेच्छा से अपनी बेटी के नाम से खाता खुलवाने के लिए 1200 रुपये दिये हैं। जिनका खाता खुल गया है उनको पासबुक मिल चुका है। एक माह का दो हजार रुपये भी एकांउट में जमा करा दिया गया है। बैंक से 18 वर्ष बाद ही पैसा मिलेगा। जिनको नहीं खाता नहीं खुलवाना है उनका पैसा वापस कर दिया गया है।

## फुटबॉल सेंटर ऑफ एक्सलेंस केंद्र के लिए खिलाड़ियों का चयन आज से

**खेल विभाग रांची की छह सदस्यीय टीम पहुंची गढ़वा**

**दो दिवसीय चयन ट्रायल में गढ़वा, पलामू और लातेहार जिला के फुटबॉल खिलाड़ी लेंगे भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची द्वारा नवसृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) हेतु बालक एवं बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय चयन कल से रामा साहू हाई स्कूल मैदान गढ़वा में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट एवं फुटबॉल स्किल टेस्ट लिया जाएगा। बैट्री टेस्ट अन्तर्गत ऊंचाई, वजन, 30 मीटर, 6 गुणा, 10 मीटर सटल रनिंग, बॉल थ्रो, 800 मीटर, वर्टिकल जंप, स्किल टेस्ट के अंतर्गत ड्रिबलिंग, जैगलिंग, बॉल कंट्रोलिंग, विथ बॉल रनिंग एंड टर्निंग, विथ बॉल जिग जैग मूवमेंट, मैच सिचुएशन गेम्स समेत कई तरह के टेस्ट लिए जायेंगे। जिला के वैसे सभी फुटबॉल खिलाड़ी जो अहर्ता रखते हों आवश्यक रूप से कल 19 अप्रैल 23 को प्रातः 07 बजे, रामा साहू हाई स्कूल इंडोर स्टेडियम गढ़वा में पहुंचे और अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए चयन ट्रायल में भाग लें।

उपर्युक्त स्थल से चयनित खिलाड़ियों का अंतिम चयन प्रक्रिया 28 एवं 29 अपैल को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी, रांची में किया जायेगा। अंतिम रूप से चयनित (बालक/बालिका) खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी।

चयन के लिए चयन समिति के देवेन्द्र कुमार सिंह, खेल परामर्शी सह प्रतियोगिता प्रबंधक साझा, मो. सलीम, आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चाईबासा, अजय सुभाष तिर्की, आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, गिरिडीह, योगेश प्रसाद यादव, आवासीय एथलेटिक प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज, सतीश मिंज सहायक प्रशिक्षक आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र गुमला, आज गढ़वा पहुंचे। अधिकारियों ने रामा साहू हाई स्कूल के मैदान का निरीक्षण किया और निर्णय लिया कि दौड़ एवं फुटबॉल टेस्ट मैदान में कराया जाएगा, जबकि खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन, वजन, ऊंचाई, वर्टिकल जंप इत्यादि रामा साहू हाई स्कूल में अवस्थित इनडोर स्टेडियम (कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र) में किया जाएगा। बुधवार को समयः प्रातः 7:00 बजे से चयन शुरू करने का निर्णय लिया गया। यह सभी निर्णय कड़ी धूप को देखते हुए भाग लेने वाले खिलाड़ियों के हित में लिया गया है।

इस अवसर पर गढ़वा के कुश्ती कोच शैलेंद्र पाठक, लल्लन पहलवान, एथलेटिक्स कोच अरविंद डूबे, रामा शंकर सिंह, वॉलीबॉल कोच प्रभात रंजन तिवारी, खेल कार्यालय गढ़वा के कंप्यूटर ऑपरेटर ललन कुमार, आदेशपाल कुश कुमार उपस्थित थे। उक्त जानकारी विभागीय कुश्ती प्रशिक्षक शैलेंद्र पाठक द्वारा दी गई।

## जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने से जुड़ी प्रक्रिया को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आज समाहरणालय, गढ़वा के सभा कक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची से आये सहायक निदेशक अरुण मुण्डा के द्वारा जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों को विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में सीआरएस रिपोर्टिंग, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आ रही आमजनों की समस्या, जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने की पूरी प्रक्रिया समेत अन्य को लेकर सहायक निदेशक द्वारा संपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी प्रमाण पत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न किये, जिनका उत्तर सहायक निदेशक द्वारा दिया गया। कार्यशाला में निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन समेत जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल गढ़वा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मंझिआंव, कार्यपालक पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी पंचायत सचिव एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।


**Expression of Interest/Rate Contract**

**Very Urgent Procurement/Auction Notice**

Tender Notice No.: ________/2023-24 Date…../…../2023

Jhumri Telaiya Municipal Council, District Koderma, Jharkhand Invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for all types of Scrap material abandoned by Urban Local Body (ULB). Tender documents with detailed conditions can be purchased after publication of NIT from Municipal Council Office. Technical bid and financial bid should be submitted in prescribed format before declared due date.

| Sr. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of service/work | Purchase, transportation and disposal of all types of Scrap material |
| 2 | Date of publication of tender. | 17/04/2023 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | On Date: 25/04/2023 latest by 05:00. P.M. The bidders may visit Nagar Parishad, Jhumri Telaiya premises and other related places for survey / assessment and evaluation of discarded scrap material. |
| 4 | Date / time/ venue for opening of submitted bids and auction | 26/04/2023 ; 11.30 AM at Jhumri Telaiya Municipal council office, Addi Bangla Jhumri Telaiya |
| 5 | Tender Document Fee (Non-refundable) | Rs.5000/- (Rs. Five Thousand Only) |
| 6 | Bid Security/EMD Deposit | Rs. 10,000.00 (Rs. Ten Thousand Only) |
| 7 | Contact Details | Email id – jhumritelaiyamucicipalcouncil@gmail.com City Manager – 7004049486 Sanitary Inspector - 9304076837 |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through WWW. udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Jhumritilaiya/Jhumritilaiya.aspx as and when required.

Executive Officer

PR 295385 Urban Development (23-24)_D **Jhumri Telaiya Municipal Council**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या – 1 वर्ष 2023–2024**

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि एवं समय :- दिनांक: **26.04.2023** को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक: **27.04.2023** को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक: **27.04.2023** को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान :- 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान :- 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | S/R of S.P. Residence Building in inner side Khunti, Dist – Khunti for the Year 2022-23. | 10,60,792.00 | 2,500.00 | 21,300.00 | 15 Days |

**नोट :–** झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR.NO.295384 Building(23-24):D



**राँची समाहरणालय, राँची**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

**आम सूचना**

एन0एच0–23 पिस्का से पलमा सेक्शन (ROB) परियोजना अन्तर्गत मौजा–नारो एवं टिकराटोली में उपायुक्त महोदय के निदेशानुसार निम्नांकित तिथियों में मुआवजा भुगतान हेतु शिविर का आयोजन किया गया है, जो कि निम्नवत है :–

| दिनांक | समय | संबंधित मौजा का नाम | स्थान | कर्मियों के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 24/04/2023 सोमवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |
| 25/04/2023 मंगलवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |
| 26/04/2023 बुधवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |
| 27/04/2023 गुरूवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |
| 28/04/2023 शुक्रवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों यथा खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची

PR295418 (Land Reforms)23-24*D


## अवैध बालू उत्खनन : हरिहरपुर ओपी क्षेत्र की सोन नदी से अवैध बालू का धंधा बेरोकटोक जारी

# शाम होते ही आधा दर्जन ट्रैक्टर सोन नदी से शुरू कर देते हैं बालू का उठाव

**सोन नदी से बालू का उठाव कर दरीदह गांव स्थित एलएनटी कंपनी में बेचा जा रहा है ऊंचे दाम पर**

अरुण कुमार चौबे



**हरिहरपुर।** 'बालू' प्रशासन के लिए सिर दर्द बना रहता है। हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के श्रीनगर स्थित सोन नदी से अवैध तरीके से बेखौफ बालू लूट की छूट है। यह कारनामा पिछले कई दिनों से धड़ल्ले से बेरोकटोक जारी है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से शाम होते ही आधा दर्जन ट्रैक्टर सोन नदी से बालू की उठाव कर रहे हैं। स्थानीयता की दबंगता दिखाते हुए कभी-कभी दिन में भी सरेआम सोन नदी से बालू की चोरी की जा रही है। अवैध बालू उठाव की सूचना के पश्चात जांच पड़ताल की गयी तो श्रीनगर सीडी के सामने सोन नदी में करीब दो सौ फीट की परिधि में करीब आठ से दस फिट गड्ढा कर बालू उठाव किया गया है। वह गड्ढा कल के लिए स्थानीय लोगों के लिए खतरा बन सकता है। सूखे बालू के धंसने से आए दिन बच्चों के दबने की आशंका के अलावा बरसात के दिनों में गड्ढे में पानी भरने से खतरा उत्पन्न हो सकता है। पिछले कई दिनों से सोन नदी से बालू का उठाव कर दरीदह गांव स्थित एलएनटी कंपनी में ऊंचे दाम पर बालू बेचा जा रहा है। उसकी पुष्टि एलएनटी में काम करने वाले एक नाईट गार्ड ने किया। नाम नहीं छापने की शर्त पर नाईट गार्ड ने बताया कि रोज रात में पास की नदी से बालू की चोरी कर कंपनी में सप्लाई किया जाता है। गौरतलब हो कि सोन नदी से पाइप लाइन के माध्यम से जिले भर में सिंचाई व पेयजल के लिए पानी सप्लाई का काम किया जा रहा है। एलएनटी कंपनी में फिलवक्त जय इंटरप्राइजेज के माध्यम से लोहे के बड़े पाइप में बालू सीमेंट मिक्स कर पाइप के अंदर व बाहरी सतह पर परत चढ़ाया जा रहा है। जिसमें पिछले कई दिनों से भारी मात्रा में बालू का उपयोग किया जा रहा है। उसके बाद उस पाइप को जमीन के अंदर शिफ्ट किया जाता है। पाइप लाइन के काम में भारी मात्रा में बालू की प्रतिदिन खपत होती है। बालू कारोबारी की दबंगता और बालू के एवज में मन माफिक रुपया वसूलना भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वहीं रात भर ट्रैक्टर चलने से श्रीनगर गांव के लोगों की नींद हराम हो गयी है। इस मामले में जय इंटरप्राइजेज के कर्मी सचिन कुमार ने बताया कि पाचाडुमर बंदोबस्ती का बालू घाट से बालू आता है। सोन नदी का बालू नहीं लेते हैं। उधर पाचाडुमर बालू घाट के कर्मी संजय पांडे ने कहा कि 30 मार्च से ही बालू घाट बंद है। पाचाडुमर से बालू दरीदह स्थित पाइप लाइन के काम में नहीं जा रहा है।

### छापेमारी कर बालू उठाव पर लगेगी रोक : सीओ

इस संबंध में कांडी अंचलाधिकारी अजय कुमार दास ने बताया कि छापेमारी कर अवैध बालू उठाव पर रोक लगायी जायेगी। साथ ही सोन नादी से अवैध बालू उत्खनन मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध बालू उत्खनन से प्रशासन भी है बेखबर

अब सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी कंपनी को चोरी के बालू से काम करने की क्या मजबूरी है। अवैध बालू उपयोग करने से कंपनी की साख पर बट्टा लगने के अलावा सरकार को भारी राजस्व का लगातार नुकसान हो रहा है। इस खेल में स्थानीय लोगों के अलावा कंपनी के लोगों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिले में अवैध उत्खनन के लिए गठित टीम के अलावा स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला खनन विभाग को भी अभी तक इतनी बड़ी चोरी की कोई खबर नहीं है।

## रामप्रसाद कोरवा हत्या प्रकरण में संलिप्त चारों अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के मुंडू ग्राम में बीते 11 अप्रैल को वृद्ध रामप्रसाद कोरबा उर्फ गोरा पुजार उम्र 62 वर्ष का शव बरामद होने के बाद इस हत्या प्रकरण में संलिप्त 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।इस संबंध में मंगलवार को छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहारा, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि बीते 11 अप्रैल को थाना क्षेत्र के मुंडू ग्राम के बरवाटांड कुंआ से क्षत विक्षत शव बरामद हुआ था। शव की पहचान लादी ग्राम निवासी रामप्रसाद कोरबा के रूप में हुआ था। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता था की हत्या का साक्ष्य छुपाने के लिए वृद्ध को मार पीट कर हत्या कर कुएं में दबा दिया गया था।इस बाबत मृतक की पतोहु फुलवा देवी उम्र 25 वर्ष पति मनबृक्ष कोरवा ने अपने ससुर राम वृक्ष कोरबा की हत्या किए जाने को लेकर एक मामला दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने मामले पर त्वरित कार्रवाई करने को लेकर एक टीम गठन किया था। जिसमें सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, छिपादोहर थाना के रंजीत राय एवं काशी माली के नेतृत्व में टीम गठन किया गया था। पुलिस टीम ने मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना में संलिप्त 4 लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। जिसमें माधेसर लोहरा,उसके दो पुत्र विनोद लोहरा, लाल मोहर लोहरा, तीनो ग्राम लादी के रहने वाले व दीपक लोहरा पिता फुदेसर लोहरा ग्राम सेरेनदाग के रहने वाला को पकड़ा है। सभी अभियुक्त ने हत्या में अपनी जुर्म स्वीकार किया है।हत्या के कारणों में तंत्र मंत्र विद्या व पूर्व के जमीन विवाद मुख्य कारण बताया गया है। इसके अलावा अभियुक्तो ने बताया कि विनोद लोहरा का सात वर्षीय पुत्र चंदन लोहारा का कुआं में डूबने से हुई मौत के लिए रामप्रसाद कोरबा ही जिम्मेवार था। उसी ने तंत्र मंत्र विद्या से उसे पागल कर दिया था। पकड़े गये अभियुक्तों के बयान पर हत्या में प्रयुक्त डंडा तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया।पकड़े गए सभी सभी अभियुक्तों को लातेहार जेल भेज दिया गया।

## ओकेया गांव के तुरीटांड टोला मे सरहुल पर नागपुरी कलाकार थिरके : प्रफुल्ल पांडेय



मूरपा (आजाद सिपाही)। आज ग्राम ओकेया के टुरीटाडं टोला में सरहुल पूजा के सूभ अवसर पे पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी और बालूमाथ के भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । रांची से आए हुए कलाकारों का हौसला अफ्जाई किए वहीं भाजयुमो मिडिया प्रभारी आशुतोष पाठक, भगेया पंचायत समिति के पति बीरू उरांव,वार्ड सदस्य मोनिका देवी और मूरपा पिकेट से आये पारसनाथ प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नागपुरी संगीत सह कार्यकर्म को शुरूआत की। वही कार्यक्रम को सफल बनाने वायस्थित करने वालें राजेंद्र भगत के अलावे बीरबल पासवान ,सुशील पाठक, विकास ठाकुर, कोलेशर भगत, विष्णु भगत, संजय भगत, कैलाश साव की अहम योगदान रहा। वहीं कुछ लोग पारंपरिक गाने और मांदर के थाप पर गाते और नाचते नजर आए।

## जनता दरबार में दबंगों से जमीन वापस दिलाने को लेकर दिया आवेदन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के लेदगाई निवासी प्यारी भुइयां के पुत्र तुलसी भुइयां ने साप्ताहिक जनता दरबार के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय को दबंगो के द्वारा अवैध तरीके से जमीन पर जबरन कब्जा व अवैध रूप से चाहरदीवारी निर्माण किए जाने के लिखित शिकायत की है।जिसमे तुलसी भुइयां ने आरोप लगाया है कि खाता संख्या 24 खेसरा संख्या 208 व 209 रकबा 0.96 एकड़ मेरी रैयती जमीन है।उक्त जमीन पर तुलसी यादव व उनके पुत्र के द्वारा अवैध रूप से कब्जा व चाहरदीवारी का निर्माण किया जा रहा।साथ ही इन सभी के द्वारा जोर-जबरदस्ती मेरे जमीन कब्जा करने की फिराक में मकान निर्माण कर रहे है, रोके जाने पर तुलसी यादव के परिवार वालों के द्वारा गाली गलोज और जान मारने की धमकी दी, तुलसी भुइयां ने आवेदन मे लिखा है कि मुझे आशंका हो रही है।ये सब मिलकर मुझे जान से मार देंगे, इस बाबत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने कहा पीड़ित पक्ष के तरफ से आवेदन मिला है जांच के लिए थाना अध्यक्ष को भेजा गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस के इफ्तार में सामाजिक समरसता का दिया संदेश



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। चालू पवित्र रमजान माह के मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में विशाल और भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कांग्रेस के इफ्तार पार्टी में रोजेदारों के साथ आम व खास समेत गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इफ्तार पार्टी के माध्यम से समाज में सामाजिक समरसता व भाईचारे का संदेश दिया गया। इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने सामूहिक नमाज अदा कर अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगा। इफ्तार पार्टी में स्थानीय विधायक सह झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव, जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, हिंडालको के अधिकारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ,डॉ अजय सहदेव, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशित, जायसवाल, वारिस कुरैशी, नेसार अहमद, जगदीप भगत, विशाल डुंगडुंग समेत बड़ी संख्या में रोजेदार कांग्रेसजन व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## ईद-उल-फित्र को लेकर कैरो थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक संपन्न



कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो थाना परिसर कैरो में 18 अप्रैल मंगलवार को ईद- ऊल - फित्र त्योहार को लेकर अंचलाधिकारी कमलेश उराँव,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली की सँयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न। मौके पर बैठक मे मिलजुलकर आपसी प्रेम भाईचारे के साथ शांति पूर्वक त्योहार मनाने पर विचार विमर्श किया गया।वही उक्त बैठक मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने बीते दिनों हुए संपन्न त्योहार रामनवमी,सरहुल आदि जिस तरह से आपसी प्रेम सौहार्द के साथ मिलजुलकर त्योहार मनाए गए जिसके लिए उन्होंने क्षेत्र के तमाम लोगो को बधाई देते हुए आगे भी ईद त्योहार प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने की बात कही मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा ईद का त्योहार के अवसर पर अदा की जाने वाली नमाज कब कहाँ कितने बजे होगी उसकी जानकारी बैठक मे दी गयी। उक्त बैठक मे कैरो थाना एस0 आई0 ऋषिकांत शर्मा,विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहू,बजरंग उराँव,विवेक प्रजापति,समीद अंसारी,देवदत्त प्रजापति ,प्रवीण साहू, अख्तर अंसारी,मोजाहिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना और उससे होनेवाली मृत्यु की रोकथाम को लेकर प्रेस वार्ता

# वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, ताकि जान बच सके

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मगंलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में सदर एसडीओ शेखर कुमार, डीटीओ संतोष कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक कैलाश करमाली व एमवीआई सुनील कुमार मौजूद रहे। मौके पर डीटीओ ने कहा कि लातेहार जिले में वर्ष 2021 में कुल 112 सड़क दुर्घटनाएं में कुल 92 मृत्यु हुई है एवं 2022 में कुल 127 सड़क दुर्घटनाओं में कुल 106 मृत्यु हुई हैं। वहीं वर्ष 2021 की तुलना में 2022 में 15 सड़क दुर्घटनाएं एवं कुल 16 मृत्यु की घटना में बढ़ोत्तरी हुई हैं। ये आंकड़े चिंताजनक हैं क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी का मुख्य कारण तेजी एवं लापरवाही से वाहनों का परिचालन है। चालकों के द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना है जिसके लिए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियम के साथ वाहन चलाने की आवश्यकता है, ताकि इश्वर से मिले इस अनमोल जीवन को देश के विकाश हेतु लगाया जा सके ।



इन प्रखंडों में घटी अधिकतम सड़क दुर्घटनाएं

लातेहार : सड़क दुर्घटनाएं- 27 मृत्यु 19

चंदवाः सड़क दुर्घटनाएं-22 मृत्यु17

बालूमाथ : सड़क दुर्घटनाएं- 19 मृत्यु 18

मनिका : सड़क दुर्घटनाएं- 18 मृत्यु 17

बरवाडीहः सड़क दुर्घटनाएं- 15 मृत्यु 12

कुल मृत्युः सड़क दुर्घटनाएं- 101 मृत्यु 83

जिले में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं का 80 फीसदी इन 5 (पांच) थाना क्षेत्र में घटित हुई हैं। आगे श्री सिंह ने कहां की सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर अनेकों कार्य किये जा रहे है जिससे की सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लायी जा सके। लातेहार जिले में वर्ष 2022 में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 2648 चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित काउंसलिंग किया गया। वर्ष 2022 में कुल 45 विद्यालयों में 1169 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । वही एसडीओ शेखर कुमार ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट चलाते पकड़ाये तो प्रशासन आपको एक हजार रुपये तक फाईन काटेगा, वहीं चार पहिया वाहन चलाते समय बिना सीट बेल्ट चलाते पकड़ाने पर आपको एक हजार जुमार्ना भरना पड़ सकता है। साथ ही बिना ड्राईविंग लाईसेंस के गाड़ी चलाने पर 5 हजार का जुर्माना भरना पड़ सकता है और खास बात यह है कि यदि आप अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए देते हैं तो फिर आपको प्रशासन बुलाकर चार घंटे की एक फिल्म दिखायेगी। आगे उन्होंने कहां की हेलमेट आपको सुरक्षा कवच की तरह रक्षा प्रदान करता है हेलमेट बहुत जरूरी है हेलमेट पहन कर ही वाहन को चलाएं। आप सुरक्षित रहेंगे तभी अपने अपने परिवार को सुरक्षित रख पाएंगे। आगे श्री कुमार ने लातेहार के समस्त जिला वासियों से हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने की अपील की है।

### शराब दुकान के कर्मचारियों ने कोऑर्डिनेटर चंदन पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

# ड्राफ्टिंग के नाम पर पचास हजार अवैध वसूली का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार जिले में शराब दुकान में बहाली के नाम पर कोऑर्डिनेटर बेखौफ तरीके से वसूल रहा अवैध राशि आखिर ऐसा हम क्यों कह रहे है। कहना भी लाजमी है। जी हां तो इस माजरे को समझिए शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों से कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार गुप्ता द्वारा 50000 रूपये और 20000 रूपये तक अवैध वसूली की जा रही है। यहीं नहीं बाहरी लोगों को भी शराब दुकान में रखने के नाम पर पैसा लेकर बहाली की जा रही है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर आजाद सिपाही के पत्रकार को दुकान के कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कोऑर्डिनेटर चंदन डरा धमका कर पैसे की वसूली कर रहा है। और पैसे नहीं देने पर नौकरी से निकाल देने की बात कह रहा है। पूर्व में भी प्राइम वन कंपनी के द्वारा 50000 रूपये सिक्योरिटी मनी के नाम पर ली गई थी। जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं था। वह यह पैसा को पूर्व कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार साहू ने गबन कर दिया था। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिली है। अगर इस तरह का मामला मेरे संज्ञान में आया तो दूसरी कोऑर्डिनेटर और कर्मियों को जेल भेजने का काम किया जाएगा। बताते चलें कि यहां जीडीएक्स कंपनी यहां पर शराब बेचने का ठेका ले रखा है।यह कंपनी के कर्मी चंदन द्वारा नए लोगों को बहला-फुसलाकर पैसे की उगाही की जा रही है। पैसे लेने से संबंधित कोई भी जानकारी नाही प्रेस विज्ञप्ति के नाम पर नाही उत्पाद विभाग को सूचना देकर यह कार्य किया जा रहा है। यही नहीं 2500 से 3000 रूपये फॉर्म के नाम पर उगाही की जा रही है। व बता दे कि लातेहार के एक नामी गिरामी होटल में इसमें बहाल होने के लिए कुछ दिन पूर्व फॉर्म बेचा गया था। उधर भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि इस मामले की शिकायत उत्पात कमिश्नर से करेंगे क्योंकि पूरा उत्पाद विभाग के साथ-साथ कोऑर्डिनेटर व कर्मी मिले हुए हैं। वही इस संदर्भ में पूछे जाने पर उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि मुझे इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है अगर कोई इस तरह का काम करेगा तो उस पर न्यायसंगत कारवाई की जाएगी। दूसरी और इस बाबत जब कोऑर्डिनेटर चंदन से बात करने पर कहा की आरोप गलत है। ऐसी बात नहीं है ।

### विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में एक दिवसीय आचार्य कार्यशाला आयोजित

# खुद को समय के साथ अपडेट-अपग्रेड करें: उत्तम मुखर्जी

**शिक्षक को बेहतर बनाता है कौशल विकास : कुणाल**

आजाद सिपाही संवददाता

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में एक दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुई।**

प्रथम सत्र में प्राचार्य द्वारा अध्यापन कौशल को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया ` द्वितीय सत्र में पर्सनालिटी डेवलपमेंट और ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शिक्षण देने के महत्व को बताया गया। तृतीय सत्र में डायरी की उपयोगिता पर चर्चा की गयी। चतुर्थ सत्र संगणक विशेषज्ञ कुणाल प्रसाद साहू द्वारा लिया गया। प्राचार्य द्वारा भेंट देकर कुणाल प्रसाद साहू का स्वागत किया गया। उन्होंने एक्सेल पर रिपोर्ट बनाना और पीपीटी प्रेजेंटेशन को आकर्षक बनाना सिखाया` मौके पर उन्होंने कहा कि कौशल का विकास करते रहना एक शिक्षक को बेहतर बनाता है। मौके पर उन्हें प्राचार्य द्वारा उपहार और विद्या विकास समिति झारखंड की वार्षिक पत्रिका उत्सर्ग भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, चेतना प्रिया, कविता कुमारी, स्नेहा शर्मा, ऋद्धि मिश्रा, आरती भगत सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। नाबालिक युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित कर दबाव बनाने के आरोप में महिला थाना की पुलिस ने शहरी क्षेत्र के ढोड़ा टोली बस स्टैंड निवासी कलावती देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। कलावती देवी के विरुद्ध महिला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गिरफ्तार महिला का पुत्र राजकुमार साहू महिला थाना कांड संख्या 28/ 22 में दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत जेल की हवा खा रहा है। महिला कलावती देवी की गिरफ्तारी शहर में चर्चा का विषय है। मिली जानकारी के अनुसार कलावती देवी का पुत्र राजकुमार साहू( 28 ) का सदर थाना क्षेत्र के जोरी आनंदपुर गांव निवासी एक नाबालिग युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लंबे समय तक यौन शोषण के बाद युवती ने विवाह के लिए राजकुमार साहू पर दबाव बनाया। इस पर प्रेमी राजकुमार साहू विवाह करने से मुकर गया। पीड़ित युवती ने विवाह के लिए राजकुमार साहू के परिजन से संपर्क किया। प्रेमी के परिजन भी विवाह करने से मुकर गए। युवती द्वारा प्रेमी राजकुमार साहू से गहरा प्रेम करने का दावा किया गया। इस पर राजकुमार साहू की माता कलावती देवी ने प्यार को साबित करने के लिए युवती को कुआं में डूब कर आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया। कहा गया कि, कुआं में डूब कर अपना प्यार साबित करो तभी वह अपने पुत्र से विवाह करायेगी। इस पर युवती ने निकट के कुआं में छलांग लगा दिया। हो हंगामा के बीच पहुंचे बस्ती वालों ने तत्काल उसे कुएं से बाहर निकाल कर युवती की जान बचा लिया। बावजूद युवती से राजकुमार साहू का विवाह कराने से परिजन मना कर दिये। इस मामले को लेकर पीड़ित युवती ने महिला थाना कांड संख्या 28 / 22 दर्ज करायी। महिला थाना की पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रेमी राजकुमार साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इधर नाबालिक युवती को बहला कर आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने के आरोप में प्रेमी की मां कलावती देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## लोहरदगा में कोरोना विस्फोट, नौ नये मामले चिह्नित, संक्रमित मरीजों की संख्या 15 हुई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिले में मंगलवार को कोरोना विस्फोट माना जा रहा है। चालू अप्रैल माह में सर्वाधिक 09 कोरोना संक्रमित मरीजों को जांच के बाद चिन्हित किया गया। पूर्व से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 8 थी ।अब, जिले में कुल 15 कोरोना के एक्टिव मामले हो गए हैं। इस संदर्भ में सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध ने बताया कि, वर्तमान में 15 कोविड के पॉजिटिव मामले चिन्हित कर उनका एक्सपर्ट डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। कहा कि, जांच के दौरान मंगलवार को सर्वाधिक 09 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना संक्रमण को लेकर पूरी तरह अलर्ट है। सदर अस्पताल और चिरी कोविड अस्पताल में आधुनिक पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर चालू कर दिया गया है। सदर अस्पताल समेत प्रखंड स्तर पर भी ऑक्सीजन बेड की ठोस व्यवस्था की गई है। विशेष परिस्थिति में निबटने के लिए सदर अस्पताल में 26 वेंटीलेटर को तैयार रखा गया है। दवा, मास्क, ऑक्सीजन, ट्रेंड नर्स, डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ पूरी तरह सजग व तैयार है। कहा कि, पूर्व की गलतियों से सबक लेते हुए लोग सचेत रहें। डरने की जगह जागरूक होकर कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करें।

## धर्मदेव बने रा. बुनियादी विद्यालय कुडू के प्रभारी प्रधानाध्यापक



कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड संसाधन केन्द्र कुडू से जारी कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 74 के द्वारा पारा शिक्षक धर्मदेव प्रसाद को राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू का प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयमंगल लोहार ने धर्मदेव प्रसाद को राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू के प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य संचालन करने की जिम्मेवारी सौंपते हुए इसकी प्रतिलिपी जिला शिक्षा अधीक्षक को भी सूचनार्थ भेजी है। गौर तलब है कि पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक अर्सलानी होरो बीते 31 मार्च 2023 को सेवानिवृत हो गयी थीं। जिसके बाद विद्यालय की वरीय शिक्षिका उषा कुमारी को विद्यालय का सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में प्राधिकृत हेतु आदेशित किया गया था। लेकिन, सहायक शिक्षिका उषा कुमारी द्वारा कार्यालय को प्राप्त आवेदन में अपने स्वरस्थ्य ठीक नहीं रहने की बात अंकित करते हुए विद्यालय का प्रभार ग्रहण करने में असमर्थता जतायी थी। जिसके बाद आदेशित एवं प्राधिकृत प्रभारी प्रधानाध्यापक में आंशिक संशोधन करते हुए विद्यालय के पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक) धर्मदेव प्रसाद को जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

## मधुर मेडिकेयर में सैकड़ों मरीजों की मुफ्त जांच



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मधुर मेडिकेयर पतरा टोली के द्वारा शिविर आयोजित कर कुल 105 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। जांच शिविर में डॉक्टर विवेक मधुर हड्डी जोड़ एवम नस रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर नेहा ज्योति जेनरल सर्जन स्त्री रोग विशेषज्ञ एवम डीक्टर एस के गुप्ता द्वारा इलाज किया गया। इसके अतरिक्त ब्लड शुगर,हड्डी का बी एम डी एम मशीन के द्वारा रांची से आए विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा जांच किया गया। सभी तरह के मरीजों को जरूरत के मुताबिक मुफ्त में दवा दी गई। मधुर मेडिकेयर के डाक्टर विवेक मधुर हड्डी ,जोड़ एवम नस रोगों से संबंधित इलाज किया गया साथ ही डॉक्टर नेहा ज्योति मधुर जेनरल सर्जन एवम इस्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा ब्वासीर,फिशर हर्निया,हैदरोशिल पित या किडनी की पथरी, स्तन का गांठ एवम घाव, पेट की बीमारी, एवम गर्भवती महिलाओं का इलाज किया गया । कैंप में डाक्टर एस के गुप्ता ने भी मरीजों का सामान्य बीमारी का इलाज किया गया। अजय मधुर निदेशक द्वारा बताया गया की मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल का आज एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया और इस नेक कार्य को आगे भी जारी रखी जाएगी। शिविर को सफल बनाने में सावित्री मधुर, मुमताज अहमद, साहेबखलीफा, सुरेंद्र, तारेन, निर्मला, प्रेमा, लीला, अचरज, सुशीला, ईशा, गुलाब, राहुल, अंगद, सूरज सुनीता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सात दिवसीय महायज्ञ के पांचवें दिन शिवलिंग की हुई प्राण प्रतिष्ठा



भंडरा / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड के भौरों गांव में सात दिवसीय श्री पंचकुंडत्मक शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ सह शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा के पांचवे दिन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा नवनिर्मित मंदिर में आचार्यों के वैदिक मंत्रोचार के बीच ग्रामीणों के द्वारा की गई। भौरों गांव में 15 वर्ष पूर्व कर शिव मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। तब से भौरों गांव के लोगों के बीच शिव मंदिर निर्माण एवं शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा करने की सपना बना हुआ था। लंबे समय के बाद भौरों गांव के लोगों का यह स्वप्न पूरा हुआ। मंदिर निर्माण की पूर्ण होने पर शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे उत्साह पूर्ण वातावरण में यज्ञ के आयोजन कर शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर यज्ञ को लेकर आसपास के क्षेत्र में भक्ति पूर्ण वातावरण बना हुआ है। यज्ञ स्थल पर रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दिनभर यज्ञ स्थल का परिक्रमा एवं पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। संध्या समय विद्वानों का धर्म कथा प्रवचन सुनने के लिए लोगों का भीड़ बना हुआ है। रात्रि 8 बजे से रासलीला का आयोजन यज्ञ स्थल पर किया जा रहा है। इस अवसर पर भौरों में लोगों का श्रद्धा भक्ति उमड़ रही है। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शिवलिंग की नगर भवन स्थानीय लोगों द्वारा जोश व उल्लास के साथ किया गया। नगर भ्रमण में सभी लोग शामिल हुए। मौके पर यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन भंडारा आयोजित किया जा रहा है।

## आपसी विवाद में छोड़ा घर, बड़े भाई ने थाना में कराया सनहा दर्ज



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित मुरपा ग्राम निवासी कपिल महतो के घर में आपसी विवाद के उपरांत बेटा जलधर महतो 17 अप्रैल दिन सोमवार को समय लगभग 10:00 बजे सुबह गुस्सा में बिना किसी को बताए घर से निकल कर चला गया। वही बड़ा भाई जीतन महतो ने थाना में आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए बताया कि घरेलू विवाद के कारण मेरा छोटा भाई घर से निकल कर कही चला गया है। साथ ही कहा कि हमलोगों को लगा कि गुस्सा के कारण रिश्तेदार के पास जा रहा है। परंतु समय बीतते ही घर नही आने पर अपने तथा अपने भाई का ससुराल एवं रिश्तेदार में छान बिन करना आरम्भ कर दिया। लेकिन किसी परिवार के बीच नही पहुंचने की बात पर जीतन महतो ने भाई के लापता होने का संदेह जताते हुए सेन्हा थाना में आवेदन के माध्यम से लापता होने की सूचना थाना प्रभारी को अवगत करा कर सनहा दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में माँ बेटा के बीच हल्की नोक झोंक एवं घर छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज कर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गयी है।

## गुमला पॉलिटेक्निक ने तकनीकी शिक्षा जागरूकता रथ को किया रवाना



**यह रथ एक महीने तक जिले के हर गांव में जाकर छात्रों को तकनीकी शिक्षा और रोजगार के अवसरों से अवगत कराएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के अधिक से अधिक छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए स्थानीय गुमला पॉलिटेक्निक के द्वारा आज जागरूकता रथ की शुरूआत की गई।

यह रथ आज से एक महीने तक गुमला जिले के हर ब्लॉक के अंतर्गत हर पंचायत/गांव में जाकर छात्रों को तकनीकी शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी देगा और उससे जुड़े रोजगार के अवसरों से अवगत कराएगा। विगत वर्षों में देखा गया है कि एक बड़ी संख्या ऐसे छात्रों की है जिन्हें उच्च शिक्षा की समुचित जानकारी मिल ही नहीं पाती, जिसके कारण किसी तरह मैट्रिक पास करने के बाद वे या तो खेती या मजदूरी करने को बाध्य हो जाते हैं।

गुमला पॉलिटेक्निक का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा गुमला के होनहार विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा प्रदान कर बेहतरीन अभियंता देश के निर्माण में समर्पित करे।

जागरूकता रथ को संस्थान के प्रभारी प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू एवं मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

## राज्यपाल के 21 को गुमला आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट



**गुमला (आजाद सिपाही)।** महामहिम राज्यपाल झारखंड के गुमला आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। 21 अप्रैल को राज्यपाल का गुमला जिला में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके मद्देनजर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक, गुमला, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला, पुलिस उपाधीक्षक (अभियान) गुमला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला, परिचारी प्रवर, पुलिस केंद्र गुमला, थाना प्रभारी गुरदरी एवं बिशुनपुर की उपस्थिति में वार्ता हुई। साथ ही संयुक्त रूप से माननीय राज्यपाल के संभावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सभी संवेदनशील मार्गों तथा कार्यक्रम स्थल के आसपास के सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## चैनपुर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में उपप्रमुख प्रमोद खलखो की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ प्रखंड में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में मनरेगा, पीएम आवास, केसीसी एवं 15वें वित्त की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उपस्थित बीडीओ डा. शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि 12 अधूरा पड़े पीएम आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करें। समीक्षा के बाद बीडीओ ने विभाग से संबंधित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करें। वहीं पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा के दौरान कई जगहों पर त्रुटियां पायी गयीं, जिसपर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए पंचायत सचिव, रोजगार सेवक को जमकर फटकार लगायी और संबंधित कर्मियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। वहीं अंचलाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा ग्रीन कार्ड के लाभुकों को लंबित राशन जल्द ही देने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से उपप्रमुख प्रमोद खलखो, पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा, बीपीओ कान्ति कुमारी, हुलेश साहू, मनोज कुमार, बानेश्वर भगत, रविन्द्र बड़ाइक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### प्रदर्शन : सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रखंड कार्यालय का घेराव

# जल्द सड़क निर्माण नहीं होने पर दी आंदोलन करने की चेतावनी

**बीडीओ ने कहा- वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलते ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड के सेरका पंचायत के लगभग आधा दर्जन गांव के लोगों ने सेरका से लेकर हाडूप तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार कि सुबह 10:00 बजे सैकड़ों की संख्या में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। मौके पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य एवं सीओ धनंजय पाठक को ज्ञापन सौंपा। मौके पर अपनी बातों को रखते हुए ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज सेरका पंचायत के हाडूप, जालिम, केचकी, हिसिर एवं पेरवा पाठ गांव में पहुंच पथ का अभाव है। जिस कारण ये सभी गांव प्रखंड मुख्यालय से कटे हुए हैं। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिला एवं बीमार पड़े लोगों को होती है। कई बार गर्भवती महिला एवं अन्य मरीज को गांव के लोग खाट में सुलाकर उसे अपने कंधे में ढोकर गांव से बिशुनपुर तक लेकर आते हैं। जिसके बाद उसका इलाज हो पाता है। लोगों ने बताया कि इस दौरान कई महिलाओं की मौत रास्ते में ही हो गई है। वहीं ग्रामीण मजबूरी में गांव में ही झाड़-फूंक एवं ओझा मती कराकर इलाज कराते हैं। ग्रामीणों के द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया कि जल्द सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो सभी गांव के लोग मजबूरन सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

मौके पर लोगों को आश्वासन देते हुए सीओ धनंजय पाठक ने कहा कि निश्चित रूप से यह एक के बहुत बड़ी समस्या है और सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को जो असुविधा हो रही है उससे हम लोग भी भलीभांति अवगत हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वन विभाग की भूमि पड़ने के कारण सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है परंतु सही प्रक्रिया के तहत अगर प्रशासन एवं ग्रामीण मिलकर वन विभाग को आवेदन सौंपते हैं तो अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जा सकता है। जिसके बाद ही सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने ग्रामीणों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

वहीं बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने भी लोगों को आश्वासन दिया कि वन विभाग के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलते ही प्रशासन के द्वारा शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मुखिया बिल्टू लोहारा, राजबली भगत, रामलाल उरांव, बलिराम भगत, अनिल असुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्या

**जिले के दूरदराज के इलाकों से समस्या लेकर पहुंचे थे ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में उपायुक्त सभाकक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।

कामडारा के प्रगतिशील किसान अमृत केरकेट्टा ने उपायुक्त के समक्ष अपना आवेदन समर्पित करते हुए अबोकाडो एवं ड्रैगन फ्रूट्स की खेती को विस्तारित रूप देने हेतु 15 लाख रुपए का मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण की उपलब्ध कराने की मांग की । जिसे देखते हुए उपायुक्त ने प्राथमिकता देते हुए अमृत केरकेट्टा को लोन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए अविलंब उन्हें सहायता प्रदान करने हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया। भरनो निवासी सोनामती देवी जिनके पति नरेश महतो जो एक आर्मी के जवान है एवं देश की सेवा के लिए जिले के बाहर रहना पड़ता है। सोनामति देवी द्वारा उनके परिवार जनों द्वारा जमीन विवाद के मामले के संबंध में आवेदन देकर उनके परिवार जनों द्वारा जमीन विवाद के साथ साथ मारपीट करने के विषय में जानकारी दी। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारी को मामले की जांच करते हुए 26 अप्रैल से पूर्व जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया एवं उपर्युक्त मामले में गंभीरता दिखाने की बात कही। गुमला निवासी लोदरा उरांव ने भी जमीन विवाद के मामले को उपायुक्त के समक्ष रखा। उनके चचेरे भाई द्वारा उनके जमीन को हड़प लिया गया एवं उन्हें घर से निकल दिया गया है, जिस कारण उनके पास न रहने का छत है और न खाने पीने की सुविधा उनकी पत्नी के मृत्यु हो जाने एवं कोई भी बच्चे के न होने के कारण वे बिल्कुल अकेले और असहाय हैं। लोदरा उरांव की इस स्थिति को समझते हुए उपायुक्त ने अगले 48 घंटे के अंदर उनके रहने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की जांच करने की भी बात कही।

पालकोट प्रखंड के कन्हरकोना ग्राम निवासियों ने अपने ग्राम में बिजली, पानी एवं सड़क की सुविधा को दुरुस्त करने हेतु आवेदन समर्पित करते हुए उनकी समस्याओं से उपायुक्त अवगत करवाया। जिसपर उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को आवदान अग्रसरित करते हुए उक्त गांव में जनता दरबार का आयोजन करते हुए वहां की सभी समस्याओं से अवगत होते हुए ग्राम विकास के हर एक बिंदुओं पर एक प्रोजेक्ट तैयार करने का निर्देश दिया । साथ ही वहां तालाब एवं कुएं के निर्माण करने हेतु उपायुक्त ने निर्देशित किया। इसके अलावे दूरदराज से समस्या लेकर आये ग्रामीण जनता के द्वारा मांगों जैसे मानदेय भुगतान, राशन कार्ड, नौकरी, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, जमीन संबंधित विवाद से संबंधित आवेदन पत्रों को संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब भेजने का निर्देश दिया गया।

## भैंसबथान बॉक्साइट माइंस के मजदूरों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भैंसबथान बॉक्साईट माईंस के खनन मजदूरों के प्रति प्रशासनिक उदासीनता बरते जाने तथा माईंस प्रबंधन द्वारा सनिया उरांव एवं तेम्बू उरांव को काम से बैठा दिये जाने के खिलाफ झारखण्ड जेनरल कामगार यूनियन ने भैंसबथान व ऊपर पाठ स्थित अमतीपानी बॉक्साईट माईंस के लगभग 350 मजदूर काला बिल्ला लगा कर उक्त दोनों मजदूरों को काम से बैठा देने का विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में यूनियन के जिला अध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा है कि माईंस प्रबंधन के साथ पहले दौर की बातचीत बेनतीजा समाप्त हो गई है। प्रबंधन चाहता है कि मजदूर तीसरे पक्ष की बात मान लें। लेकिन मजदूरों को किसी भी तीसरे पक्ष की दखलंदाजी मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा है कि सारे फसाद के मूल में हिण्डालको प्रबंधन है। वहीं जमीन दाता रैयत मजदूरों के हित में जिला प्रशासन को काम करना है। प्रशासन की मध्यस्थता में ही हिण्डालको और रैयत मजदूरों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। लेकिन मजदूरों के हित में कोई भी निर्णय लेने में जिला प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो चुका है। उन्होंने कहा है कि अपने जायज मांगों के समर्थन में मजदूरों का संघर्ष संगठित रूप से जारी रहेगा।

### पहल : जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में टाटा स्टील फाउंडेशन की सहायता से नये प्रोजेक्ट्स पर किये जा रहे हैं कार्य

# जल्द ही गुमला सदर में अधिष्ठापित होगी सीटी स्कैन एवं डिजिटल एक्स-रे मशीन

**जून माह में डुमरी एवं बसिया प्रखंड में लगाया जाएगा आई चेकअप कैंप**

**उपायुक्त ने मोतियाबिंद के मरीजों की सूची अगले एक माह के अंदर तैयार करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के संबंध में लगातार जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ्य की सुविधा मिल सके इसके लिए भी कई सीएचएस सेंटर, अस्पताल आदि का निर्माण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए जिले में और भी अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए हाल के दिनों में जिला प्रशासन एवं टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतरीन इक्विपमेंट की सुविधा एवं अच्छी मॉनिटरिंग के लिए कई आयामों पर एमओयू साइन किया गया था। जिसके तहत टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से कई स्वास्थ्य उपकरणों को जिले में उपलब्ध कराया गया था।

उक्त के संबंध में आज मंगलवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ एवं समाज कल्याण पदाधिकारी की उपस्थिति में एक समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से आने वाले समय में स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। जिले में फाउंडेशन की ओर से सीटी स्कैन मशीन जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ होगी एवं डिजिटल एक्सरे मशीन लगभग 1 करोड़ 26 लाख का सदर अस्पताल अधिष्ठापन किया जाना है। जिसके लिए उपायुक्त ने 18 मई तक मशीन अधिष्ठापन हेतु अस्पताल अंतर्गत कमरों में मशीन रखने हेतु सभी आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त के निर्देश से टीएसएफ द्वारा अपने सीएसआर के मद से भरनो में स्थित सीएचसी सेंटर में बाउंड्री लाइन, पेवर ब्लॉक, डिजिटल एंट्री गेट, पार्किंग का निर्माण किया जाना है। वहीं विशुनपुर के सीएचसी सेंटर में भी टीएसएफ द्वारा बाउंड्री लाइन, पेवर ब्लॉक, पार्किंग, डिजिटल एंट्री गेट, मेटरनिटी वेटिंग हॉल का निर्माण किया जाना है। जून माह के अंत तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है। इसके अलावा बैठक में टीएसएफ द्वारा डुमरी एवं बसिया में जल्द ही आई चेकअप कैंप लगाने पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वीएचएसएनडी डे में उक्त प्रखंडों में मोतियाबिंद के मरीजों की सूची तैयार कर लें ताकि कैंप के दौरान उन मोतियाबिंद के मरीजों का इलाज करने में आसानी हो और अधिक से अधिक मरीजों को कैंप का फायदा मिले। बैठक में सदर अस्पताल में इंटीग्रेटेड लैब के निर्माण करने पर भी चर्चा की गई जिसमें सभी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित चेकअप कराएं जाएंगे। वहीं टीएसएफ द्वारा जिले में 'मानसी( एमएएनएसआई - मीटरनल एंड न्यू बोर्न सर्वाइवल इनिशिएटिव)' परियोजना चलाने का भी प्रस्ताव रखा, जिसके तहत एनीमिया एवं कुपोषण के बच्चों का चेकअप और उनके उपचार के लिए कार्य किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले से लगभग 80 मानसी मित्रों की नियुक्ति की जाएगी।

बैठक के पश्चात टीएफसी की टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ ने भरनो प्रखंड अंतर्गत सीएचसी केंद्र में बाउंड्री वॉल के कार्य हेतु शिलान्यास करते हुए कार्य का शुभारंभ किया।

## फरार वारंटी को डुमरी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी पुलिस ने मंगलवार को फरार चल रहे वारंटी सुकेश केरकेट्टा को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि डुमरी थाना कांड संख्या 29/20 में फरार चल रहे वारंटी सुकेश केरकेट्टा उम्र 25 वर्ष, पिता जुवेल केरकेट्टा, ग्राम करनी, थाना डुमरी, जिला गुमला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं बताते चलें कि युवक पर दुष्कर्म का मामला दर्ज था।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 60-40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड बंद को लेकर विभिन्न संगठनों ने निकाला मशाल जुलूस



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड के 60-40 नियोजन नीति के विरोध में विद्यार्थियों द्वारा आहूत बुधवार का झारखंड बंद को लेकर बिशुनपुर प्रखंड के छात्र एवं विभिन्न संगठनों के द्वारा मंगलवार का शाम मशाल जुलूस निकाला गया, जो कार्तिक उरांव चौक से लेकर बिरसा बाग बिशुनपुर तक गया। इस दौरान लोगों के द्वारा जमकर सरकार विरोधी नारे भी लगाये गये। इस अवसर पर रोहित रोशन भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार यहां के मूलवासी आदिवासी एवं छात्रों को ठगने का काम कर रही है। जब छात्र संवैधानिक तरीके से अपने हक एवं अधिकार के लिए आंदोलन करते हैं तो सरकार अपनी तानाशाही रवैया अपनाते हुए उन पर लाठीचार्ज करवा रही है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यही युवा शक्ति के बल पर झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है और यह भी पूर्व की सरकार की भांति तानाशाही रवैया अपनाते हुए यहां के लोगों को छलने का काम कर रही है। जिसका हम लोगों के द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति बनाने की बात कही गई थी परंतु हेमंत सरकार अब अपने वादे से मुकर रही है, जिसका जवाब आने वाले 2024 के चुनाव में युवाओं के द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने तमाम लोगों से बुधवार को आहूत झारखंड बंद को सफल बनाने का आह्वान किया है। इस मौके पर बंद का समर्थन आम आदमी पार्टी एवं पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति भी अपना दिया है। इस अवसर पर सुदेश महतो, बहुरा साहू, बृजमोहन यादव, अनिल असुर, बिंदेश्वर साहू, लक्ष्मी साहू, धनेश्वर उरांव, महात्मा उरांव, गौतम उरांव, आशीष सिंह, प्रदीप उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे। इधर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड के आह्वान पर प्रखंड कमेटी के द्वारा भी झारखंड स्टूडेंट यूनियन के द्वारा घोषित बंदी का समर्थन किया है।

### प्रखंड बीस सूत्री समन्वय समिति की बैठक में की गयी जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड बीस सूत्री समन्वय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष रवि उरांव ने की। बैठक में मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति विभाग सहित सभी विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित होकर अपने अपने विभागों के द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बीस सूत्री सदस्यों ने अधिकारियों को आम जनों का कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने और जन कल्याणकारी योजनाओं को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और बिजली विभाग को सक्रिय रह कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, सीडीपीओ सुधा सिन्हा, मनरेगा बीपीओ गीता कुमारी, शिक्षा बीपीओ दिलदार सिंह, बीस सूत्री सदस्य गंगा उरांव, शशिकांत साहू, रामेश्वर उरांव, मंगरा उरांव, पूर्व प्रमुख सनियारो देवी सहित सभी विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रमना मुखिया ने किया पनशाला का उद्घाटन



**रमना (आजाद सिपाही)।** बस स्टेंड स्थित गौतम हार्डवेयर के तत्वावधान में पनशाला का उद्घाटन रमना पंचायत मुखिया दुलारी देवी ने फीता काटकर व राहगीरों को पानी पिलाकर किया। इस अवसर पर मुखिया दुलारी देवी ने बताया कि गौतम हार्डवेयर के संचालक रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता अपने स्व. पिता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की याद में पिछले कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष भीषण गर्मी में वृहत रूप से पनशाला खोली जाती रही है। जिससे आम राहगीरों सहित अन्य लोग अपना प्यास बुझाने में सहायक होती है जो सराहनीय है। मुखिया दुलारी देवी ने पानी के महत्व को बताते हुवे पानी को प्रत्येक घरों में बचाने की अपील की है। वही समाजसेवी दुर्गा मंदिर कमिटी के कोषाध्यक्ष बबलू गुप्ता ने कहा की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आम राहगीरों को शुद्ध ठंडा पानी पीलाना उनका लक्ष्य है। मौके पर समाजसेवी कृष्णा प्रसाद,रोहित वर्मा,चंदन मेहता,गुड्डु प्रसाद, राकेश पासवान,मदन प्रसाद,धर्मेंद्र ठाकुर,अजय प्रसाद गुप्ता, बिगन कुमार,अनिल दास, अलीमुद्दीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### भीषण गर्मी से विद्यालय में छात्रा हुई बेहोश



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी एवं उमस के कारण मंगलवार को भवनाथपुर प्रखंड में राजकीय मध्य विद्यालय सिंघीताली की छात्रा अचानक बेहोश हो गयी। प्रधानाध्यापक उमेश कुमार यादव ने बताया कि आम दिनों की तरह कक्षा संचालन के दौरान सातवीं की छात्रा राबिता कुमारी, पिता मुकेश भुइयां अचानक मूर्छित हो गयी। उक्त छात्रा के मूर्छित होते ही कक्षा में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षक एवं छात्र के सहयोग से उक्त छात्रा को खुली जगह पर लाकर उसके मुख पर पानी का छींटा करने के साथ पंखा झला गया। कुछ देर बाद उक्त छात्रा को होश आया। उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में ही प्रचंड गर्मी से आम लोगों के साथ-साथ स्कूल बच्चों का भी हाल बेहाल है। सुबह का स्कूल होने से बच्चे स्कूल तो जा रहे हैं लेकिन एक बजे छुट्टी के दौरान कड़ी धूप से उन्हें खासी परेशानी हो रही है। बावजूद इसके प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हालांकि स्कूल अपने निर्धारित समय से ही चल रहे हैं।

## सतीश तिवारी के निधन पर युवा वाहिनी ने संवेदना व्यक्त की

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने रेड़मा निवासी सतीश तिवारी(कल्टू तिवारी)के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। युवा वाहिनी के द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कल्टू तिवारी बहुत ही सामाजिक इंसान थे उनके निधन से सामाजिक क्षति हुई है। यहां गौरतलब है कल्टू तिवारी वार्ड नंबर 17 के वार्ड आयुक्त सुमित तिवारी के पिता थे जिनका सोमवार को कलकत्ता के एक नर्सिंग होम में निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नवीन तिवारी,फोटू दूबे, शिशू दूबे, सहित कई सदस्य उनके पैतृक आवास रेड़मा पहूँचे व परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त किया। संवेदना व्यक्त करने वालों में अनुशासन प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, संरक्षक संजय मिश्रा,राकेश पांडेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, शैलेश तिवारी, अनील दूबे, सुशील तिवारी, सतीश तिवारी सहित कई सदस्य शामिल हैं।

# डीसी के जनता दरबार में आये फरियादियों को तुरंत मिला न्याय

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये 50 से अधिक फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए। डीसी श्री दोड्डे ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। इस दौरान कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया। वहीं कई मामलों का त्वरित निष्पादन के लिए डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर मामले के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयोजित जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, मुफ्त विद्युत कनेक्शन, आपूर्ति संबंधित मामले, आवास व पेंशन समेत अन्य मामले आये।



### सहायक आपूर्ति पदाधिकारी पर 70 हजार रुपये घूस लेने की शिकायत, डीडीसी को पूरे मामले की जांच के निर्देश

जनता दरबार में हरिहरगंज से आये शिवपूजन कुमार मेहता ने डीसी को बताया कि उनकी पत्नी गीता देवी गंगा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष है जिनकी देखरेख व प्रबंधन में जगदीशपुर के जन वितरण दुकान का संचालन किया जाता है। शिवपूजन कुमार मेहता ने बताया कि कतिपय कारण से दुकान को षड्यंत्र के तहत निलंबित कर दिया गया था इसके पश्चात सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उनसे

### सिंचाई भिखसी नाली निर्माण कराने की मांग

जनता दरबार में सदर प्रखंड के ग्राम करमा से आये कई ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि मलय डैम निर्माण के समय उनलोगों को विस्थापित कर डूबलगंज में बसाया गया था। ग्रामीणों ने डीसी से सिंचाई नाली निर्माण कराने हेतु अनुरोध किया ताकि स्थानीय ग्रामीणों को सिंचाई हेतु पानी की समस्या ना रहे। इसके अलावे जनता दरबार में विभिन्न पेंशन संबंधित मामले आये जिसे सामाजिक सुरक्षा भेजकर ऑन स्पॉट कार्रवाई हेतु सहायक निदेशक को निर्देशित किया गया।

## पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों को मिला सम्मान
# डीसी-एसपी ने कौशल को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पुलिस स्टेडियम में आयोजित कवि सम्मेलन का उद्घाटन पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा,समाजसेवी अजय पांडेय और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 56 वर्षों से देश विदेश के कई राज्यों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू डीसी एवं विशिष्ट अतिथि एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पर्यावरणविद कौशल किशोर एवं उनकी धर्मपत्नी सह बीपीएसए संस्था की प्रधान सचिव व छतरपुर ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आये नामचीन कवियों ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को अपनी अंदाजों से खूब गुदगुदाया। पर्यावरणविद ने कहा कि आज समाज के अधिकांश लोग प्रदूषण के चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी परेशान व तनाव में है वैसी स्थिति में हास्य कवि सम्मेलन तनावों व तन और मन का प्रदूषण को दूर करने में कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि कवियों के साथ जिले के पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में ही हास्य रस के कई प्रसंग प्रस्तुत कर समां बांध दिया था। कार्यक्रम में विभिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर के कई हस्तियों को भी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## नियमित बिजली नहीं मिलने पर होगा उग्र आंदोलन : कमलेश यादव



**हरिहरगंज / पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में हो रही अनियमित बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने उपभोक्ताओं के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इसकी जानकारी मंगलवार को देते हुए उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में दिन के अलावा रात को भी की जा रही अघोषित कटौती से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता काफी परेशान हैं। अगर जल्द ही सुधार नहीं होगी तो उग्र आंदोलन करने पर उपभोक्ता बाध्य होंगे।

# पिकअप वैन पलटने से चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत ग्राम लुकुआ स्थित नहर में तरबूज से लदे पिकअप वैन पलटने से दबकर चालक की मौत हो गई।जबकि उपचालक सुरक्षित है।घटना करीब 2:30 रात्रि का बताया जा रहा है।जिसकी सूचना रात्रि में ही एक हाईवा चालक ने बरवाडीह के ग्रामीण को दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने पत्थरा पुलिस पीकेट को सुचना दी।घटना स्थल पर मंगलवार की सुबह पत्थरा पीकेट के प्रभारी नितीश कुमार दल बल के साथ पहुंचे और जेसीबी बुलाकर पिकअप वैन को सीधा कराया और शव को बाहर निकाल कर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। इस घटना से ग्रामीण क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। उपचालक रंजीत अगड़िया ने अपने साथ मृतक बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत सुलसुली गांव निवासी सुधन अगड़िया के 21 वर्षीय पुत्र दीपलेश अगड़िया का पहचान बताते हुए कहा कि अंबिकापुर मंडी से पिकअप वैन नंबर यूपी 64-एटी-8680 पर तरबूज लादकर बिहार के शेरघाटी बाजार जा रहा था।उपचालक ने बताया कि पिकअप वैन में ही मैं सोया हुआ था जिससे यह पता नहीं चल सका कि मेन रोड को छोड़कर नहर वाले रोड में कैसे घुस गया और वैन नहर में पलट गई।हलाकि लोगो का अनुमान है कि रात्रि में हाईवा का पिछ लगकर डुमरिया के रास्ते को छोड़कर नहर का रास्ता पकड़ लिया हो और संकीर्ण सड़क के कारण अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। मौके पर पत्थरा पीकेट प्रभारी नितीश कुमार, एसआई प्रकाश कुमार,एएसआई गंदरु उरांव व पुलिस बल के अलावे क्षेत्र कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# आम रास्ता को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के दंगवार ओपी अंतर्गत लमार गांव में वर्षो से चल रहे आम रास्ता पर अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण मुक्त किया।इस सबंध में अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने बताया की ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यालय को प्राप्त आम रास्ता पर अतिक्रमण की लिखित शिकायत मिलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की गई है। जिसमे अंचल अमीन व कर्मचारियों के रिपोर्ट के आधार एवं सत्यापन कर उक्त आम रास्ता के अतिक्रमणकारियों को पहले नोटिस दिया गया था, लेकिन नोटिस के बाद भी उक्त लोगों के द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया, इसके उपरांत प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से अतिक्रमण को हटा कर आम रास्ता को अतिक्रमण मुक्त किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी नंदकुमार राम,अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान,महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज,दंगवार ओपी प्रभारी चन्दन शर्मा,एसआई वीनोद राम समेत काफी संख्या में महिला एवम पुरुष बल समेत अंचल के कर्मी मौजूद थे।

## ट्रैक्टर से धक्का मार कर जख्मी करने का आरोप, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के जपला धरहरा निवासी विकाश कुमार पासवान ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर ट्रैक्टर चालक पर जान से मारने की नियत से चचेरे भाई अमित पासवान को गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। विकास कुमार पासवान ने आवेदन में कहा है कि उनके चचेरे भाई अमित पासवान व उसका दोस्त सोनू कुमार घर में खाना खाकर बैठे थे। चचेरे भाई अमित पासवान बातचीत कर रहे थे। शौच करने के लिए घर के बगल में ही नहर की ओर चले गये।काफी देर हो जाने पर मैं" देखने के लिए गया तो नहर तरफ हल्ला सुनाई दिया। नजदीक पहुँचने पर देखा की मिलन बांध के राकेश मेहता लाल रंग के महेन्द्रा ट्रेक्टर के चालक सीट पर बैठकर मेरे चचेरा भाई अमित पासवान से बहस कर रहा था। राकेश बोल रहा था कि वह स्पीड में ट्रैक्टर चलाएंगे। जिसको रोकना हो रोक लेगा। कौन रोकने वाला है। चचेरा भाई अमित पासवान बोले कि यहाँ पर बच्चा-बुढा हमेसा चलते रहते हैं। इसलिये धीरे चलाओं। इतने पर राकेश मेहता ने चचेरा भाई अमित पासवान, जो गाड़ी के आगे खड़ा था, उसे धक्का मारते हुए ट्रैक्टर को आगे बढ़ा दिया। अमित पासवान ने आगे से भागने का प्रयास किया। मगर ट्रैक्टर से दाहिने जाँध एवं घुटने में धक्का लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल अगल-बगल के लोगों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में सोमवार की शाम प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि घटना के पीछे का कारण पुलिस पता लगा रही है।

## सीएस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, कहा
# कर्मियों के खिलाफ मिली शिकायत पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर(पलामू)।** पलामू सिविल सर्जन डां अशोक कुमार ने विश्रामपुर सीएचसी का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। जिसमें अपने कार्य से लापरवाह कर्मियो को कड़ी फटकार भी लगाई।वहीं सीएस ने बताया कि विश्रामपुर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में पांच साल से अधिक दिनों तक एक ही संस्थान में रहकर अपनी पैठ बना चुके कर्मियो के खिलाफ अगर किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उन्हे अविलंब बड़ी पेनाल्टी के साथ स्थानांतरित किया जाएगा।ताकि स्वास्थ्य विभाग में पारदर्शिता के साथ सुधार लाया जा सके।वहीं विश्रामपुर के बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित ने कहा कि कुछ कर्मचारी बहुत सालों से विश्रामपुर सीएचसी में जमे हुए है। और वो जनहित कार्यों को ताक पर रख अपने मन मुताबिक कार्य करने में लगे हुए है। जिसके कारण यहां के स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जिनकी निश्चित ही बदली होनी चाहिए। मौके पर डीपीएम दीपक कुमार,चिकित्सा प्रभारी डॉ लिली स्टेला पूर्ति,डां एमएम प्रसाद, बीपीएम पंकज पाण्डेय, बीएम पंकज सिंह,मुहम्मद इस्लाम, रजनीश चंद्रवंशी,अनिल कुमार, राजेंद्र सोनी सहित कई कर्मी मौजूद थे।

स्पोर्ट्स



आईपीएल ने सोमवार रात जारी बयान में कहा कि चार मई को लखनऊ में होने वाले नगर निगम चुनाव के कारण तारीख बदली गई है।

# आइपीएल 2023 : चुनाव की वजह से 4 मई को नहीं होगा चेन्नई और लखनऊ का मैच

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 46वें मैच की तारीख चार मई से बदलकर तीन मई कर दी गई है। आईपीएल ने सोमवार रात जारी बयान में कहा कि चार मई को लखनऊ में होने वाले नगर निगम चुनाव के कारण तारीख बदली गई है। मैच के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है और मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे से ही शुरू होगा।

बीसीसीआई की तरफ से कहा गया लखनऊ सुपर जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2023 का 46वां मैच, मूल रूप से गुरुवार चार मई 2023 को लखनऊ में निर्धारित किया गया था, अब इसे बुधवार तीन मई 2023 के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। चार मई को लखनऊ नगर निगम चुनाव के कारण शेड्यूल में बदलाव किया गया है। मैच के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है और खेल भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा। केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम पांच मैचों में छह अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। चेन्नई का मुकाबला करने से पहले लखनऊ राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स का मुकाबला करेगी। राहुल की टीम एक मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की मेजबानी करेगी, जिसके बाद उसका सामना तीन मई को महेंद्र सिंह धोनी की टीम से होगा।


## कार्यालय नगर परिषद्,चतरा

पत्रांक 541/न0प0, दिनांक 15.04.2023

**रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक– 506/न0प0, दिनांक– 10.04.2023 के द्वारा नगर परिषद्, चतरा के शहीद विनय भारती पार्क (कैफेटेरिया सहित) की बन्दोबस्ती हेतु डाक का आयोजन से संबंधित आम सूचना दैनिक सामाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की गई थी, जिसका PR No- 294780(Urban Development) 23-24*D है।

उक्त के आलोक में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहीद विनय भारती पार्क (कैफेटेरिया सहित) की बन्दोबस्ती हेतु आमंत्रित डाक का आयोजन अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

PR 295374 Urban Development(23-24)#D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा

## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

**अतिअल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) के निर्माता अथवा अधिकृत बिक्रेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के द्वारा हजारीबाग जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 27.04.2023 को मध्यान 12.00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में स्वीकार किये जाएगें। एवं निविदा उसी दिन अपराहन् 3.00 बजे निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.hazaribag.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 295412 Fish(23-24).D

Tender ref. No,: Dated:- __/__/2023

## District Collectorate District Supply Office Garhwa, Jharkhand

**INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF GARHWA DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 18.04.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Garhwa, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: 9219516455<br>Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Garhwa Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Garhwa, Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 18.04.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 03.05.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 04.05.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 21/04/2023(____________) |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://garhwa.nic.in & https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://garhwa.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 295342 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D

District Supply Officer Garhwa

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग**

टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची–01/2023–24 दिनांक :–18.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | दुर्गा सोरेन चौक (नामकोम)–रामपुर रिंग रोड (कुल लम्बाई–8.860 कि0मी0) के चार लेन में निर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) वर्ष 2023–24. |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 6311.08044 लाख<br>(रूपये तिरसठ करोड़ ग्यारह लाख आठ हजार चौवालीस रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 63.12 लाख<br>(रूपये तिरसठ लाख बारह हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 (बारह) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.04.2023<br>10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि/समय | 27.04.2023<br>3.00 बजे अपराह्न |
| 7. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 10.05.2023<br>12.00 बजे दोपहर तक |
| 8. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 11.05.2023<br>12.30 बजे अपराह्न। |
| 9. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता<br>पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,मोहराबादी, राँची–834008. |
| 10. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 11. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन *(UCAN)* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तो के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची

PR 295438 Road Construction Dept Road Division Ranchi(23-24).D

## केंद्रीय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा शिविर का आयोजन



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चों के लिए सीआईएसएफ अग्नि शमन स्कंध द्वारा अग्नि दुर्घटना रोकने एवं उससे बचाव का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही साथ उनके बीच इसी विषय पर चित्रांकन एवं निबंध लेखन का भी आयोजन किया गया। अंत में अग्नि शमन प्रदर्शन कर विभिन्न प्रकार के अग्निशामक को चलाने का व्यवहारिक शिक्षा भी उप निरीक्षक फायर चंद्र भान सिंह एवं उनकी टीम द्वारा दिया गया। बच्चे काफी उत्साहित दिखे एवं कई प्रकार के जिज्ञासा प्रकट करते रहे। जिसका समाधान अग्नि शमन दल द्वारा किया जाता रहा। प्रतिभागियो द्वारा कई प्रकार के अग्नि दुर्घटना और बचाव संबंधी प्रश्न उठाए गए। शिविर को सफल बनाने मे सीआईएसएफ के सउनि अजर अमर लकडा, प्रआ आरडी शर्मा, लघुतम, आरक्षक बाबूलाल एवं बी विनोद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## लोयाबाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, 10 घायल

# पहुंची तीन थानों की पुलिस, बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र का कनकनी हनुमान बाजार सोमवार की शाम रणक्षेत्र में बदल गया। स्थानीय दो पक्षों के युवकों में किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया, दोनो पक्षों की ओर से जमकर लाठी डंडे और हॉकी स्टिक चले। मारपीट से इलाके में अफरा तफरी मच गयी। वही घटना में दोनों ओर के करीब दस लोग घायल हो गये। जिसमे पांच लोगो का सर फट गया। घटना की सूचना पर लोयाबाद, जोगता और केंदुआ पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस को देख मारपीट करने वाले समर्थक मौके से भाग निकले। वही पुलिस ने घटनास्थल से दो बाइक व लाठी डंडे बरामद किया। घटना के बाद यहां का हालात तनावपूर्ण बना हुआ है। घायलों में एक पक्ष के दीपक सिंह, उमेश चौहन, गोलू सिंह, विनय चौहान, वही दूसरे पक्ष के सूरज रविदास उर्फ काली, पप्पू मंडल, राजू चौहान, सोनू चौहान आदि शामिल है।







### मारपीट की घटना हुई है, शिकायत नहीं मिली है : थाना प्रभारी

घटना के संबंध में लोयाबाद थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया की मंदिर में बैठक होने की सूचना है, मारपीट की घटना घटी है। किसी पक्ष से अब तक कोई शिकायत नही किया गया है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**छींटाकंसी के बाद हुई मारपीट, कुछ ही घंटो में हुआ समझौता :** सूचना के अनुसार बताया जाता है कि विधायक प्रतिनिधि शरद महतो समर्थकों के साथ कनकनी हनुमान बाजार में एक बैठक कर रहे थे। बैठक के कुछ दूरी पर स्थित चबूतरे पर स्थानीय कुछ युवक बैठे हुए थे, इसी बीच एक दूसरे पर छींटाकंसी शुरू हुआ और बाद में मामला मारपीट में तब्दील हो गया है। घटना के बाद विधायक ढुल्लू के बड़े भाई शरद महतो ने कहा कि मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर मंदिर समिति की बैठक में बुलाने पर पहुंचे थे, वहां से निकलने के बाद पता चला कि कुछ लोगों ने मारपीट कर दिया है। वही दूसरे पक्ष के घायल पप्पू मंडल ने बताया की बैठक में शामिल होने का दबाव दिया गया था नहीं जाने पर मारपीट किया गया। हालांकि घटना के महज कुछ घंटो के बाद ही दोनो पक्षों के बीच समझौता होने की बात कही जा रही है।

## पार्टी स्थापना दिवस को लेकर मासस की बैठक

# मासस का जन्म संघर्षों से ही हुआ : आनंद महतो

### मजदूर मसीहा एस के बक्शी को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** धनबाद पुराना बाजार स्थित मासस के केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को एक विशेष बैठक बुलायी गयी। बैठक में आगामी 22अप्रैल को स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष चर्चा की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिंदा पासवान ने किया। इस दौरान मासस के केंद्रीय अध्यक्ष कॉमरेड आनंद महतो ने कहा मासस की स्थापना संघर्षों के माध्यम से ही हुआ है और आज भी उपेक्षित वंचित दलित मजदूर किसानों की आवाज बनकर मासस कोयलांचल में खड़ा है। बिना समाजवादी विचार के कोई भी राष्ट्र शोषणमुक्त नहीं बन सकता है। इसलिए आज के परिपेक्ष में मार्क्सवादीयों को अपने वर्ग संघर्षों को तेज करने की जरूरत है, बिना वर्ग संघर्ष के पूंजीवादी व्यवस्था का खात्मा नहीं हो सकता है।

**भाजपा सरकार कोयला उद्योग को निजी हाथों में सौंप रही है:** बैठक से पूर्व बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के पूर्व अध्यक्ष एवं मजदूरों के मसीहा कॉ एस.के बक्शी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर सभी उपस्थित साथियों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कॉ एस के बक्शी 70- 80 दशक की लड़ाई में जब कोयला क्षेत्र निजी मालिकों के हाथ में थी और कोयला उद्योग की लूट मची हुई थी। ऐसे ही तमाम साथियों की लड़ाई की बदौलत कोयला उद्योग को राष्ट्रीयकरण में तब्दील किया गया यह बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की सफलता है। वही वर्तमान में भाजपा सरकार कोयला उद्योग को निजी मालिकों के हाथ में सौंप दे रही है। जरूरत है आज उसी लड़ाई को दोहराने की। मंगलवार की बैठक में 22 अप्रैल को कॉमरेड लेलिन की जयंती एवं मासस का स्थापना दिवस को सफल बनाने की रणनीति तय की गयी। इस दौरान मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय सचिव कॉ हरिप्रसाद पप्पू, जिला सचिव दिलीप कुमार महतो, सुभाष चटर्जी, मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो, एम पाल, विजय पासवान, टूटून मुखर्जी, मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, गणेश महतो, रामप्रकाश महतो, मुमताज अंसारी, संतोष रवानी, राजकुमार महतो, देवाशीष पासवान, भूषण महतो, नरेश पासवान, विश्वजीत राय, रामलाल दा, बूटन सिंह, मनीष यादव, राजेश बीरूवा आदि लोग उपस्थित थे।

## होरलाडीह कब्रिस्तान की झाड़ियों में लगी आग



**धनसार।** झरिया के होरलाडीह स्थित कब्रिस्तान के झाड़ियों में मंगलवार की दोपहर आग लग गयी। संभावना व्यक्त की गई की कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी गयी है। आग की लपटें निकलते देख अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने किसी प्रकार आग को बुझाने की प्रयास किया लेकिन आग की भयावह स्थिति देख कब्रिस्तान में मौजूद जुमराती मियां व स्थानीय एहसान जाखमी ने तत्परता दिखाते हुए घटना की सूचना झरिया थाना, बोर्रागढ़ ओपी और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पाते ही अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। स्थानीय एहसान जख्मी ने बताया की कब्रिस्तान के झाड़ियों मे आग की तेज लपटे निकलता देख स्थानीय थाना समेत अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया था। सही समय पर अग्निशमन विभाग व स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। किसी तरह का जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। वही घटना को लेकर झरिया इंस्पेक्टर एस के सिंह ने कहा की किसी शरारती तत्व का काम है ऐसे लोगों को शिनाख्त कर कार्रवाई की जायेगी।

## बीसीसीएल अधिकारी की पुत्री अमृता ने बढ़ाया कतरास क्षेत्र का मान, लोगों ने दी बधाई



**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र के विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के प्रबंधक अरुण कुमार केसरी की पुत्री अमृता कुमारी केसरी मिस एंड मिसेज वोगस्टार इंडिया के ग्रैंड फिनाले में 18 से 35 वर्ष वर्ग के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर कतरास का नाम रोशन किया। जयपुर के मेरिडियन होटल में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश भर के 1200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में दो समूह 18 से 35 व 36 से 50 वर्ष वर्ग में आयोजित था। अमृता सिजुआ डी-नोबिली से सातवी तथा धनबाद डीपीएस से मैट्रिक के बाद कोचिंग के लिए बाहर चली गयी। गोवा में अमृता अपने पति के साथ रहती है वहां जॉब भी करती है। अमृता के सफलता पर गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक जीसी साहा, गोविंदपुर क्षेत्र के नारी शक्ति समिति के अध्यक्ष चित्रा साहा, आशा दूबे,कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक एमएस दूत ने बधाई दी है।

## बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस-2 के 225 केवीए के यूपीएस का किया गया उद्घाटन



**बोकारो।** बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस-2 के मशीन हाल एवं फर्नेस कंट्रोल रूम में 225 केवीए यूपीएस को इंस्टॉल किया गया जिसका उद्घाटन अधिशासी निदेशक(संकार्य) बीके तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) एमपी सिंह सहित ब्लास्ट फर्नेस विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। ब्लास्ट फर्नेस-2 के मशीन हाल एवं फर्नेस कंट्रोल रूम में यूपीएस इंस्टाल हो जाने से प्रोसेस पीएलसी तथा सर्वर सुचारु रूप से संचलित हो सकेंगे। इसके फलस्वरूप ब्लास्ट फर्नेस के विभिन्न पैरामीटर्स की मोनिटरिंग बेहतर तरीके से की जा सकेगी जिससे हॉट मेटल की क्वालिटी में बेहतरी के साथ-साथ ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता में भी वृद्धि होगी। यूपीएस के इंस्टॉलेशन तथा शिफ्टिंग एवं माउन्टिंग में ब्लास्ट फर्नेस के विद्युत सेक्शन तथा कैपिटल रिपेयर इलेक्ट्रिकल विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का अहम योगदान रहा।

# बोकारो जिलाध्यक्ष ने बोकारो से रांची पहुंचकर किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो(बेरमो)।** रक्तदान करना महादान माना गया है। कोई अपना रक्त देकर किसी मरीज की जान बचाने का कार्य करते है वो बहुत बड़ा पुनीत कार्य माना गया है। सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के सदस्य हमेशा इस तरह का कार्य करते रहते है। इससे इस संस्था का काफी नाम प्रचलित हो गया है। कभी भी किसी को रक्त की आवश्यकता होती है तो सबसे पहले समर्पण एक नेक पहल के सदस्यों को याद करने का काम करते है। क्योंकि उन्हें मालूम है कि कही के भी अस्पताल में मरीज को रक्त की आवश्यकता होती है तो इनके सदस्य वही इसकी व्यवस्था करते है। अगर ब्लड ग्रुप नहीं मिल पाती है तो दूसरे स्थान से कार्यकर्ता पहुंच रक्त दान करते है। समर्पण एक नेक पहल प्रतिदिन कई जरूरतमंद लोगों की मदद करते हुए आज पूरे झारखंड प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है। जिसका मुख्य उद्देश्य हैं शिक्षा, रक्तदान एवं जनकल्याण है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु संस्था के सभी अधिकारीगण एवं सदस्यगण प्रतिदिन अपनी सेवाएं समाज के लिए निःस्वार्थ देते आ रहे हैं। आज का वाक्या इसी से जुड़ा हैं जो बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। रांची से संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि शैंफर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रांची में 40 वर्षीय महिला मरीज जिनका नाम कृष्णा देवी हैं। उनका ऑपरेशन होने वाला हैं, जिनके तत्काल बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं। घर वाले पहले रक्तदान कर चुके हैं पर अभी एक यूनिट रक्त की आवश्यकता हैं। सूचना प्राप्त होते ही संस्था के बोकारो जिलाध्यक्ष बिनोद चौहान ने मरीज की स्थिति की गंभीरता को समझते हुए स्वयं रक्तदान करने का निर्णय किया, और बोकारो से रांची 110 किलोमीटर की दूरी तय कर सेमफोड अस्पताल रांची पहुंचे। उन्होंने मरीज के लिए अपना ओ पॉजिटिव रक्तदान किया। अस्पताल ने यह रक्त रख मरीज को बी पॉजिटिव रक्त दिया। बिनोद चौहान एक नियमित रक्त दाता हैं जो हर तीन महीने पर रक्त दान करते हैं। अब तक संस्था की ओर से आठ हजार जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करा चुके हैं।

## खसरा और रुबेला टीकाकरण अभियान के तहत लगा शिविर

**लोयाबाद।** मदनाडीह में एमजी किड्स प्ले स्कूल और लोयाबाद हटिया ग्राऊंड के पास स्थित इंदिरा गांधी स्कुल में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत मंगलवार को शिविर लगाया गया। इंदिरा गांधी स्कूल में 75 बच्चों को तथा एमजी किड्स प्ले स्कूल में 25 बच्चे को टीका लगाया गया। विधालय के प्राचार्य सोमेन कुमार घोष तथा महादेव राउत ने लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। लोगों को बताया कि यदि टीका अपने बच्चों को लगवाते है तो वह कई बीमारियों से उनका बचाव हो जायेगा। टीकाकरण में डा कंचन मिश्रा एएनएम दिव्या कुमारी, रीना कुमारी, सहीया शशिकला देवी, वीमल तिवारी, रंजु देवी, वीटीटी काजल देवी, उप प्राचार्य सोमा कुमारी, उप प्राचार्य प्रीति राउत, शिक्षिका मनीषा यादव, नेहा कुमारी, पूजा कुमारी का इसमें सराहनीय योगदान रहा। टीका लगाने वाले बच्चों के बीच टॉफियां बांटी गयी।

## हत्या के अरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरोचट्टी(बेरमो)।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बडकीचिदरी पंचायत के दुधमो गांव की 42 वर्षीय निवासी दासो मांझी की हत्या दो ग्रामीणों द्वारा बेरहमी से कुल्हाड़ी से काटकर कर दी गयी है। हत्या करने वाले हत्यारों को चतरोचट्टी थाने के पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि दोनों के साथ इसमें बिशुन मांझी भी आरोपित है। आरोपित महेश मांझी और डेनियल मुर्मु चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। शुक्रवार को ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद को लेकर पंचायत हो रहा था। जब पंचायत समाप्त हुआ तो बिसुन मांझी ने घर आने के क्रम में रास्ते में दासो मांझी को पकड़ कर अपने घर ले आया और डेनियल मुर्मु तथा बिशुन मांझी के साथ मिलकर कुल्हाडी से मारकर हत्या कर दिया था। जिसमें फिलहाल पुलिस गिरफ्तार से बाहर है। दासों मांझी के पुत्र धनेश्वर मांझी के आवेदन के आधार पर कांड संख्या 5/2023 के तहत पर मामला दर्ज करते हुये जांच पड़ताल में जुट गई है। बहुत जल्द बिशुन मांझी के भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ( वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं वित्तीय वर्ष 2024–25)**

राँची जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से चालू वितीय वर्ष 2023–24 एवं अगले वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्त कर जिला स्तरीय समिति के माध्यम से प्रस्ताव पारित किया जाना है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं अगले वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत राँची जिला के मात्स्यिकी से जुड़े अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक कृषकों से निम्नवर्णित तालिका में उल्लिखित योजनाओं का लाभ लेने हेतु विहित प्रपत्र में दिनांक 04.05.2023 तक जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

निजी क्षेत्र की लाभुकोन्मूख योजनाओं में लाभुकों का अंशदान आवश्यक है। सामान्यतः लाभुकोन्मुख योजना में लाभुक का अंशदान कुल परियोजना लागत का 60 प्रतिशत् (सामान्य कोटि के लिए) होगा, किन्तु सभी कोटि के महिलाओं, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लाभुको के लिए योजना में लाभुक का अंशदान परियोजना लागत का 40 प्रतिशत् होगा। परन्तु योजना उपघटक Large R.A.S. ($90m^3$ का आठ टैंक) अंतर्गत लाभुक अंशदान 80 प्रतिशत् (सामान्य कोटि के लिए) एवं 75 प्रतिशत् (सभी कोटि के महिला, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति) के लिए। इस योजना के अंतर्गत चिन्हित लाभुकोन्मुख कार्यक्रमों की सूची एवं विवरण संलग्न है।

उक्त सूची में अंकित कोटिवार/ उपघटकवार राँची जिला के मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों/मत्स्य विकेताओं/उद्यमियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन के साथ वांछित जमीन/ अन्य से संबंधित सुसंगत दस्तावेज एवं योजना के संबंधित उपघटक का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी0पी0आर0/स्वयं निहित प्रस्ताव (एस0सी0पी0) संलग्न करना अनिवार्य है। लाभुकों का चयन कोटिवार/योजना उपघटकवार प्राप्त लक्ष्य के आलोक में सक्षम् स्तर से किया जाएगा। आवेदन हेतु विहित प्रपत्र **जिला मत्स्य कार्यालय, राँची** में निःशुल्क उपलब्ध है।

**राँची जिला अंतर्गत लाभुकोन्मुख कार्यकमों की सूची।**

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कॉर्प हैचरी निर्माण | सं0 में | 25.00 |
| 2 | रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 7.00 |
| 3 | ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 7.00 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पेंगेषियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (क0 सं0 03 अंतर्गत निर्मित नये तालाबों के लिए) | हे0 में | 4.00 |
| 5 | बॉयोफ्लॉक तालाब का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 |
| 6 | जलाषय में अंगुलिकाओं का संचयन @ 1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 | हे0 में | @ Rs. 03/Fingerling |
| 7 | बैकयार्ड सजावटी/अलंकारिक मछली की रियरिंग इकाई | सं0 में | 3.00 |
| 8 | मध्यम आकार के सजावटी/अलंकारिक मछली की रियरिंग इकाई | सं0 में | 8.00 |
| 9 | सजावटी/अलंकारिक मत्स्य इकाई (ब्रीडिंग एवं रियरिंग) | सं0 में | 25.00 |
| 10 | सजावटी/अलंकारिक मछलियों के ब्रूड टैंक की स्थापना | सं0 में | 100.00 |
| 11 | मनोरंजक मत्स्य गतिविधियों का संवर्द्धन (Promotion of Recreational Fisheries) | सं0 में | 50.00 |
| 12 | 90 मी0³ क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन मछली उत्पादन की क्षमता वाले बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना/04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 50 टैंक वाले बॉयोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना | सं0 में | 50.00 |
| 13 | 30 मी0³ क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन मछली पालन की क्षमता वाले बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना/04 मी0 व्यास एवं 1.0 मी0 उचाई के 25 टैंक वाले बॉयोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना | सं0 में | 25.00 |
| 14 | 100 मी0³ क्षमता वाले 01 टैंक वाले बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना/04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 07 टैंक वाले बॉयोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना | सं0 में | 7.50 |
| 15 | बैकयार्ड लघु आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | सं0 में | 0.50 |
| 16 | जलाषय में केज स्थापना | हे0 में | 3.00 |
| 17 | खुले जल निकायों में घेरे में मत्स्य पालन/पेन कल्चर | सं0 में | 3.00 |
| 18 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (10 टन क्षमता) | सं0 में | 40.00 |
| 19 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (20 टन क्षमता) | सं0 में | 80.00 |
| 20 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (30 टन क्षमता) | सं0 में | 120.00 |
| 21 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट निर्माण (50 टन क्षमता) | सं0 में | 150.00 |
| 22 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/बर्फ प्लांट का आधुनिकीकरण | सं0 में | 50.00 |
| 23 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | सं0 में | 25.00 |
| 24 | इनसुलेटेड वाहन | सं0 में | 20.00 |
| 25 | मोटर साईकिल, आईस बॉक्स के साथ | सं0 में | 0.75 |
| 26 | साईकिल, ऑईस बॉक्स के साथ | सं0 में | 0.10 |
| 27 | तीन चक्का वाहन ऑईस बॉक्स के साथ/ई–रिक्षा मछली बिक्री के लिए | सं0 में | 3.00 |
| 28 | जीवित मछली बिक्री केन्द्र | सं0 में | 20.00 |
| 29 | लघु फिष फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 |
| 30 | मध्यम फिष फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 100.00 |
| 31 | बड़ा फिष फीड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 200.00 |
| 32 | फिष फीड मिल प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 650.00 |
| 33 | फिष कियोस्क (सजावटी/अलंकारिक मछली एवं एक्वेरियम सहित) का निर्माण | सं0 में | 10.00 |
| 34 | मछली मूल्य संवर्द्धित उत्पाद इकाई (फिष भेल्यू एडेड इन्टरप्राइजेज) | सं0 में | 50.00 |
| 35 | मछली के खुदरा बाजार (सजावटी/अलंकारिक मछली एवं एक्वेरियम सहित) का निर्माण | सं0 में | 100.00 |
| 36 | मछली एवं मछली के उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म तैयार करना | DPR पर आधारित | |
| 37 | फिष डिजीज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टिंग लैब की स्थापना (मछली के बिमारी की पहचान एवं गुणवता परखने हेतु प्रयोगषाला की स्थापना) | सं0 में | 25.00 |
| 38 | फिष डिजीज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टिंग लैब की स्थापना (मछली के बिमारी पहचान एवं गुणवता परखने हेतु चलंत प्रयोगषाला/क्लीनिक की) | सं0 में | 35.00 |
| 39 | जलाषय के मछुआरों को नाव तथा जाल के कय हेतु सहयोग | सं0 में | 1.00 |
| 40 | जलाषय के मछुआरों को नाव तथा जाल के कय हेतु सहयोग | सं0 में | 5.00 |
| 41 | प्रसार एवं सहयोग सेवाए (मत्स्य सेवा केन्द्र) | सं0 में | 25.00 |
| 42 | मछुआरों का बीमा | सं0 में | – |
| 43 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली षिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | सं0 में | केन्द्रांष – 1500 रू0 + राज्यांष 1500 |

आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान :– **जिला मत्स्य कार्यालय, राँची।**
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– **दिनांक 04.05.2023 को कार्यालय अवधि तक।**
**नोट :–विस्तृत विवरणी मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के Website** www.jharkhandfisheries.org **पर उपलब्ध है।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR295354 (Fish)23-24*D


# निरीक्षक विवेक नयन पांडेय का सरस्वती शिशु मंदिर ढोरी में हुआ आगमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली(बेरमो)।** फुसरो नगर परिषद के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धनबाद विभाग के विभाग निरीक्षक विवेक नयन पांडेय विद्यालय पहुंचे। विवेक नयन पांडेय एवं विद्यालय के सचिव सुमित बंसल द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित किया गया। इसके उपरांत सामूहिक वंदना भैया बहनों के साथ सभी लोगों ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार राय द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। भैया बहनों को निरीक्षक महोदय द्वारा अनुशासन और विद्यालय में संस्कार युक्त वातावरण किस प्रकार बनाना है इस पर विस्तृत चर्चा किया गया। भैया बहनों को प्रेरणा युक्त उद्बोधन से निरीक्षक महोदय ने संदेश दिया। इसके उपरांत आचार्य जी और दीदीजीके साथ निरीक्षक महोदय की बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम नये आचार्य दीदी जी का परिचय हुआ। निरीक्षक महोदय द्वारा अच्छे आचार्य के दायित्व बोध पर सबों का मार्गदर्शन किया। किस प्रकार से विद्यालय की व्यवस्था को और भी अच्छा किया जाए का मंत्र दिया। सामूहिक प्रयास का महत्व बताया और सामूहिक कार्य करने की प्रेरणा दी। कहा कि सभी आचार्य जी दीदीजी अपनी योग्यता क्षमता का पूर्ण व्यवस्थित रूप से उपयोग करें, क्योंकि कुछ भी असंभव नहीं होता। उसके लिए सतत तन मन से प्रयास की आवश्यकता होती है। नवीन शिक्षा नीति के अनुसार पठन-पाठन किया जाए और विद्यालय का वातावरण संस्कार युक्त और अनुशासन युक्त बनाने का प्रयास किया जाये, इस पर उन्होंने ज्यादा बल दिया। बैठक में कस्तूरबा श्री विद्यानिकेतन के सचिव धीरज कुमार पांडेय, तथा विद्यालय की सह सचिव अर्चना सिंह उपस्थिति रही।

## शिव शक्ति बस में लगी आग, स्थानीय लोगों की तत्परता से पाया गया काबू

**धनसार।** धनबाद से जमशेदपुर जा रही शिव शक्ति बस संख्या जेएच 05 बी एक्स 0969 में मंगलवार की सुबह बस्ताकोला के पास शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। बस में आग लगने के बाद उसमें बैठे यात्रियों में भगदड़ मच गयी। आनन-फानन में सभी यात्रियों ने बस से उतरकर अपनी जान बचायी। घटना में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ हैं। स्थानीय लोगों की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पाया गया। बाद में बस यात्रियों को दूसरे बस के सहारे अपने गंतव्य की ओर रवाना किया गया। भीषण गर्मी के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना

## बिलकिस मामला: सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की

# गुजरात सरकार बताये दोषियों को पहले क्यों छोड़ा: सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** गुजरात सरकार की माफीनामा पॉलिसी के खिलाफ बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, ताकि उनके दोषियों को फिर से जेल भेजा जा सके। बिलकिस बानो गैंगरेप मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से दोषियों को समय से पहले रिहा करने का कारण पूछा। कोर्ट ने कहा कि आज यह बिलकिस के साथ हुआ, कल किसी के साथ भी हो सकता है। गौलतलब है कि गुजरात सरकार ने बिलकिस मामले के 11 दोषियों को पिछले साल समय से पहले रिहा कर दिया है। सरकार के इस फैसले के खिलाफ बिलकिस ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। बेंच ने मंगलवार को सुनवाई में कहा कि जब समाज को बड़े पैमाने पर प्रभावित करने वाले ऐसे जघन्य अपराधों में छूट देने पर विचार किया जाता है, तो सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए शक्ति का प्रयोग किया जाना चाहिए।

केंद्र ने राज्य के फैसले से सहमति जताई है, इसका मतलब यह नहीं है कि राज्य को अपना दिमाग लगाने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि अगर सब कुछ कानून के मुताबिक हुआ है तो इसमें छिपाने को क्या है? जस्टिस जोसेफ ने राज्य सरकार से कहा कि अच्छा आचरण होने पर दोषियों को छूट देने को अलग रखना चाहिए। इसके लिए बहुत उच्च पैमाना होना चाहिए। भले ही आपके पास शक्ति हो, लेकिन उसकी वजह भी होनी चाहिए। कोर्ट ने मामले में केंद्र और राज्य सरकार से 1 मई तक फाइल पेश कर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है।

### अतीक-अशरफ हत्याकांड मामले में 24 अप्रैल को होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की पुलिस की मौजूदगी में हुई हत्या की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में स्वतंत्र जांच समिति बनाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी है। सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर 24 अप्रैल को सुनवाई करेगा। याचिका में योगी सरकार में अभी तक कुल 183 एनकाउंटर पर भी सवाल उठाये गये हैं। पूर्व आइपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने भी सुप्रीम कोर्ट में लेटर पिटिशन दाखिल करके अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या मामले की सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट की निगरानी में सीबीआइ जांच कराने की मांग की है। अमिताभ ठाकुर ने याचिका में कहा है कि भले ही अतीक अहमद और उसका भाई अपराधी हों मगर जिस तरह से उनकी हत्या हुई, उससे इस घटना के राज्य पोषित होने की पर्याप्त संभावना दिखती है।

### सुप्रीम कोर्ट में सेम सेक्स मैरिज पर आज फिर सुनवाई

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 15 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 19 अप्रैल को दोबारा होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की पांच जजों की संवैधानिक बेंच इन पर सुनवाई कर रही है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सेम सेक्स मैरिज के पक्ष में लगायी गयी याचिकाओं की पैरवी मुकुल रोहतगी ने की। पहले दिन सुबह 11 बजे से शुरू हुई सुनवाई पहले दोपहर 1 बजे तक चली फिर लंच के बाद दो बजे से 4 बजे तक हुई।

### शिक्षा कार्य समूह की तीसरी बैठक 27-28 अप्रैल को

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी और शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने आज भुवनेश्वर में शिक्षा कार्य समूह की आगामी तीसरी बैठक और अग्रगामी कार्यक्रमों पर एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए श्री मूर्ति ने बताया कि शिक्षा कार्य समूह की तीसरी बैठक 27-28 अप्रैल, 2023 को भुवनेश्वर में होगी और जी20 शिक्षा कार्य समूह की बैठकों के अग्रगामी कार्यक्रम 23-26 अप्रैल, 2023 को होंगे। ₹कार्य का भविष्य₹ विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जो 23-25 अप्रैल और फिर 27 और 28 अप्रैल के बीच जनता के लिए खुली रहेगी। जी20 देशों के प्रतिनिधि इन बैठकों में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा कार्य समूह के तहत कार्यक्रम, विषयों का चयन और देश के युवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के विजन और मार्गदर्शन में चल रहा है। ओडिशा के मामले में, जहां विषय 'कार्य का भविष्य' है, गतिविधियां इस दृष्टि पर आधारित हैं कि उभरती हुई कौशल आवश्यकताओं और निरंतर कुशल कौशल और कौशल उन्नयन की आवश्यकता पर हर जिले में जिले के लिए प्रासंगिक के रूप में व्यापक विचार-विमर्श और प्रभावी पहुंच होनी चाहिए।

# भुवनेश्वर में तीन नये फायर सर्विस स्टेशन स्थापित किये जायेंगे, सीएम ने दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर में तीन नये फायर स्टेशन स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भुवनेश्वर के लगातार बढ़ते क्षेत्र और जनसंख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अग्निशमन व्यवस्था में सुधार और लोगों के धन जीवन सुरक्षा प्रदान करने के लिए यह निर्णय लिया है। ये तीन अग्निशमन केंद्र तमांडो, मंचेश्वर और पाहाल में स्थापित किये जायेंगे। इसके लिए 45 पद भी अनुमोदन किये गये हैं। हर केंद्र पर 15 कर्मचारी होगा। इसमें एक स्टेशन अधिकारी, दो अग्रणी फायरमैन, एक चालक-हबीलादार, एक फायरमैन चालक और 10 फायरमैन शामिल हैं।

# एमसीएल ने स्कूल को वाटरकूलर प्रदान किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** एमसीएल जागृति महिला मंडल की ओर से आफिर्सस कॉलोनी यू पी स्कूल बुर्ला को वाटरकूलर प्रदान किया गया। एमसीएल जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, उपाध्यक्षा अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा आदि के निर्देश से आफिर्सस कॉलोनी यूपी स्कूल बुर्ला को वाटरकूलर प्रदान किया गया। समर्पण परियोजना के तहत राज्य में गर्मी की लहर से निपटने के लिए बुर्ला स्थित आफिर्सस कॉलोनी यूपी स्कूल को वाटर कूलर प्रदान कर बच्चों को शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध कराने जागृति महिला मंडल का यह एक सराहनीय प्रयास हैं। मंडल की सदस्याओं ने छात्रों से बातचीत की। प्राचार्य मीनति ने इस नेक कार्य के लिए मंडल को कृतज्ञता ज्ञापन किया।

### लापता भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर जिंदा

**काठमांडू (आजाद सिपाही)।** माउंट अन्नपूर्णा पर कैंप चार के ऊपर से लापता हुई भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर का पता चल गया है और वह जीवित हैं। पर्वतारोहण अभियान के एक आयोजक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पायनियर एडवेंचर के अध्यक्ष पसंग शेरपा ने बताया कि एक हवाई खोज दल ने बलजीत कौर का पता लगा लिया है। उन्होंने कल पूरक ऑक्सीजन का उपयोग किए बिना ही दुनिया की दसवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह किया था।

# ओड़िशा सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 'इंटीग्रेशन ऑफ टीचिंग एंड लर्निंग थ्रू टेक्नोलॉजी' पर सम्मेलन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जी-20 जन भागीदारी की ओर से ओडिशा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने 'वसुधैब कुटुंबकम' का नारा रखते हुए 17 अप्रैल 2023 को सुनाबेड़ा स्थित अपने कैंपस में 'इंटीग्रेशन ऑफ टीचिंग एंड लर्निंग थ्रू टेक्नोलॉजी' नाम से एक सम्मेलन आयोजित किया है। प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. एचके. सेनापति प्रोफेसर आरआइइ भुवनेश्वर और पूर्व निदेशक एनसीइआरटी ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और उपरोक्त पर संक्षिप्त व्याख्यान दिया। कुलपति प्रो. चक्रधर त्रिपाठी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह छात्रों, शिक्षयत्री, शोधकर्ताओं और नीति निमार्ताओं को शिक्षा में अंतर-व्यावसायिक एकीकरण की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए एक उपयुक्त मंच प्रदान करेगा। पत्रकारिता एवं संचार विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (कार्यवाहक) एवं संगोष्ठी संगोष्ठी के संयोजक डॉ. सौरभ गुप्ता ने जी-20 जनभागीदारी की अवधारणा और भारत की जी-20 अध्यक्षता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वागत भाषण दिया। पत्रकारिता एवं संचार विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं जी-20 जन भागीदारी के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदोष कुमार रथ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### प्रौद्योगिकी को एक उपकरण के रूप में अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला

प्रो. सेनापति ने शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी को एक उपकरण के रूप में अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी छात्रों के लिए सीखने के अनुभव पैदा कर सकती है और शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बना सकती है। उन्होंने शिक्षण और सीखने के एकीकरण पर विस्तार से बताया, यह बताते हुए कि एनइपी 2020 को कैसे लागू किया जाएगा और प्रौद्योगिकी इसके कार्यांवयन को कैसे प्रभावित करेगी। अतीत की शिक्षा नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने एनइपी 2020 से स्पष्ट तुलना की। इसके अलावा, जी-20 जन भागीदारी के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। प्रथमार्द्ध में जैवविविधता एवं प्रकृति संरक्षण विभाग के सहायक प्राध्यापिका डॉ. काकोली बनर्जी की देखरेख में फेस पेंटिंग, रंगोली एवं स्लोगान लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार बेहेरा की देखरेख में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**